जब मीरा शादी के बाद घर आई तो सिर्फ... पेज 12 पर


ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • आषाढ़ कृष्ण पक्ष 01 • विक्रम संवत 2080 • सोमवार, 05 जून 2023 • वर्ष-24 • अंक- 122 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00




## झारखंड में अभी और सताएगी गर्मी, फिलहाल राहत नहीं

### अगले पांच दिनों तक बढ़ेगा तापमान

### मेदिनीनगर और जमशेदपुर का तापमान जा सकता है 44 डिग्री के पार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में तपती गर्मी का दौर शुरू हो चुका है। धीरे-धीरे ही सही लेकिन अब सूरज की तपिश अपने चरम पर पहुंच रही। इसका सीधा असर अधिकतम तापमान में देखने को मिल रहा। रविवार सुबह से ही तीखी सूर्य की किरणें झुलसा रही हैं। सुबह आठ बजे से लेकर शाम चार बजे तक सड़कें सुनसान रह रही हैं। पांच बजे के बाद बाजार या सड़कों पर लोगों की चहलकदमी नजर आ रही है।



रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने रविवार को बताया कि मौसम के मिजाज में अभी किसी तरह का परिवर्तन की उम्मीद नहीं है। अगले पांच दिनों तक बढ़ते तापमान का सामना करना ही होगा। इन पांच दिनों तक आसमान साफ रहेगा। इन दिनों हवा शुष्क और गर्म हवा चलने की संभावना जताई गयी है। राजधानी रांची का तापमान फिर 41 डिग्री पार कर सकता है। मेदिनीनगर और जमशेदपुर का तापमान 44 डिग्री के पार जा सकता है। मौसम विभाग के अनुसार आनेवाले पांच दिनों में बारिश और गर्म हवा के रुख में परिवर्तन होने की संभावना कम है।

मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटे में गोड्डा सबसे गर्म जिला रहा। यहां का तापमान 43.7 डिग्री पहुंचा। राजधानी समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में गर्मी पिछले 24 घंटों की तुलना में कम रही। तापमान में करीब एक डिग्री गिरावट हुई। रांची का अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री और न्यूनतम 26.8 डिग्री रहा। मेदिनीनगर का अधिकतम तापमान 42.9 और जमशेदपुर का 41.5 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि अन्य हिस्सों में भी गर्मी की स्थिति रही। राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान केवल कोडरमा के कुछ हिस्से में बादल छाए रहे। तिलैया में 0.2 मिमी बारिश भी हुई। अन्य हिस्सों में मौसम शुष्क रहा।

अभिषेक आनंद ने बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान तिलैया में हल्की बारिश हुई लेकिन राज्य के अन्य हिस्सों में मौसम साफ और शुष्क रहा। रांची समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में आनेवाले पांच दिनों के दौरान भी गर्मी से राहत मिलने की संभावना नहीं है।

## रांची-पटना के बीच जल्द दौड़ेगी वंदे भारत, नया रूट तैयार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची से पटना के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन के जल्द दौड़ने की उम्मीद बढ़ गई है। रांची से बरकाकाना, हजारीबाग टाउन और कोडरमा होकर पटना तक चलने वाली ट्रेन के लिए बरकाकाना-रांची के बीच नया रेल रूट तैयार हो गया है।

रांची-पटना वंदे भारत ट्रेन के चलने की तारीखों में बार-बार कई कारणों से परिवर्तन होता रहा है। इसी बीच रांची से पटना के बीच चलने वाली वन्दे भारत ट्रेन को लेकर नई सूचना आई है कि ट्रेन के लिए नया रेल रूट तैयार हो चुका है और अब इसका परिचालन जल्द ही शुरू हो जाएगा। नया रूट तैयार हो जाने से रांची से बरकाकाना तक का घुमावदार सफर खत्म होगा। 63 किमी लंबी नई रेल लाइन तैयार होने से रांची से बरकाकाना तक की दूरी 46 किमी कम हो जाएगी।



जल्द ही इस रूट पर वन्दे भारत ट्रेन की सेवा शुरू कर दी जाएगी। ये ट्रेन बरकाकाना, हजारीबाग टाउन, कोडरमा होकर पटना तक जाएगी। इसके लिए नया रेल रूट बनकर तैयार हो गया है। इस नए रूट के बीच सिधवर, हेहल, दरिदाग, सांकी, झांझीटोली, हुंडूर और मेसरा स्टेशन नए स्टेशन बनाये गए हैं। हालांकि, अभी तक रेलवे की ओर से इस ट्रेन के परिचालन का तारीख की घोषणा नहीं हुई है। रांची-बरकाकाना रूट तैयार हो जाने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# रेल हादसा: झारखंड के 3 लोगों की मौत, 61 घायल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ओडिशा के बालासोर में दो जून को हुए भीषण रेल दुर्घटना में अबतक झारखंड के तीन लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। इनमें तीन की पहचान कर ली गई है। जबकि एक शव का अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। वहीं इस हादसे में झारखंड के 61 घायलों की पहचान की गई है। हालांकि मृतकों और घायलों की संख्या बढ़ सकती है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर श्रम सचिव राजेश शर्मा के नेतृत्व में अधिकारियों और चिकित्सकों की टीम ने रविवार को बालासोर में घटनास्थल का जायजा लिया और इस हादसे में झारखंड के पीड़ितों से मुलाकात कर पूरी जानकारी ली। जानकारी के अनुसार, इस दुर्घटना में झारखंड के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### श्रम सचिव ने घायलों से की मुलाकात

श्रम सचिव के नेतृत्व में बालासोर गई टीम ने रविवार को जिला अस्पताल पहुंचकर राज्य के घायलों और उनके इलाज की जानकारी ली। इसके अलावा टीम ने एनओसीसीआई बिजनेस पार्क पहुंचकर शवों के बारे में जानकारी ली। यहां मृतकों के शवों को रखा गया है। टीम ने त्वरित पहल करते हुए अस्पताल में इलाजरत गोड्डा जिले के चार घायलों को डिस्चार्ज कराकर उन्हें उनके गोड्डा स्थित आवास भेजने की व्यवस्था की। वहीं, ट्रेन हादसे में गोड्डा जिले के जिन दो यात्रियों की मौत हुई। उनके पार्थिव शरीर को भी उनके घर भेजने की व्यवस्था की गई। एक मृत यात्री की शिनाख्त करने की प्रक्रिया जारी है। सभी घायलों से निरंतर संपर्क बनाकर झारखंड सरकार हर जरूरी मदद पहुंचाने का काम रही है।

### रेलवे ने ओडिशा ट्रेन हादसे की सीबीआई जांच की सिफारिश की

**एजेंसी। बालासोर**

ओडिशा में भीषण ट्रेन हादसे को लेकर विपक्ष के निशाने पर आए रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को कहा कि रेलवे बोर्ड ने दुर्घटना की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की सिफारिश की है। यहां मीडिया से बात करते हुए वैष्णव ने कहा, परिस्थितियों और स्थिति और प्रशासन की जानकारी जो हमें मिली है, उसे ध्यान में रखते हुए आगे की पूछताछ और जांच के लिए, रेलवे बोर्ड सीबीआई जांच की सिफारिश कर रहा है। रेलमंत्री वैष्णव कांग्रेस के निशाने पर आ गए हैं, क्योंकि इसने कई रिपोर्टों और ऑडिट का हवाला देते हुए उनके इस्तीफे की मांग की है, जिसमें रेलवे की चूक को उजागर किया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी नेताओं राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और कई अन्य लोगों ने सरकार पर निशाना साधा है और शुक्रवार शाम ओडिशा के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



NEWS इन ब्रीफ

### 50 लाख रुपये मूल्य की अवैध शराब की बड़ी खेप जब्त

**हजारीबाग।** हजारीबाग के चौपारण में रविवार को 50 लाख रुपए मूल्य की अवैध शराब की बड़ी खेप जब्त की गई। थाना प्रभारी शंभू नंद ईश्वर ने बताया कि एसपी को पटना से गुप्त सूचना मिली थी कि ट्रक पीबी 13 बीएन-0352 पर अवैध अंग्रेजी शराब झारखंड ले जायी जा रही है। इसे हरियाणा से पहले बिहार लायी गई। सत्यापन के दौरान महुदी मोड़ के पास वह ट्रक दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही चालक तेजी से ट्रक को भगाने लगा, जिसे जीटी रोड स्थित सरदारपुर के पास पकड़ा गया। इसमें काफी मात्रा में 690 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब मिली। साथ ही मामले में हरियाणा पानीपत के ट्रक चालक रविंद्र कुमार पिता - गजेंद्र सिंह और करनाल निवासी मालिक अनुज कुमार पिता - राजवीर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### रांची के चार केंद्रों पर हुई जेईई की परीक्षा

**रांची।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) एडवांस की परीक्षा रविवार को रांची के चार केंद्रों पर हुई। आईआईटी गुवाहाटी की इस परीक्षा में शामिल होने के लिए देशभर से लगभग 1.95 लाख विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। रांची में जिन चार परीक्षा केंद्रों में परीक्षा हुई, उसमें आईऑन डिजिटल जोन तुपुदाना, आरटीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ओरमांझी, अरुनुमा टेक्निकल सेंटर सामलौंग और एसआरएस पार्क आईऑन डिजिटल जोन टाटीसिल्वे शामिल हैं। जेईई एडवांस की परीक्षा दो पालियों में हुई। पहली पाली की परीक्षा सुबह नौ से दिन के 12 बजे तक चली। दूसरी पाली की परीक्षा अपराह्न 2:30 से शाम 5:30 बजे तक चली। चारों केंद्रों में आयोजित इस जेईई एडवांस परीक्षा में 2768 परीक्षार्थी शामिल हुए।

### रांची में 15 जुआरी गिरफ्तार, 10 वाहन बरामद

**रांची।** पुलिस ने इटकी क्षेत्र से रविवार को जुआ के अड्डे पर छापेमारी कर 15 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी किशोर कौशल को गुप्त सूचना मिली थी कि जिले के इटकी इलाके में जुआ अड्डा का संचालन हो रहा है। इसके बाद पुलिस टीम गठित की गयी। पुलिस की टीम ने शनिवार की देर रात कार्रवाई करते हुए जुआ अड्डा पर छापा मारा। पुलिस को देखते ही जुआ खेल रहे लोग भागने लगे। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर 15 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, कई लोग अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। जुआ खेल रहे 15 लोगों पकड़ा गया है। इनके पास पुलिस ने चार लाख नकद और कई 10 वाहन को बरामद किया है। गिरफ्तार हुए सभी लोगों को पूछताछ के बाद पुलिस ने रविवार को जेल भेज दिया।

**अमन साव गैंग के मयंक का दावा**

## पूर्व विधायक योगेंद्र साव से नहीं है कोई संबंध

### रित्विक कंपनी के शरत बाबू की हत्या की जिम्मेदारी भी ली

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गैंगस्टर अमन साव गिरोह के मयंक सिंह ने दावा किया है कि हजारीबाग में रित्विक कंपनी के अधिकारी शरद बाबू की हत्या उसने करायी है। साथ ही मयंक ने कहा है कि बड़कागांव के पूर्व विधायक योगेंद्र साव का उसके गिरोह से कोई संबंध नहीं है। मयंक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि योगेंद्र साव के द्वारा मेरे बॉस यानि अमन साव के नाम का गलत तरीके से इस्तेमाल किया जाता है और इसके अलावा क्या-क्या किया जाता है इसकी जानकारी प्रशासन से लेकर बड़कागांव के जनता बहुत बेहतर जानने लगी है और इसका इलाज भी इस चुनाव में कर दिया जाएगा। वहीं, शरद बाबू हत्याकांड पर मयंक ने कहा कि हत्या का कारण क्या रहा यह रित्विक कंपनी प्रबंधन बेहतर जानती है। रांची, रामगढ़,



हजारीबाग, लातेहार, चतरा के कोल माइनिंग कंपनी के प्रबंधन, ट्रांसपोर्ट कर रही कंपनियां और उससे जुड़े संवेदक, रेलवे साइडिंग में रेक लोडिंग का काम कर रहे संवेदकों को भी मयंक ने चेतावनी दी है कि उसे हल्के में नहीं लिया जाए। चुनौती भरे अंदाज में मयंक ने कहा है कि चाहे आप बुलेट प्रूफ वाहन ले लें या एक्स आर्मी सुरक्षा गार्ड रख लें या अपने लिए सुरक्षा से जुड़े जितने भी इन्तेजाम कर लें, हम इसमें छेद कर देंगे और चाहे अधिकारी देश की किसी कोने में बैठे हैं ध्यान रहे जहां तक मेरा कॉल जाता है ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## स्नान के बाद एकांतवास में गए भगवान जगन्नाथ



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची के धुर्वा में 10 दिनों तक चलने वाले ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मेला 20 जून से शुरू होगा। इस मेले का समापन 29 जून को घूरती रथ यात्रा के साथ होगा। रथ यात्रा की तैयारी अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। इस यात्रा को लेकर पुलिस तथा प्रशासन भी इसकी तैयारियों में जुट गई है।

रांची के जगन्नाथपुर मंदिर में रविवार को भगवान जगन्नाथ के साथ उनके भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा कि सहस्त्रधारा स्नान विधि की गई। जगन्नाथपुर मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। ज्येष्ठ पूर्णिमा को भगवान जगन्नाथ को 108 घड़ों के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### लव जिहाद : अमित बनकर नाबालिग हिंदू लड़की से की शादी

**प. सिंहभूम।** जिले के चक्रधरपुर में लव जिहाद का मामला उजागर हुआ है। यहां अदनान खान ने अमित कुमार बनकर पहले हिंदू नाबालिग को प्यार के जाल में फंसाया, फिर उसे दो बार गर्भवती भी कर दिया। पहली बार उसने दवा खिलाकर गर्भपात करा दिया लेकिन वह दोबारा दो माह की गर्भवती हो गई है। जानकारी के अनुसार रेल कर्मचारी अख्तर खान के पुत्र अदनान खान रेलवे के लोको कॉलोनी में रहता है। जो ई-रिक्शा चलाता है। पीड़ित लड़की का आरोप है कि दो साल पहले मुस्लिम युवक अदनान खान ने हिंदू नाम अमित कुमार बताकर उससे दोस्ती की। इसके बाद दोनों में प्यार हो गया। इस बीच लड़की ने उसके धर्म के बारे में पूछा लेकिन उसने टालमटोल करते हुए खुद को बिहारी कहता रहा।

## नशा मुक्ति के लिए सामूहिक प्रयास व सहयोग की जरूरत : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि नशा मुक्ति अभियान की सफलता अकेले सिर्फ एक संगठन की जिम्मेदारी नहीं है, इसके लिए समाज के सभी सदस्यों के सामूहिक प्रयास व सहयोग करने की आवश्यकता है। राज्यपाल प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में हरमू रोड रांची स्थित कार्यालय में रविवार को आयोजित नशा मुक्ति अभियान के अवसर लोगों को संबोधित कर रहे थे।



उन्होंने कहा कि नशाखोरी आधुनिक समाज की सबसे ज्वलंत समस्याओं में से एक है। कई मायनों में यह लाईलाज बीमारियों से भी अधिक खतरनाक है। नशीली दवाओं के सेवन से उनका जीवन तो बर्बाद होते ही हैं, उनके परिवार को भी बहुत पीड़ा का सामना करना पड़ता है। राज्यपाल ने कहा कि मादक द्रव्यों का सेवन एक गंभीर मुद्दा है जिसने हमारे समाज को बहुत लंबे समय तक त्रस्त रखा है। इससे अनगिनत लोगों की जान गई है, व्यक्तियों, परिवारों और समाज को अपूरणीय क्षति हुई है।

उन्होंने 'नशा मुक्ति अभियान' के आयोजन ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### बिहार में गंगा नदी पर निमार्णाधीन पुल फिर गिरा

**पटना।** बिहार में सुल्तानगंज और अगुवानी के बीच गंगा नदी में निमार्णाधीन फोरलेन पुल का एक बड़ा हिस्सा रविवार की शाम नदी में भरभराकर गिर गया। इससे पहले भी यह निमार्णाधीन पुल का एक हिस्सा गिर चुका था। खगड़िया-अगुवानी-सुल्तानगंज के बीच बन रहे पुल के टूटने का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, खगड़िया के परबत्ता थाना क्षेत्र की ओर से तीन पायों पर लगा सेगमेंट भी ध्वस्त होकर गंगा नदी में गिर गया है। इस घटना को जानकारी मिलने के बाद जिला प्रशासन के अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी इस निमार्णाधीन पुल का सुपर स्ट्रक्चर नदी में गिर गया था।

**चाईबासा में महज पांच दिनों में 29 आईईडी बम बरामद**

## सुरक्षाबलों ने नाकाम की नक्सलियों की साजिश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

**रांची।** झारखंड का अति नक्सल प्रभावित जिला चाईबासा नक्सलियों का सेफ जोन बन गया था। अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए चाईबासा के एक ही इलाके में लगातार सुरक्षाबलों और पुलिस को नुकसान पहुंचाने के लिए आईईडी बम लगा रहे हैं लेकिन सुरक्षा बलों और झारखंड पुलिस ने नक्सलियों के हर मनसूबे को ध्वस्त करते हुए पांच दिनों में 29 इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बम को बरामद किया है।

### कब-कब आईईडी बरामद हुई

**04 जून :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा के गोईलकेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मारादिरी गांव से





कुईड़ा के बीच जंगली पहाड़ी क्षेत्र से पुलिस ने पांच-पांच किलो के दो आईईडी बम बरामद किया है।

**01 जून :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा के टोन्टो थाना क्षेत्र अंतर्गत तुम्बाहाका गांव जाने वाले रास्ते में सुरक्षा बलों को निशाना बनाने की साजिश को सुरक्षा बलों ने विफल कर चार आईईडी बम बरामद किया है। सभी आईईडी को डिफ्यूज कर दिया गया है। बरामद आईईडी में 50 किलो का एक, पांच किलो का एक, आठ-आठ किलो के दो विस्फोटक हैं।

**31 मई :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोन्टो थाना क्षेत्र के पटातारोब से तुम्बाहाका गांव जाने वाले रास्ते में सुरक्षा बलों को निशाना बनाने की साजिश को सुरक्षा बलों ने विफल कर दिया है। सुरक्षा बलों ने सात आईईडी बम बरामद किया है। सभी आईईडी को डिफ्यूज कर दिया गया है। बरामद आईईडी में चार-चार किलो का तीन, पांच किलो का एक, आठ-आठ किलो का तीन शामिल है।

**30 मई :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका और गोईलकेरा थाना क्षेत्र के मारादिरी, हाथीबुरू मेरालगढ़ा और छोटा कुईड़ा जंगल के आसपास से सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से नक्सलियों के लगाए गए 11 आईईडी बरामद हुआ। सभी आईईडी को उसी स्थान पर निष्क्रिय कर दिया गया गया।

**29 मई :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। सुरक्षाबलों ने पांच आईईडी को बरामद कर नष्ट कर दिया। इनमें एक 20 किलो का, एक 12 किलो का, एक 6 किलो का और दो पांच-पांच किलो के थे। सभी आईईडी को उसी स्थान पर नष्ट कर दिया गया।

इस संबंध में एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील हैं। सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से आईईडी बम लगाया जा रहा है लेकिन सुरक्षाबल लगातार अभियान चलाकर आईईडी बरामद कर नक्सलियों के कमर तोड़ने का काम कर रही है।

## जूनियर निशानेबाजी विश्व कप में भारत को मिला दूसरा गोल्ड




**एजेंसी। नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी जूनियर विश्व कप में भारत के दमदार प्रदर्शन जारी है। शनिवार को जहां, संयम सिंह ने 10 मीटर एयर पिस्टल में गोल्ड मेडल जीता था। वहीं, रविवार को अभिनव शॉ और गौतमी भनोट ने 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड इवेंट में गोल्ड मेडल जीता। दोनों ने फ्रांसीसी जोड़ी ओशिन मुलर और रोमेन को 17-7 से हराया। टूर्नामेंट में भारत का यह दूसरा गोल्ड मेडल है। बता दें कि भारतीय जोड़ी ने फ्रेंच जोड़ी के बाद दूसरे स्थान पर क्वालीफाई किया था, लेकिन फाइनल में बाजी पलट दी। भारत के नाम दो दिन के टूर्नामेंट के बाद अब विश्व कप से दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक हैं। भारत ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में क्रमशः संयम और अभिनव चौधरी, सुरुचि इंदर सिंह और शुभम बिस्ला की जोड़ी ने एक रजत और एक कांस्य पदक जीता।

### पर्यावरण दिवस के पूर्व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# पर्यावरण को बचाना हर की जिम्मेवारी : डॉ. रंजीत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष कार्यक्रम के पूर्व दिवस पर रविवारको यहां झारखंड व देश के सुप्रसिद्ध भु-विज्ञानी व राजमहल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह व केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी शाहिद रहमान ने पर्यावरण जागरूकता साइकिल रैली - तीन-पहाड़ थाना प्रभारी, साहिबगंज जिला परीषद सदस्य रंधीर सिंह, मुखिया प्ररिया पंचायत मेरीलीना टुडु, सर्किल आफिसर विशाल पांडे , राजमहल के प्रबुद्ध नागरिकों व समाजिक कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में रवाना किया। साइकिल रैली उपरांत पर क्षात्रों ने पर्यावरण पर चित्रांकन प्रतियोगिता, मिशन लाइफ पर निबंध




प्रतियोगिता व मिशन लाइफ के तहत उपस्थित शिक्षकों सामाजिक कार्यकर्ताओं, अधिकारियों और छात्र-छात्राओं द्वारा जीवन-शपथ लिया गया। छात्र छात्राओं को केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस पर जागरुकता टी-शर्ट भी भेंट किया गया। जीवन शपथ छात्रों ने केंद्रीय संचार ब्यूरो के टी-शर्ट को पहनकर लिया। इस अवसर पर बोलते हुए प्रसिद्ध भूगर्भ शास्त्री डा रंजीत कुमार सिंह जी ने कहा कि हमें पर्यावरण संरक्षण अनुरूप जिवन शैली अपनाने की आवश्यकता है। जिला परीषद सदस्य साहिबगंज श्री रंधीर सिंह जी ने कहा कि हम परीवार के स्वर्गवासी सदस्यों के नाम वृक्ष लगाएं ।यह पेड़ों को संरक्षित रखने के लिए भावनात्मक तौर? पर प्रेरित करेगा। केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी शाहिद रहमान ने कहा कि पर्यावरण बचाओ की जिम्मेदारी हम सभी लोगों के दिनचर्या का अंग होना चाहिए। विश्व पर्यावरण दिवस के पूर्व दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मौके पर तीन-पहाड़ थाना प्रभारी , साहिबगंज जिला परीषद सदस्य रंधीर सिंह, मुखिया प्ररिया पंचायत मेरीलीना टुडु, सर्किल आफिसर विशाल पांडे, जिला किसान मोर्चा के सुरेंद्र सिंह, विश्वविद्यालय सिंडिकेट सदस्य मिठुन पांडे, राजकुमार सोनी व मुर्शीद रजा आदि मौजूद रहे। स्थानीय शिक्षक प्रवीण कुमार सिंह ने कार्यक्रम को आयोजित करने व संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


### 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी शुरू

**रांची।** लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने शनिवार से तैयारी का श्रीगणेश कर दिया है। चुनाव आयोग के निर्देश पर पहले दिन राज्य के सभी उप निर्वाचन पदाधिकारी और सहायक निर्वाचन पदाधिकारियों को ना केवल चुनाव से संबंधित जानकारी दी गई बल्कि मतदाता सूची पुनरीक्षण 2024 सहित अन्य निर्वाचन कार्यो को लेकर होमवर्क भी दिया गया। झारखंड के पूर्व राज्य निर्वाचन आयुक्त और भारत निर्वाचन आयोग के सलाहकार एस डी शर्मा ने पदाधिकारियों को चुनाव कार्य से संबंधित जानकारी दी। दिनभर चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि, 2024 लोकसभा चुनाव बगैर किसी त्रुटि का संपन्न हो इसके लिए सभी उप निर्वाचन पदाधिकारी और सहायक निर्वाचन पदाधिकारी को चुनाव की बारीकियों के बारे मे जानकारी दी गई है।

# गुणवतापूर्ण शिक्षा से होगा क्षेत्र का पूर्ण विकासः अर्जुन मुंडा

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

जिले के अड़की प्रखंड के सुदूरवर्ती बिरबांकी में रविवार को जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री सह खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा, लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष पद्मभूषण कड़िया मुंडा और तामड़ के विधायक विकास मुंडा ने एकलब्य आदर्श आवासीय विद्यालय की आधारशिला रखी। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अर्जुन मुंडा ने कहा कि पूरे देश मे एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के माध्यम से तीन लाख 50 हजार विद्यार्थी एक साथ छठवीं कक्षा से अपनी पढ़ाई की शुरूआत करेंगे। अगले 18 माह में बिरबांकी का यह विद्यालय बनकर तैयार हो जाएगा। विद्यालय में नॉलेज आधारित शिक्षा के माध्यम से यह क्षेत्र रोशन होगा। इस विद्यालय में शिक्षा की ऐसी व्यवस्था होगी कि यहां के विद्यार्थी मैट्रिक और प्लस



टू में पहुंचकर ही जेईई, मेडिकल और अन्य उच्च स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। पूर्व सांसद कड़िया मुंडा ने कहा कि बिरबांकी इलाके में 20-25 वर्ष पूर्व आना बहुत मुश्किल था। यहां के लोग शहरी गततिविधियों से दूर रहते थे, लेकिन समय के साथ शिक्षा के क्षेत्र में विकास होने से इस क्षेत्र का समुचित विकास होगा। कड़िया मुंडा ने कहा कि 50 वर्ष पूर्व यहां आवासीय विद्यालय बनाने का सपना मैंने देखा था। आज यह सपना एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के नाम से सार्थक होता दिख रहा है। तमाड़ विधायक विकास मुंडा ने कहा कि शिक्षा ही एकमात्र ऐसा रास्ता है, जो क्षेत्र के अंधकार को भी दूर करता है। यह क्षेत्र पिछले 20 सालों से नक्सली गतिविधियों के लिए जाना जाता रहा, इसलिए यहां विकास के कार्य अवरुद्ध रहे। अब परिस्थितियां बदली हैं।

### रांची के झील और तालाबों की सफाई को लेकर पदयात्रा

# अधिवक्ता ने लोगों से मांगा समर्थन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी का दिल कहा जाने वाला बड़ा तालाब का पानी दूषित हो रहा है। इसको लेकर सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ा तालाब को साफ कराने के लिए याचिका दायर करने वाली अधिवक्ता खुशबू कटारिका ने रविवार को पदयात्रा निकालकर लोगों से अपील की कि बड़ा तालाब साफ करने की मुहिम में उनका साथ दें। याचिकाकर्ता खुशबू कटारिका ने बताया कि जब तक बड़ा तालाब साफ नहीं हो जाता तब तक उनका अभियान जारी रहेगा। सरकार और नगर निगम जब तक बड़ा तालाब को फिर से स्वच्छ नहीं करते तब तक इसी प्रकार से आंदोलन उनके द्वारा किया जाता रहेगा। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट की तरफ से बड़ा तालाब की सफाई को लेकर आदेश जारी




किया गया है, लेकिन उसके बावजूद निगम और जिला प्रशासन कोर्ट के आदेश का पालन करते नहीं नजर आ रहे हैं। अगर यही स्थिति बनी रही तो उनकी तरफ से अवमानना याचिका भी दायर की जाएगी। पदयात्रा का नेतृत्व कर रही खुशबू कटारिका ने बताया कि जिस प्रकार से नगर निगम और जिला प्रशासन के लोग कोर्ट के आदेश के बावजूद साफ-सफाई को लेकर गंभीर नहीं हैं, ऐसे में कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। यदि जल्द से जल्द निगम और जिला प्रशासन तालाब की सफाई को लेकर कोई कदम नहीं लेता है तो आने वाले दिनों में कंटेंप्ट ऑफ कोर्ट का मामला भी दायर किया जाएगा। पानी की स्थिति को देखने के बाद यह कहना गलत नहीं होगा कि इस तरह का पानी पीने के बाद लोगों को कई तरह की बीमारियां होने की पूर्ण संभावना है। बड़ा तालाब की सफाई के लिए वर्षों से संघर्ष कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता राजीव रंजन मिश्रा बताते हैं कि बड़ा तालाब से राजधानी के लाखों लोगों को पानी नसीब होता है। लेकिन जिस प्रकार से दिन प्रतिदिन बड़ा तालाब का पानी खराब हो रहा है। इससे आने जाने वाले लोग तो परेशान तो हैं ही, इसी के साथ आसपास के रहने वाले लोग भी त्रस्त हैं। वहीं उन्होंने बताया कि शहर के सभी बड़े नालों का गंदा पानी भी बड़ा तालाब में पहुंचता है, लेकिन इसके पानी का ट्रीटमेंट करने की व्यवस्था पूरी तरह से धरातल पर नहीं उतर पाई है। यदि जल्द से जल्द बड़ा तालाब की खराब स्थिति में सुधार नहीं किया जाएगा तो आने वाले समय में झील बचाओ अभियान समिति का आंदोलन और भी तेज होगा।

### बेड़ो में जंगली हाथी ने पॉली हाउस को रौंदा

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के हुलसी गांव में शनिवार की रात लगभग साढ़े बारह बजे एक विशालकाय जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान जंगली हाथी ने इसी गांव के किसान फगुवा उरांव पिता स्व चुमनु उरांव के खेत में लगे पॉली हाउस को रौंदकर बर्बाद कर दिया। जिससे किसान को हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। इधर घटना की सूचना पाने के बाद समाजसेवी संजय उरांव ने गांव पहुंच कर नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। आये दिन जंगली हाथी उत्पात मचा रहे हैं।फसलों को खाकर व रौंदकर तथा घरों को ध्वस्त कर रहे हैं। इधर बस्ती से कुछ कदम की दूरी से आती इनकी चिंग्घाड़ सुनकर क्षेत्र के ग्रामीण रात भर अपने-अपने घरों में दुबके रहने को मजबूर हैं।

# सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

रविवार को सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी की बैठक सुंदर कुंज मैरेज हॉल में प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो की अध्यक्षता एवं संचालन नागेश्वर महतो ने किया । बैठक में प्रखंड , पंचायत एवं बूथ स्तर में संगठन का विस्तार करने का एवं 14 जून 2023 को सिल्ली ब्लॉक परिसर के पीछे सोनाली मैरेज हॉल में होने वाले प्रखंड कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर विशेष चर्चा किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से सिल्ली प्रखंड प्रभारी मो महताब आलम, झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि अजय कुमार साहु, रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नागेन्द्र नाथ



गोस्वामी, जिला महासचिव निशिकांत गोंझु, जिला सचिव कार्तिक चन्द्र महतो, प्रखंड उपाध्यक्ष शिव चरण महतो, मनीराम दास, रसोराज लोहरा, युवा कांग्रेस विस अध्यक्ष विकास रजक, सिल्ली प. मंडल अध्यक्ष दुर्गा चरण महतो, पूर्वी मंडल अध्यक्ष हितेश बड़ाइक, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रेणुका देवी, पूर्व अध्यक्ष उर्मिला देवी, वासु महतो, पारस पातर मुंडा सहित सैकड़ों कांग्रेस जन बैठक में उपस्थित थे।

# झामुमो ने झारखंड के सपने को चकनाचूर किया : दीपक प्रकाश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को मिलन समारोह में झामुमो, कांग्रेस के सैकड़ों नेता कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थामा। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश के समक्ष झामुमो दलित मोर्चा पूर्वी सिंहभूम के जिलाध्यक्ष बलदेव भुइयां के नेतृत्व में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालों में छत्तरपुर विधानसभा क्षेत्र में झामुमो के प्रत्याशी रहे रविंद्र राजू, पूर्वी सिंहभूम कांग्रेस कमिटी के पूर्व महासचिव गणेश शंकर विद्यार्थी सहित भुईयां समाज के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे। मौके लातेहार जिला परिषद सदस्य सरोज देवी भी उपस्थित थी। स्वागत भाषण भाजपा जमशेदपुर महानगर जिलाध्यक्ष गुंजन यादवए संचालन प्रदेश मंत्री एवं जमशेदपुर जिला प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू ने व धन्यवाद ज्ञापन पटमदा




मंडल अध्यक्ष मंटू चरण दत्ता ने किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने सदस्यता ग्रहण करने वालों को पार्टी का पट्टा व फूल माला पहनाकर स्वागत किया। सुबोध सिंह गुड्डू ने 7820078200 नंबर डायल कराकर सदस्यता दिलाई। मिलन समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि झामुमो, कांग्रेस, राजद ठगबंधन दलों से आदिवासी दलित पिछड़े वर्गों का मोह भंग हो गया। इस सरकार ने लगातार जनता को छलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि झामुमो ने झारखंड के सपने को चकनाचूर किया है। उम्मीदों पर पानी फेरा है। दीपक प्रकाश ने कहा कि झामुमो कार्यकर्ताओं ने खून पसीने से पार्टी को सींचा था ताकि राज्यवासियों के सपने साकार हों, लेकिन सत्ता में आते ही यह पार्टी केवल परिवार की भलाई की चिंता करने लगी। स्वागत भाषण में जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने कहा कि बलदेव भुईयां के भाजपा में शामिल होने से कोल्हान प्रमंडल में भाजपा और मजबूत होगी। कार्यक्रम को ममता भुईयां ने भी संबोधित किया।

# घायल बजरंग गोप के हमलावरों में दो को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो थाना क्षेत्र के छापर स्थित अपने खेत में जुताई करने गए समाजसेवी बजरंग गोप के ऊपर जान से मारने के नियत से धारदार तलवार समेत अन्य हथियारों से हमला कर बजरंग गोप को गंभीर रूप से घायल कर दिए थे। जिसके बाद घायल बजरंग गोप के पिता? गोयंदा गोप ने बेड़ो थाना में हमला करने वालों में क्रमशः फुलेश्वर महतो, भीम महतो, बनेश्वर महतो, भगत महतो, बासुदेव महतो, रामे महतो, कोले महतो, अनिल महतो व सुनील महतो के खिलाफ लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग किए। इधर घटना के बाद घटना का सत्यापन व अग्रसर कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के द्वारा पुलिस उपाधीक्षक बेड़ो रजत मणिक बाखला के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पुरियो कठर टोली निवासी कांड में शामिल क्रमशः कोले महतो उर्फ कलेश्वर महतो पिता झलकु महतो व भीम महतो पिता कलेश्वर महतो को बेड़ो थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेंब्रोम समेत अन्य पुलिस के जवानों ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। जहां पुलिस के पुछताछ में कोले महतो और भीम महतो ने अपना अपराध स्वीकार किया। इसके बाद बेड़ो पुलिस ने कांड संख्या 71/23 दिनांक 02/06/2023 धारा 143/ 147/ 148/ 149/ 341, 323, 324, 326 व 307 भादवि की धारा के तहत अग्रतर कुरवाई करते हुए रांची जेल भेज दिया। इसके पूर्व रविवार की सुबह में बेड़ो की महिला और पुरुषों ने दर्जनों की संख्या में बेड़ो थाना पहुंचकर समाजसेवी बजरंग गोप के समर्थन जोरदार प्रदर्शन किया जहां महिलाओं ने पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों को ग्रामीणों के हवाले करने की मांग कर रहे थे।

# बीएयू में आयोजित कैरियर काउंसीलिंग से छात्रों में उत्साह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बीएयू में आयोजित दो दिनी रोजगार मेला सह बीएयू-उद्योग मीट के दौरान छात्रों के कैरियर काउंसीलिंग पर विशेष फोकस रहा। पहले दिन छात्र-एलुमनाई अंतरमिलन में पूर्व डीन एग्रीकल्चर डॉ. एके सरकार ने छात्रों को नित्य दिन लाइब्रेरी में प्रोफेशन एवं कैरियर सबंधी पुस्तकों का अध्ययन, प्रोफेशन विषयक विशेषकर राज्य से सबंधित समस्यायों एवं समाधान की अद्यतन जानकारी रखने पर जोर दिया। मौके पर एलुमनाई आईपीएस माणिक लाल मंडल, आईएफएस अंजना एस तिर्की तथा एसोसिएट डीन एवं पूर्व डेयरी निदेशक डॉ. एके पांडे ने भी छात्रों को कैरियर सबंधी उपयोगी टिप्स दिये और उनका उत्साहवर्धन किया। मध्यस्थता डीन एग्रीकल्चर डॉ. डीके शाही ने की। कृषि क्षेत्र के स्नातक एवं स्नातकोत्तर



विद्यार्थियों के लिए नियोजन की संभावनाएं विषयक पैनल चर्चा में इंडियाना पोलिस यूएसए के वाईस प्रेसिडेंट एसके मंगलम, एफडीआरवीसी, नई दिल्ली के को-लीड बिपिन बिहारी, मास के प्रबंध निदेशक विजय भरत एवं फेडरेशन ऑफ झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स के आदित्य मल्होत्रा ने छात्रों संग अनुभवों को साझा एवं चर्चा में भाग लिया। मध्यस्थता डीन पीजीएस डॉ. एमके गुप्ता ने की। दूसरे दिन छात्रों के संवेदीकरण कार्यक्रम में एग्रीकल्चर एलुमनाई आईएएस एवं पूर्व आयुक्त पलामू डॉ. जटाशंकर चौधरी एवं एग्रीकल्चर एलुमनाई आईएएस एवं विशेष सचिव (कृषि) प्रदीप हजारे ने छात्रों को सफलता के लिए स्वयं को जानने, चुनौतियों का सामना, सोशल मीडिया से दूरी और माता-पिता, गुरुओं व वरीय को आदर और सम्मान देने के लिए प्रेरित किया। मध्यस्थता एसोसिएट डीन डॉ. एके पांडे ने की।

**मदद** बीएयू में दो दिनी रोजगार मेला सह बीएयू उद्योग मीट का हुआ समापन

# राज्य सरकार का मिल रहा है सहयोग : कुलपति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड उद्योग जगत में कृषि विवि के विद्यार्थियों के तकनीकी काबिलियत व सेवा की आवश्यकता है। विद्यार्थियों में व्यावहारिक ज्ञान एवं अनुभव के साथ कार्यों में लचीलापन होना चाहिए। उद्योग की बाधाओं एवं समस्या समाधान में व्यावहारिक रूप से कार्य कुशल प्रोफेशनल्स आज की जरुरत है। उक्त बातें फेडरेशन ऑफ झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स (एफजेसीसी) के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने रोजगार मेला सह बीएयू- उद्योग मीट के समापन समारोह में कहीं। उन्होंने यह भी कहा कि कृषि विवि के साथ फेडरेशन कार्य में सहयोग करने को तैयार है। स्वावलंबी/उद्यमी बनने के ईच्छुक एवं स्टार्टअप में रूचि रखने वाले विद्यार्थियों को फेडरेशन सहयोग करेगा। यह मीट एक शुरूआत है। रांची स्थित फेडरेशन परिसर में विवि प्रबंधन बैठक करें और रोड मैप बताएं। फेडरेशन




राज्य के उद्योग क्षेत्र में विद्यार्थियों के इंटर्नशिप सह रोजगार में सहयोग के लिए एमओयू पर तैयार हैं। झारखंड मिल्क फेडरेशन (मेधा) प्रबंध निदेशक पवन मारवाह ने कृषि एवं संबद्ध विषयों के स्नातकों को भावी वैश्विक युवा शक्ति बताया। कहा कि कोरोनाकाल में चिकित्सा एवं कृषि क्षेत्र की महत्त्वपूर्ण भूमिका रहीं। केंद्र एवं राज्य सरकारें तथा प्राइवेट सेक्टर भी कृषि क्षेत्र में फोकस कर रही है। राज्य में मेधा कंपनी को बीएयू के डेयरी टेक्नोलॉजी एवं वेटनरी स्नातक प्रोफेशनल की नियमित जरुरत है। वेटनरी एवं डेयरी टेक्नोलॉजी स्नातकों के इंटर्नशिप सह रोजगार हेतु मेधा कंपनी जल्द ही एमओयू करेगा। अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह ने कहा कि कृषि विवि की समस्याओं के समाधान में राज्य सरकार का यथोचित सहयोग मिल रहा है। सभी विद्यार्थी आईसीएआर/कैट/जैट की विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में जरुर शामिल हों। उत्कृष्ट प्रदर्शन से अपने को साबित करें और राज्य एवं बीएयू का गौरव बढ़ाये। बेहतर सफलता के लिए सभी विद्यार्थीगण आपस में ईर्ष्या से

**उन्होंने कहा कि इस मीट के माध्यम से एक लकीर खींच दी गयी है, जिसका भावी परिणाम छात्रों के लिए काफी सुखद साबित होगा**

बचें और स्वस्थ स्पर्धा का माहौल बनाये। डीन फॉरेस्ट्री डॉ. एमएस मल्लिक ने विवि में विद्यार्थियों के गुणवत्तायुक्त शिक्षा को बढ़ावा देने में नाहेप कास्ट परियोजना के प्रयासों एवं सहयोग पर प्रकाश डाला। मौके पर प्लेसमेंट अभियान में शामिल वीरबैक, प्रदान, आर्यभट्ट, देहात, खेती, भारतीय लोक कल्याण संस्थान एवं आईएसीएफआए कंपनियों के प्रतिनिधियों ने छात्रों में तकनीकी एवं विपणन का व्यावहारिक ज्ञान, विजन एवं उर्जा की जरुरत पर जोर दिया। प्रतिनिधियों ने दो दिनों में चयनित छात्रों की सूची निर्गत करने की बात कही। यह आयोजन स्टूडेंट काउंसीलिंग एंड प्लेसमेंट सेल एवं आईसीएआर झ नाहेप परियोजना के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के ग्यारह महाविद्यालयों के अंतिम वर्ष में अध्ययनरत 350 छात्र-छात्राओं ने कुल सात कंपनियों के प्लेसमेंट अभियान में भाग लिया। मंच का संचालन डॉ नंदिनी कुमारी ने की। स्वागत भाषण में डीएसडब्लू डॉ. बीके अग्रवाल ने विवि छात्रों के लिए शुरू से ही कैरियर काउंसीलिंग की आवश्यकता जताई। धन्यवाद ज्ञापन में आयोजन सचिव डॉ बीके झा ने रोजगार मेला सह बीएयू झ उद्योग मीट की सफलता पर सबों के सहयोग का आभार जताया। इस आयोजन में कॉलेजों के प्लेसमेंट पदाधिकारी डॉ. एचसी लाल, डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. एके चक्रवर्ती, डॉ. मिंटू जॉब, डॉ. अभिजित सत्पथी, डॉ. शीबा सुप्रिया देमता, डॉ. अर्नब रॉय, डॉ. मुनमुन सेन, डॉ. गुलशन कुमार एवं डॉ. जय प्रकाश का उल्लेखनीय योगदान रहा।

### पत्रकार के पिता का निधन क्षेत्र में शोक की लहर

**बेड़ो।** बेड़ो दैनिक अखबार के स्थानीय पत्रकार केदार महतो के पिता 89 वर्षीय नागेश्वर महतो उर्फ चरका महतो का लंबी बीमारी के बाद शनिवार रात अपने पैतृक निवास पाकलमेढ़ी में लगभग ग्यारह बजे निधन हो गया। इनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। दिवंगत अपने पीछे दो पुत्र केदार महतो व देवेन्द्र महतो सहित पूरा भरा पूरा परिवार पीछे छोड़ गए। इनका अंतिम संस्कार रविवार को पाकलमेढ़ी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जहां इनके छोटे बेटे ने मुखाग्नी दी। इनके अंतिम संस्कार में पूर्व निदेशक प्रमुख डा प्रवीण चंद्र हिंदू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री वाणी कुमार राय,भीखा उरांव आजसू नेता नवदीप महतो,विश्वनाथ गोप भाजपा मंडल महामंत्री बलराम सिंह,राजेश साहू,अशोक बैठा,जोहर पार्टी के विजय महतो,रमेश महतो पत्रकार सुनील गुप्ता, तबरेज अंसारी,शिव शंकर कुमार, श्रीमंत चटर्जी, कमलेश केशरी,प्रदीप महतो, उज्ज्वल गुप्ता, नंद लाल महतो, पीताम्बर महतो, वासुदेव महतो सहित कई लोग शामिल थे।

# बिजली दर व फिक्स चार्ज में वृद्धि गलत असहनीय : लंबोदर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने बिजली दर और फिक्स चार्ज में की गई वृद्धि को जनहित के विरुद्ध करार दिया है। उन्होंने कहा है कि राज्य भर में बिजली कटौती से लोग परेशान हैं बावजूद इसके बिजली दर में वृद्धि कर लोगों को जोर का झटका दिया गया है। बिजली महंगी हो गई है।उन्होंने कहा कि शहर हो या ग्रामीण क्षेत्र दिन हो या रात हर घंटे बिजली कटती है भीषण गर्मी में यह असहनीय हो जाती है। लोगों को निर्बाध रूप से बिजली नहीं मिल पा रहा है। बिजली कटने से लोगों को रतजगा करना पड़ रहा है। इससे लोगों के दिनचर्या पर बुरा असर पड़ रहा है। कई स्थानों पर बिजली के नाम पर लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। लो वोल्टेज की वजह से पंखा चल नहीं रहा है और जलापूर्ति भी नहीं हो रही है। कहीं-कहीं तो तकनीकी खराबी आने पर मेंटेनेंस के नाम पर अलग से बिजली कटौती की जा रही है।



ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था की स्थिति खराब है। इस भीषण गर्मी में बिजली की कटौती से आम लोगों का जीना दुर्लभ हो गया है। लोग जहां बेहाल हैं वहीं उद्योग धंधे भी प्रभावित हो रहे हैं। बिजली की आंख मिचौली के बीच ट्रांसफार्मर जलने की शिकायत भी आ रही है। जल संकट भी बना हुआ है। बिजली आपूर्ति नहीं होने से गांव के किसान खेतों में पानी नहीं पटा पा रहे हैं। फसल को नुकसान हो रहा है। शहरों में भी सुचारू रूप से जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। पंखा हिलाकर गर्मी को भगाने में लगे हुए हैं।

### पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए लगाए जाएंगे एक लाख पेड़, तैयारियां पूरी

# नगर आयुक्त ने अधिकारियों को दिये कई निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर राजधानी रांची में भी लोगों को जागरूक करने के लिए नगर निगम, जिला प्रशासन और वन विभाग की तरफ से पूरी तैयारी कर ली गई है। इसके तहत जिला प्रशासन और वन विभाग की ओर से कई तरह के कार्यक्रम के आयोजन किए गए हैं तो वहीं नगर निगम की तरफ से राजधानी के पर्यावरण और आबोहवा को स्वच्छ रखने के लिए निगम क्षेत्र में रहने वाले लोगों के बीच पेड़ वितरण कर हर जगह पेड़ लगाने की बात कही जा रही है। रांची के सुंदर वातावरण को फिर से पहले जैसा करने के लिए नगर निगम की तरफ से निगम क्षेत्र में एक लाख पेड़ लगाए जाएंगे, जिसकी निगरानी निगम के कर्मचारियों और




पदाधिकारियों की तरफ से समय समय पर की जाएगी। रांची नगर निगम के उप प्रशासक कुंवर सिंह पाहन बताते हैं कि कुछ वर्ष पहले कि बात करें तो रांची में लोगों को गर्मी का एहसास नहीं होता था। प्रतिदिन झमाझम बारिश होती थी लेकिन वर्तमान समय में रांची का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहता है। उन्होंने बताया कि इसका मुख्य कारण यह है कि राजधानी बनने के बाद रांची में आबादी और वाहनों की संख्या में कई गुणा वृद्धि हुई है। बाहर से आने वाले लोग जब राजधानी में रहने लगे तो यहां पर उन्होंने अपने लिए पक्के मकान भी

**कुछ वर्ष पहले कि बात करें तो रांची में लोगों को गर्मी का एहसास नहीं होता था। प्रतिदिन झमाझम बारिश होती थी लेकिन वर्तमान समय में रांची का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहता है**

बनाना शुरू किया। ऐसे में पेड़-पौधों की अंधाधुंध कटाई करनी पड़ी, जिस वजह से अब वातावरण गर्म हो रहा है, खासकर गर्मी के मौसम में लोगों को विशेष परेशानी झेलनी पड़ रही है। पेड़ लगाने के तीन साल बाद तक किया जाएगा देखभालः उपनगर आयुक्त ने बताया कि निगम क्षेत्र में जो भी पेड़ लगाए जाएंगे। उन सभी पेड़ों का निरीक्षण निगम के अधिकारी समय-समय पर करेंगे। पेड़ लगाने के तीन साल बाद तक उनका निरीक्षण किया जाना अनिवार्य होगा। लगाए गए सभी पेड़ों में जीपीएस मशीन भी लगेगी, जिसके माध्यम से निगम के अधिकारी पेड़ों की स्थिति को समय समय पर जानते रहेंगे। इसके अलावा रांची के जलस्त्रोत और ग्राउंड वाटर के लेवल को ऊपर लाने और उन्हें बेहतर करने के लिए भी पेड़ लगाने की घोर आवश्यकता है। कुंवर सिंह पाहन ने बताया कि वर्तमान में जो राजधानी की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में निगम क्षेत्र में रहने वाले लोगों को गर्मी का मौसम आते ही पानी के लिए जद्दोजहद करना पड़ता है।

# ट्रैफिक पुलिस ने 2018 से 2023 तक पांच लाख 82 हजार 351 रुपये का काटे चालान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में ट्रैफिक पुलिस नियमों का पालन कराने के लिए वर्ष 2023 एक जनवरी से लेकर मई तक बिना हेलमेट के 3375 लोगों का चालान काटा है। साथ ही ट्रिपल राडडिंग के उल्लंघन में 2622 चालान काटे गये है। इसी प्रकार वर्ष 2018 में बिना हेलमेट पहने बाइक चलाने, बाइक पर ट्रिपल राडडिंग करने, सीट बेल्ट नहीं लगाने, बिना लाइसेंस के वाहन चलाने सहित अन्य ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने पर 93186 चालान काटे गये है। वर्ष 2019 में 158383, वर्ष 2020 में 154533, वर्ष 2021 में 77446, वर्ष 2022 में 75279 और वर्ष 2023 में मई तक 23524 चालान काटे गये है। वर्ष 2018 से वर्ष 2023 मई तक कुल पांच लाख 82 हजार 351 चालान ट्रैफिक पुलिस की ओर से काटे गये हैं। ट्रैफिक एसपी हारिस बिन जमां ने रविवार को बताया कि लोगों को ट्रैफिक नियम के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसके बावजूद लोग ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। इसलिए चालान काटा जा रहा है, जिससे लोग ट्रैफिक नियम के प्रति जागरूक हो सकें।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर बिजली विभाग के कार्यालय परिसर में किया गया पौधरोपण

# ऊर्जा पार्क का किया जाएगा निर्माण: मनीष

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिजली विभाग के डायरेक्टर मनीष कुमार के नेतृत्व में रविवार को पूरे झारखंड में विश्व पर्यावरण दिवस पर महाअभियान चलाते हुए सभी कार्यालय परिसरों एवं ग्रिड में लगभग 10,000 पेड़ों का पौधा रोपण किया गया। साथ ही साथ सभी कार्यालय परिसरों की साफ-सफाई के साथ रंग रोगन का भी कार्य किया गया। इस कार्य को प्रत्येक ऑफिस में पदाधिकारी कर्मी एवं सभी स्टाफ ने एक साथ मिलकर किया। 1 दिन में किसी भी विभाग के द्वारा इसने बृहद पैमाने पर पौधारोपण करना यह एक कीर्तिमान है। सभी एरिया बोर्ड में जीएम एडीजीएम, सहित ऑफिस कर्मी एवं फील्ड कर्मी के द्वारा मिलकर इस कार्य को बखूबी किया गया। कुमार ने बताया कि हम लोग प्रत्येक कार्यालय परिसर में ऊर्जा पार्क का निर्माण कराना चाह रहे हैं। साथ ही साथ प्रत्येक कार्यालय को




इको फ्रेंडली एवं हरा भरा बनाने का भी प्रयास शुरू कर दिया गया। इस वर्ष के अंत तक 50,000 से अधिक पेड़ों को लगाने का लक्ष्य है साथ ही साथ सभी कार्यालयों को पीपल फ्रेंडली बनाने की भी कोशिश की जा रही है जिससे लोगों को किसी तरह की कोई तकलीफ ना हो। इसके लिए सभी जगह शेड का निर्माण, वाटर फिल्टर, टोकन सिस्टम इत्यादि चालू कराए जा रहे हैं। सुबह से ही सभी कार्यालयों में लोगों ने झाड़ियां इत्यादि अपने हाथों से हटाए। इसी क्रम में कुमार रांची के अनेकों कार्यालय में पहुंचे जहां उन्होंने कार्यालय का भी निरीक्षण किया। हरमू कार्यालय में उन्होंने रोकड़ पंजी को संधारण करने की आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। साथ ही साथ एटीपी मशीन को भी ऐसे जगह पर लगाने का निर्देश दिया, जिससे लोगों को बिजली भुगतान करने में आसानी हो। इसके बाद उन्होंने वहां पर श्रमदान करके कार्यालय के परिसर को साफ सुथरा किया और अंत में पौधारोपण भी किया। इसके उपरांत कुसई में स्थित अमरावती पीएसएस में पौधारोपण कर वहां के उपकरणों की जांच की तथा किसी प्रकार की लोडशेडिंग ना करने की भी निर्देश दिए गए।

### शहीद लांस नायक राजकुमार महतो के शहादत दिवस पर क्रॉस कंट्री दौड़ आयोजित

**अनगड़ा।** शहीद लांस नायक राजकुमार महतो का 19वां शहादत दिवस रविवार को मासू, मंझिलाटोली में मनाया गया। मौके पर मासू पतरा खेल मैदान का नामकरण शहीद राजकुमार महतो के नाम से किया गया। अतिथियों ने क्रास कंट्री दौड़ के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। शहीद की प्रतिमा पर पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा, अनुराधा मुंडा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश किरण महतो, कुरमी विकास परिषद के अध्यक्ष रणधीर चौधरी, रामनाथ महतो, पंचायत समिति सदस्य मदरा मुंडा, मुखिया कविता देवी, पारसनाथ उरांव आदि ने माल्यार्पण किया।

# मुफसिल में पहाड़ पर मजे कर रहा दाहू, डीजीपी लें संज्ञान : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि साहेबगंज में एक हजार करोड़ रुपये के खनन घोटाले का प्रमुख अभियुक्त दाहू यादव महीनों से झारखंड पुलिस की नजर में फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है जबकि वह मुफसिल थाना के पहाड़ पर भारी संख्या में हथियारबंद लोगों के साथ मजे से रह रहा है। गैंग्स ऑफ साहिबगंज का नामी अपराधी है दाहू यादव। उन्होंने



रविवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में लिखा है कि वहां की पुलिस को सब पता है कि दाहू यादव कहां है लेकिन उसे गिरफ्तार करने की बजाय पुलिस कुर्की जब्ती के नाम पर खाना पूर्ति कर अपना काम पूरा समझ ली है। मरांडी ने लिखा है कि साहिबगंज पुलिस और प्रशासन के लोग यह जानते हैं कि दाहू मुफसिल थाना के पहाड़ पर भारी संख्या में हथियारबंद लोगों के साथ मजे से रह रहा है। लोगों से मिलता-जुलता है। अब तो वह ईडी के गवाहों को बंदूक के बल पर डरा रहा है। फिर भी उसको पकड़ने से कौन रोक रहा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि पुलिस की सुरक्षा में उसे इस पहाड़ से उस पहाड़ पहुंचाया जा रहा है।

# पंचायती राज संस्थाओं का ऑनलाइन ऑडिट आज से

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के पंचायती राज संस्थाओं का शत-प्रतिशत ऑडिट का काम पांच जून से प्रारंभ होगा। वित्तीय वर्ष 2021-22 का यह ऑडिट किया जायेगा। इस बार ऑडिट का सारा कार्य ऑनलाइन माध्यम से ही किया जायेगा। भारत सरकार के निर्देशानुसार ऐसा किया जा रहा है। अंकेक्षण विभाग द्वारा निर्देशित सीए फर्म एवं स्थानीय निकाय संपरीक्षा निदेशालय, डीएलएफए की ओर से किया जायेगा। इसके लिए ऑडिट ऑनलाइन के माध्यम से अंकेक्षण कार्यक्रम पांच जून से शुरू होगा। पंचायती राज विभाग ने सभी उपविकास आयुक्त, जिला परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया है और ऑडिट ऑनलाइन में लॉगिन के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है। विभाग ने पंचायती विभाग के दो अधिकारियों को भी इसके लिए नामित किया है, जो ऑडिट कार्य में सहयोग करेंगे। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को ऑडिट के लिए तैयार रहने




को कहा गया है। त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में विकास के लिए जो राशि दी गयी है वह कहां खर्च हुए, कार्य कितने हुए इत्यादि कई विषयों पर अंकेक्षण किया जायेगा। बैंक खातों की पूरी विवरणी ली जायेगी। सही व्यक्ति के खाता में पैसे का भुगतान हुआ है कि नहीं, यह भी देखा जायेगा।

### शास्त्री क्लब ओरमांझी ने जीता रात्रि क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब

**रांची।** एसएस प्लस टू स्कूल मैदान में शास्त्री क्लब द्वारा आयोजित चार दिनी रात्रि क्रिकेट प्रतियोगिता शनिवार की रात संपन्न हुई। इरबा को सात विकेट से हराकर लालबहादुर शास्त्री क्लब ने खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी शामिल हुए। मैन ऑफ द सीरीज और मैन ऑफ द मैच शास्त्री क्लब का राहुल कुमार रहा, जिसे एलडी टीवी दिया गया। फाइनल मैच के विजेता को 31 हजार रुपये और कप, उपविजेता इरबा की टीम को 21 हजार रुपये और कप पुरस्कार स्वरूप मिला। टॉस जीतकर इरबा की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित आठ ओवर में सात विकेट खोकर 28 रन बनाए। वहीं शास्त्री क्लब की टीम ने तीन ओवर में तीन विकेट खोकर मैच जीत लिया।

### मजबूती | निगम के प्रत्येक वार्ड में खोला जाएगा अर्बन हेल्थ वेलनेस सेंटर

# गरीब लोगों को मिलेगा स्वास्थ्य लाभ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी में स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जिला प्रशासन, राज्य सरकार और नगर निगम की तरफ से आए दिन कुछ न कुछ प्रयास किए जाते हैं। इसी कड़ी में नगर निगम की तरफ से राजधानी में स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए अर्बन हेल्थ वैलनेस सेंटर खोला गया है। जिसके अंतर्गत शहर के दूरदराज इलाकों में स्वास्थ्य केंद्र खोले जा रहे हैं। जहां पर प्रारंभिक बीमारियों के उपचार लोगों को मिल पाएंगे। नगर निगम के उप प्रशासक कुंवर सिंह पाहन ने बताया कि अर्बन हेल्थ वेलनेस सेंटर व्यवस्था निगम की तरफ से हाल-फिलहाल में शुरू की गई है। आने वाले दिनों में इस नई व्यवस्था को और भी विस्तार से लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल राजधानी में पांच उपकेंद्र खोले गए हैं। जो आने वाले दिनों में लोगों को स्वास्थ्य लाभ देने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे।



उप प्रशासक ने बताया कि आने वाले दिनों में राजधानी के सभी वार्डों में यह व्यवस्था लागू की जाएगी। मोहल्ला क्लिनिक से ज्यादा लाभकारीः नगर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन बताया कि अटल मोहल्ला क्लिनिक और अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर दोनों को अलग अलग तरह से संचालित किए जा रहे हैं। जिन क्षेत्रों में पूर्व से ही अटल मोहल्ला क्लिनिक संचालित हो रही है, उन क्षेत्रों में फिलहाल अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर नहीं खोले जाएंगे। यदि किसी वार्ड में दोनों केंद्रों को खोलने की आवश्यकता होती है तो उसमें यह ख्याल रखा जाएगा कि अटल मोहल्ला क्लिनिक और अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के बीच दूरी जरूर हो ताकि ज्यादा से ज्यादा आबादी को स्वास्थ्य लाभ मुहैया कराया जा सके। ईटीवी भारत की पड़ताल में सेंटर पर सुविधाएं मौजूद दिखीं। डॉक्टर, नर्स, मेडिकल स्टाफ और दवाइयां उपलब्ध करा दी गई हैं। स्थानीय लोगों ने भी बताया कि यह सेंटर खोलने से वार्ड के करीब पच्चीस से तीस हजार की आबादी को इसका सीधा लाभ मिल पाएगा। लोगों ने बताया कि कई बार छोटी-मोटी बीमारियों को लेकर शहर तक जाने के लिए लोगों को जद्दोजहद करना पड़ता है।

LiFE
Lifestyle for Environment


सी. पी. राधाकृष्णन
राज्यपाल, झारखण्ड


हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड



विश्व पर्यावरण दिवस
5 जून, 2023

संदेश

विश्व पर्यावरण दिवस हमें पर्यावरण प्रदूषण के प्रति जागरुक करने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण के प्रति सभी लोगों को सहभागी बनाने हेतु एक महत्वपूर्ण दिन है।

समस्त ब्रह्माण्ड में हमारी पृथ्वी ही एक मात्र ग्रह है जहाँ जीवन सम्भव है अत: इसे इस रूप में बनाये रखना कि यह हमारी आने वाली पीढ़ियों का भी सतत पोषण कर सके यह हम सभी का दायित्व है। पिछले कुछ दशकों में मानवीय क्रियाकलापों के कारण हमारे वातावरण को अपूरणीय क्षति हुई है। इस क्षति की भरपाई पर्यावरण अनुकुल जीवन शैली अपनाकर ही की जा सकती है।

आइये झारखण्ड की सांस्कृतिक विरासत और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े आदिवासी जीवन मूल्यों को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लेकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें।

PR No. 299156 (Forest, Environment and Climate Changes) 2023-24

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार

## NEWS इन ब्रीफ

### सीएमएम पर संवेदकों को ब्लैकमेल करने का आरोप

**रांची।** झारखंड सरकार के नगर विकास विभाग के अवर सचिव राज कुमार ने रांची नगर निगम के नगर आयुक्त को पत्र प्रेषित कर निगम में सिटी मिशन मैनेजर (सीएमएम) के पद पर कार्यरत चंदन कुमार के विरुद्ध प्राप्त शिकायत पत्र के आलोक में जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। अवर सचिव ने इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग से प्राप्त आवेदन में उल्लिखित बिंदुओं की जांच कर कृत कार्रवाई से अवगत कराने का भी निर्देश दिया है। इस संदर्भ में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग को राकेश चौधरी द्वारा प्रेषित आवेदन पत्र, पत्रांक 790, दिनांकः 21.4. 2023 को संलग्न कर चंदन कुमार के खिलाफ कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है।

### निःशुल्क ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर शुरू,11 जून को समापन

**रांची।** झारखंड वॉलीबॉल संघ की ओर से 4 जून से 11 जून तक सभी जिलों में ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है। रांची जिला वॉलीबॉल संघ द्वारा 4 जून से 11 जून तक मारवाड़ी युवक व्यायामशाला और रांची विश्वविद्यालय के मैदान में ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ किया गया। जिसमें रांची विश्वविद्यालय स्थित मैदान में संजय ठाकुर व विश्वजीत नंदी के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं मारवाड़ी युवक व्यायामशाला में देवनाथ यादव, मनीष तिग्गा, सौरव कुमार, शुभम कुमार, आनंद सिंह प्रशिक्षक की भूमिका निभा रहे हैं। रांची में ये शिविर निःशुल्क आयोजित की जा रही है। सभी जगहों पर खिलाड़ियों के रिफ्रशमेंट की भी व्यवस्था की गई है।

### रातू पार्क एनएच-75 के पास सड़क हादसा

**रातू।** थाना क्षेत्र अंतर्गत इतवार बाजार मोड़ के पास दो वाहनों के टक्कर में पांच लोग घायल हो गये। घटना रविवार की शाम 3 बजे की है। वाहनों में एको कार जेच 01 सीके 6660 और एक पिकप जेच 03पी-6655) शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पिकअप वेन बालुमाथ से राँची की ओर तेज गति से आ रही थी। तभी रातू से झखराटांड की ओर जा रही एको वैन आपस में टकरा कर क्षतिग्रस्त हो गए। वाहनों के टक्कर के बाद सड़क में खड़े दो ऑटो भी इसके चेपेट में आ गये। हादसे में पिकअप और एको कार में बैठे लोगो को चोट आई है। एको में सवार रोहित साहू पत्नी दीपिका के साथ 2 बच्चे थे। रोहित साहू को हल्की चोट उनकी पत्नी दीपिका के पैर व उसके छः माह का हाथ टूट गया।

### संत कबीरदास जयंती व देव स्नान पूर्णिमा पर भंडारे का आयोजन

# 1400 श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के द्वारा संचालित रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एवं धार्मिक संस्था एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 51 वर्ष पुरे होने एवं संत कबीरदास जयंती और देव स्नान पुर्णिमा के उपलक्ष्य में रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर(मंगल, राधिका सदानंद सेवा धाम आश्रम) के प्रांगण मे संस्था के सक्रिय सदस्यों और उनके परिवार के सौजन्य से 90 वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण श्री कृष्ण प्रणामी संस्था के आज के भंडारे के संयोजक ओमप्रकाश सरावगी, सह संयोजक पवन पोद्दार पुर्णमल सर्राफ विष्णु सोनी के द्वारा वहाँ के जरूरतमंद ग्रामीणों एवं मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओ ने मंदिर परिसर मे आये हुए भक्त प्रेमीयो,राहगीरों एवं बच्चों के बीच 90 वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का विधिवत उद्घाटन कर वितरण कार्य शुरू किया गया। आज संस्था के सदस्यो ने श्री राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) एव गुरू महाराज की फोटो पर चंदन वंदन कर वहा उपस्थित 05 पुरोहितो के द्वारा विधी विधान से विधिवत भगवान के दरबार मे पुजा,आरती कर महिलाओ और पुरूष संस्था के सदस्यों एवं पुजा आरती में उपस्थित श्रद्धालुओ को चंदन का टिका कर के भजन संकीर्तन कर आज के 90 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण शुरू किया। आज के भंडारे मे संस्था ने पुड़ी,भेजिटेबल पुलाव,आलु,कद्दू चना टमाटर मिश्रित सब्जी,केसरीया खीर, जलजीरा का शर्बत आये हुए प्रत्येक श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया। रविवार सुबह से ही पड रही भीषण गर्मी में भी भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रद्धालुओं का उत्साह बना हुआ था उत्साह में कोई कमी नही थी। दोपहर 11 बजे से ही मंदिर परिसर मे श्रद्धालुओं का प्रसाद ग्रहण करने के लिए आना शुरू हो गया था।



## गोड्डा के लोगों को नहीं मिल रही बिजली

**नवीन मेल संवाददाता। गोड्डा**

गोड्डा में गर्मी चरम पर है। यहां का तापमान बढ़ने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी तरह इस भीषण गर्मी लोगों को सुचारू ढंग से बिजली भी मुहैया नहीं हो पा रही है। इसी बीच झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने जहां एक ओर गोड्डा की बिजली दुरुस्त करने का आश्वासन दिया है। इसके लिए प्रशासन को निर्देश भी दिए गए है। मंत्री ने कहा कि अडानी पावल प्लांट होते हुए भी गोड्डा के लोगों को बिजली की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। कहा कि जब गोड्डा में बिजली की किल्लत है तो फि अडानी कि बिजली क्यों नहीं ली जाती है? कहा कि अडानी पावर प्लांट के अनुसार गोड्डा में उत्पादित बिजली का कुल 25 प्रतिशत बिजली झारखंड को दिया जाना है। अब पेच ये है कि गोड्डा में कुल 1600 मेगावाट बिजली का उत्पादन



शुरू होना है। जिसमे से फिलहाल 800 मेगावाट का उत्पादन और सप्लाई बांग्लादेश को की जा रही है। इस लिहाज से फिलहाल 100 और बाद में 200 मेगावाट बिजली झारखंड को मिलनी है। मंत्री ने कहा कि एग्रीमेंट में ये जिक्र नहीं है कि गोड्डा से उत्पादित बिजली राज्य को मिलनी है, क्योंकि गोड्डा की सारी बिजली बांग्लादेश को जाएगी और झारखंड को अन्य स्त्रोत से बिजली दी जाएगी। मंत्री आलमगीर आलम आलम का कहना है कि गोड्डा की बिजली पंजाब से क्यों ले? इससे तो हमारा खर्च बढ़ेगा और बिजली की आपूर्ति अव्यवस्थित होगी। राज्य सरकार का तर्क है कि अगर बिजली अन्य स्त्रोत से सस्ती मिलेगी तो अडानी से बिजली क्यो ले।

### कालाजार उन्मूलन के लक्ष्य को हासिल करने में झारखंड ने किया बेहतर प्रदर्शन

# रात्रि चौपाल कारगर माध्यम

**सुमित कुमार, रांची**


झारखंड में कालाजार उन्मूलन के लिए स्वास्थ्य विभाग व विभिन्न सहयोगी संस्थाओं द्वारा व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। कालाजार एक वेक्टर बोर्न डिजिज है। जिससे राज्य के संताल परगना क्षेत्र के चार जिले पाकुड़, दुमका, साहिबगंज और गोड्डा प्रभावित हैं। वेक्टर बोर्न डिजिज के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार सिंह के अनुसार, राज्य के चार जिले में कालाजार के मामले मिलते हैं, जिसमें पाकुड़ जिले में सर्वाधिक केस पाए जाते हैं। हालांकि वहां भी अब इस बीमारी पर काफी नियंत्रण पाया जा चुका है और सिर्फ लिट्टीपाड़ा प्रखंड में प्रति दस हजार पर एक केस अभी भी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कालाजार उन्मूलन के लिए पाकुड़ जिला प्रशासन ने एक अच्छी पहल की है कि कोई भी रूरल मेडिकल प्रैक्टिशनर एक सप्ताह से अधिक बुखार वाले मरीजों को हर हाल में अस्पताल में इलाज के लिए रेफर करेगा या इसकी सूचना देगा। उन्होंने कहा कि घरों में बालू मक्खी न पनपे इसके लिए साल में दो बार स्प्रे कराया जाता है। साथ ही बुखार वाले लोगों की जांच के लिए अभियान चलाया जाता हैए जिसमें न सिर्फ कालाजार, बल्कि मलेरिया आदि के मरीज भी पहचान में आते हैं। वहींए पाकुड़ में वेक्टर बोर्न डिजिज के नोडल ऑफिसर के रूप में तैनात डॉ अमित ने कहा कि हमलोग लगातार जिले में कालाजार को लेकर रात्रि चौपाल चला रहे हैं। जिससे लोगों में इस बीमारी को लेकर जागरूकता आ रही है। साथ ही तीन से चार बार कालाजार मरीजों की पहचान के लिए एक्टिव सर्च अभियान भी चलाया जाता है। जिसका परिणाम है कि पाकुड़, पाकुड़िया, महेशपुर जैसे प्रखंडों में मामले में कमी आयी है। स्वास्थ्य कर्मियों के अनुसार, वीडियो दिखाने से ग्रामीणों पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ता है और वे आसानी से इस बीमारी के बारे में समझ पाते हैं। कालाजार उन्मूलन के लिए समुदाय के प्रमुख लोगों का भी सहयोग लिया जाता है और उनके माध्यम से ग्रामीणों तक इससे जुड़ी बातें पहुंचाने की कोशिश की जाती है।



### आज हम पूरी दुनिया को टीके दे रहे हैः काशीनाथ महतो

**खूंटी।** भाजपा के जिला कार्यालय में जिला आईटी संयोजक गुलाब महतो की अध्यक्षता में रविवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा नौ वर्षों में किए गए विकास कार्यों को जन-जन तक सोशल मीडिया के माध्यम से पहुंचने के उद्देश्य से किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो ने कहा कि भाजपा सरकार विकास के कई ऐसे कार्य किये हैं, जो बेमिसाल हैं। जन धन खाता हर गरीब के लिए खोला गया, जिसमें सरकार सीधे गरीबों के खाते में पैसा भेजने का काम किया। महतो ने कहा कि भारत वह दिन नहीं भूल पाया है, जब यह कहा जाता था कि हम तो दिल्ली से एक भेजते हैं, लेकिन गरीबों तक सिर्फ 15 पैसे पहुंचते हैं।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से मिले संजय लाल पासवान और जयशंकर पाठक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर से रविवार को नवनियुक्त आवासीय बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान और हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक ने मुलाकात की। सभी ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को गुलदस्ता देकर आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि बोर्ड निगम का गठन प्रदेश नेतृत्व की मजबूती और सरकार से बेहतर संबंध का परिणाम है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने नवनियुक्त अध्यक्षों एवं सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी लोग अनुभवी हैं। मुझे पूरी उम्मीद है कि ईमानदारी पूर्वक आप सभी लोग अपने कार्यों का निर्वहन करेंगे। इस दौरान नवनियुक्त सदस्य राकेश सिन्हा भी मौजूद थे।

## सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण मोदी का लक्ष्यः नीलकंठ

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

केंद्र सरकार द्वारा किए गए जन कल्याणकारी कार्यों के योजना स्थल पर महा जनसंपर्क अभियान के तहत रविवार को मुरहू प्रखंड की बिचना पंचायत के गम्हरिया गांव में बन रहे एकलव्य मॉडल स्कूल के समीप विकास तीर्थ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खूंटी के विधायक और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। विधायक ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा नौ वर्षों के कार्यकाल में किए गए बेमिसाल जन कल्याणकारी कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण प्रधानमंत्री मोदी का सबसे बड़ा लक्ष्य है। सरकारी योजना का लाभ सभी वर्गों के मिले। साथ ही समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे, इस दूरगामी सोच के साथ मोदी सरकार कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं ने विधायक से पानी की समस्या के समाधान का आग्रह किया। इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए विधायक ने हैंडपंप लगाने की अनुशंसा विधायक मद से की। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा कियान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो, जिला सोशल मीडिया प्रभारी रुपेश जायसवाल, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुमेश्वर गोप, विजय राम के अलावा काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।



### बेड़ो लैम्पस से हुई धान बीज वितरण की शुरूआत

**बेड़ो।** बेड़ो गुमला रोड स्थित लैम्पस में शनिवार को 50 प्रतिशत सब्सिडाइज्ड धान के बीज का वितरण शुरूआत किया गया। अनुदान वाले धान के बीज वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद समीर उरांव व पूर्व विधायक सह भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजुर जिप सदस्य पार्वती कुमारी ने विधिवत नारियल फोड़ कर व फीता काट कर किया। मौके पर समीर उरांव ने कहा कि देश एवं राज्य के विकास में किसानों की अहम भूमिका होती है। इसलिए किसानों के बीच आइआर-64 व डीआरआरएच- 2 व 3 बीज का वितरण पचास प्रतिशत अनुदान पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को खरीफ मौसम से पूर्व ही हाइब्रिड धान बीज मिलने से खेती करने में फायदा मिलेगा। वही गंगोत्री कुजुर ने किसानों से आह्वान किया की वे कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाएं।

## मन्नत पूरी होने पर भोलेनाथ का आभार व्यक्त करने त्रिपुरा से तोरपा पहुंचा दंपती

**नवीन मेल संवाददाता। खूटी**

बाबा नागेश्वर धाम में भोलेनाथ से मांगी गई मन्नत पूरी होने पर त्रिपुरा के रहने वाले दंपति रविवार को भोलेनाथ का आभार व्यक्त करने तोरपा के पतरायुर पहुंचा। मूल रूप से तोरपा के कुम्हार टोली निवासी राजेश महतो और उनकी पत्नी कल्पना देवी, जो मूल रूप से त्रिपुरा की रहनेवाली हैं। कुछ माह पहले तोरपा के पतरायुर स्थित बाबा नागेश्वर धाम में मन्नत मांगी थी। कल्पना ने बताया कि उनकी छोटी बहन की शादी में बार-बार बाधा आ रही थी। उम्र भी बढ़ती जा रही थी, ऐसे में कल्पना ने नागेश्वर धाम जाकर भोलेनाथ से अपनी बहन की शादी की मन्नत मांगी। कुछ महीनों के बाद ही उसकी बहन की शादी हो गई। इसका आभार व्यक्त करने और पूजा-अर्चना के लिए कल्पना अपने पति और पूरे परिवार के साथ नागेश्वर धाम पहुंची।



राजेश महतो त्रिपुरा में सरकारी स्टेट रायफल में नौकरी करते हैं। बाबा नागेश्वर धाम के मुख्य पुजारी नारायण दास कहते हैं कि बाबा भोलेनाथ के दरबार से कोई भक्त खाली हाथ नहीं जाता। सच्चे मन से मांगने पर बाबा सबकी मनोकामना पूरी करते हैं। पुजारी बताते हैं कि पिछली छह पीढ़ियों से उनका परिवार पतरायुर स्थित बाबा नागेश्वर धाम में पूजा-अर्चना करता आ रहा है। उन्होंने बताया कि यह स्वयंभू शिवलिंग हैं। किंवदंती है कि काफी समय पहले एक राजा ने शिवलिंग को वहां से ले जाने के लिए 15 फीट से अधिक गहराई तक खुदाई की थी, ताकि शिवलिंग को उखाड़ लिया जाए, जब सफलता नहीं मिली तो हाथी से शिवलिंग को खींचने का प्रयास किया गया, फिर भी शिवलिंग टस से मस नहीं हुआ। जैसे-जैसे समय बीत रहा है, नागेश्वर धाम की प्रसिद्धि भी बढ़ती जा रही है। पुजारी नारायण दास बताते हैं कि तोरपा के अभू पंडा इस क्षेत्र के जानेमाने पुरोहित थे, लेकिन वे निःसंतान थे। उन्होंने कई मंदिरों में मन्नत मांगी, पर उन्हें संतान सुख नहीं मिला।

### जनभागीदारी पखवाड़ा के तहत साइकिल प्रतियोगिता आयोजित

**खूंटी।** जन शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में जी- 20 जनभागीदारी पखवाड़ा के तहत रविवार को साइकलोथोन का आयोजन किया गया। साइकलोथोन का उद्घाटन प्रभारी निदेशक राजेश शर्मा, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी प्रभावती कुमारी और एमआइएस संजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर बताया गया कि जी-20 में भारत की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है और यह देश के लिए गौरवशाली अवसर हैं। कहा गया कि जी-20 भारत को दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ जुड़ने का और अपने आर्थिक हितों को बढ़ावा देने के लिए मंच प्रदान करता है। साइकिल रैली भगत सिंह चौक से शुरू होकर बिरसा कॉलेज होते हुए बिरसा स्टेडियम तक गई। प्रतिभागी महिला और पुरुषों के बीच साइकिलिंग की प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें महिलाओं ने बाजी मार ली। महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर रेश्मी कुमारी, द्वितीय स्थान फुलेश्वरी कुमारी, तृतीय स्थान पर अनिता कुमारी रही।

### आरोपी | सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने वाला आरोपी शादाब सुहैल गिरफ्तार

# विधायक ने ट्वीट कर की थी कार्रवाई की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सोशल मीडिया पर धार्मिक भावना भड़काने के आरोपी एक युवक को सिमडेगा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक का नाम सदाब सुहैल है, उसने अन्य धर्म के देवताओं को लेकर अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। साथ ही महिलाओं को लेकर भी गलत शब्दों का प्रयोग करते हुए धार्मिक भावनाओं को भड़काने की कोशिश की थी। रांची विधायक सीपी सिंह ने ट्वीट कर सिमडेगा पुलिस से इस मामले में कार्रवाई की मांग की थी। रांची विधायक के ट्वीट करने के बाद मामला गरमा गया। मामला तूल पकड़ता देख सिमडेगा पुलिस एक्शन मोड में आई और बिना किसी देरी के आरोपी सदाब सुहैल को गिरफ्तार कर लिया गया, जिसे रविवार को जेल भेज दिया गया। आरोपी युवक के विरुद्ध सदर थाना में मामला दर्ज किया गया है। इस मामले पर एसडीपीओ डेविड ए दोडराय ने कहा कि सोशल मीडिया पर सदाब सुहैल नाम के एक युवक द्वारा आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते हुए एक समुदाय की धार्मिक भावनाओं को भड़काने की कोशिश की गयी थी। जिसके बाद मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता है, जो सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा का करीबी माना जाता है। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग कर धार्मिक भावना को भड़काने के आरोपी युवक और सिमडेगा विधायक का एक फोटो भी काफी वायरल हो रहा है। रांची विधायक सीपी सिंह ने भी इसी फोटो के साथ ट्वीट कर सिमडेगा पुलिस से युवक की गिरफ्तारी की मांग की थी।




### तलवार से मारकर जख्मी करने के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**रांची।** बेड़ो थाना पुलिस ने तलवार से मारकर बजरंग गोप को जख्मी करने के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में कोले महतो और भीम महतो शामिल हैं। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि गत दो जून को गोयदा गोप ने लिखित आवेदन दिया था कि इनके पुत्र बजरंग गोप पर फुलेश्वर महतो, भीम महतो, बानेशवर महतो, भगत महतो, बासुदेव महतो, राम महतो ,कोले महतो, अनिल महतो और सुनिल महतो ने तलवार से जान मारने की नियत से हमला कर दिया। उसके सिर, गर्दन एवं चेहरा पर गंभीर जख्म कर दिया। जख्मी बजरंग गोप को ग्रामीणों ने आनन-फानन में बेड़ो स्वास्थ केन्द्र पहुंचाया। एसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए बेड़ो डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड में शामिल दो आरोपितों को घर से गिरफ्तार किया । पूछताछ के दौरान इन लोगों ने अपना अपराध स्वीकार किया है। पुलिस मामले में अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है ।

# भाकपा माओवादियों ने ग्रामीणों को जंगल में नहीं जाने की दी चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा**

भाकपा माओवादियों ने ग्रामीणों को पोस्टर जारी कर चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि पुलिस बचने के लिए ग्रामीणों ढाल बना रही है। माओवादियों ने पोस्टर जारी कर कहा कि पुलिस ग्रामीणों का इस्तेमाल, खुद की जान बचाने के लिए कर रही है। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को चेतावनी दी कि कोई भी जंगल में केंदू पत्ता या लकड़ी तोड़ने नहीं जाएं। पूरे जंगल में बूबी ट्रैप और अनियंत्रित माइन बिछे हुए हैं। इसकी चपेट में आ सकते हैं। ऐसे में अगर कोई भी पुलिस की बातों में आते हैं तो वे खुद अपनी जान गंवाने के लिए जिम्मेदार होंगे। प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के दक्षिण जोनल कमेटी ने दो पोस्टर जारी किया है। नक्सलियों ने जारी पोस्टर में पुलिस पर कई आरोप लगाए हैं। उसमें कहा गया है कि कोल्हान वन क्षेत्र में जारी बर्बर पुलिसिया दमन अभियान के



प्रतिरोध के लिए पुलिस आने-जाने वाले रोड में, जंगल-पहाड़ों पर, जंगल जाने वाले रास्ते, पगडंडियों (पैदल रास्तों) पर और झाड़ियों में जहां-तहां अनियंत्रित माइन या बुबी ट्रैप बिछा है। इसलिए ग्रामीण, लकड़हारे, केंदू पत्ता तोड़ने वाले और चरवाहों से अपील है कि जंगल पहाड़ों पर ना जाएं। इस आदेश का अक्षरशः पालन करें। इस आदेश का उल्लंघन कर जंगल-पहाड़ जाने से बूबी ट्रैप की चपेट में आकर क्षणभर में जान जा सकती है या बुरी तरह से घायल हो

**भाकपा माओवादी ने कहा कि पुलिस अपने आपको बचने के लिए गांव वालों को ढाल बना रही है। लेकिन ग्रामीण जंगल में केंदू पत्ता या लकड़ी तोड़ने नहीं जायेंगे**

सकते हैं। पोस्टर में कहा गया है कि इस चेतावनी के बाद भी अगर कोई जंगल में जाता है तो उसके जिसके जिम्मेदार वह खुद होगा। इसके अलावा सरकार व विधि कुमार विरदी, अजय लिंडा, आशुतोष शेखर जिम्मेदार होंगे। पीएलजीए व भाकपा (माओवादी) नहीं होगी। वहीं दूसरे पोस्टर में नक्सलियों ने कहा है कि 27 मई 2023 से ग्राम तुम्बाहाका और ग्राम मारादीरी में पुलिस आकर दोनों गांव के ग्रामीणों को अपने कब्जे में ले लिया है। जबकि पुलिस खुद को पहले से ही बुबीट्रैप और स्पाइक हॉल से घिरकर फंसे हुए हैं।

### बिजैया प्लस टू उच्च विद्यालय में जनाक्रोश सभा का आयोजन

# झूठ व लूट की राजनीति नहीं चलेगी : विधायक

## सर्वदलीय जनाक्रोश सभा में उमड़ी भीड़





**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** सर्वदलीय समिति बरही की ओर से महेंद्र यादव हत्याकांड मामले में झूठा मुदालय बनाने के विरोध में बिजैया प्लस टू उच्च विद्यालय में जनाक्रोश सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विस क्षेत्र के समजिक और प्रबुद्धजन सहित कांग्रेस, आप, आजसू, एनसीपी, बीएसपी, कांग्रेस, एआईएमआईएम आदि पार्टी से हजारों लोग शामिल हुए । सभी ने एक स्वर में महेंद्र यादव हत्याकांड में पूर्व मुखिया दशरथ यादव, अल्पसंख्यक कल्याण मोर्चा के विस अध्यक्ष मो कयूम, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा सहित कुल आठ लोगो पर हत्या का झूठा आरोप का विरोध किया। वक्ताओं ने दो टूक कहा कि गलत मंसूबे से पूर्व विधायक के इशारे पर एक साजिश के तहत क्षेत्र के सम्मानित सामाजिक कार्यकर्ताओं को हत्यारा बनाने का झूठा प्रयास किया गया है। इस साजिश को सफल नही होने दिया जाएगा। पुलिस प्रशासन न्यायोचित कारवाई करे और झूठे प्राथमिकी को यथाशीघ्र खारिज करे अन्यथा विस की जनता उग्र आंदोलन चलाएगी। सभा में बोलते हुए कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि डॉ निजामुद्दीन अंसारी ने कहा कि अब जनता जाग चुकी है, पूर्व विधायक की लड़ो और लडाओ तथा पैसा कमाओ की राजनीति को पहचान चुकी है । प्रशासन अपनी स्वच्छता का परिचय देते हुए बिना किसी लोभ और राजनीति दबाव में न्यायोचित कार्य करे, हम सभी उसका समर्थन करेंगे । बसपा नेता भुनेश्वर यादव ने भी प्रशासन से जनता की आवाज सुनने की अपील किया। सभा को प्रमुख मनोज रजक, 20सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, एनसीपी के महेश ठाकुर, एआईएमआईएम के सूरज दास आदि सहित कई नेताओं ने संबोधित किया । बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक सह विस निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला यादव ने कहा कि बरही विधानसभा में झूठ व लूट की राजनीति नहीं चलेगी । हजारों की उपस्थिति यह चीख कर कह रही है कि झूठे मुकदमे को वापस लो, समाजिक कार्यकर्ताओ को फंसाना बंद करो विधायक ने दो टूक कहा कि रोहित हत्याकांड को साफ और महेंद्र हत्याकांड में झूठों का साथ नही चलने दिया जायेगा । प्रशासन होश में आए और उचित निर्णय ले अन्यथा जनता का कोप भाजन बनना होगा। कार्यक्रम में आप के संजय मेहता, पूर्व मुखिया विष्णुधारी महतो, विस विधायक प्रतिनिधि छट्ठू यादव आदि सहित कई लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष अंबिका सिंह और संचालन कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने किया ।

# अज्ञातवास में गए भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र

## कैथा रथयात्रा 20 जून को

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़ । रामगढ़** नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 26 में प्रतिवर्ष की भांति कैथा रथयात्रा आयोजन को लेकर आयोजन समिति द्वारा तैयारी आरंभ कर दी गई है। विधि अनुसार आयोजन समिति सदस्यों व श्रद्धालुओं ने ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन भगवान जगन्नाथ, बहन शुभद्रा व भाई बलभद्र के अस्वस्थ होने पर उन्हें गद्दी से उतार कर उनका पवित्र स्नान कराया। विधि अनुसार अगले 15 दिनों तक भगवान अज्ञातवास में रहेंगे। आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीया के दिन भगवान को रथारुढ कर श्रद्धालुओं वापिस सिंहासन पर विराजमान कराया जाएगा। रथयात्रा आयोजन को लेकर आयोजन समिति गठित की गई। आयोजन समिति के अध्यक्ष वार्ड नंबर 26 पार्षद देवधारी महतो, सचिव राजेश कुमार महतो, कोषाध्यक्ष आशुतोष चटर्जी, मुख्य संरक्षक भागवत नारायण चटर्जी, सुदर्शन महतो, हरिहर पाठक, रूपेंद्र महतो, सुकर महतो, चुनीलाल महतो, संजय महतो, माधव करमाली, देवलाल



महतो कार्यकारिणी सदस्य राजू कुमार महतो, संदीप महतो, कुलदीप महतो, अमित कुमार, अजय आस्था, पंकज कुमार, प्रह्लालाद कुमार, रवि नायक, दीपाली चटर्जी, राजुवाला चटर्जी, नवनीत कुमार, बालिस राम महतो को बनाया गया। इस अवसर पर मुख्य पुजारी भागवत नारायण चटर्जी ने कहा कि भगवान जगन्नाथ, बहन शुभद्रा व भाई बलभद्र के पूजन का विशेष महत्व है। रथयात्रा में तीनों विग्रहों के पूजन से भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है। भगवान जगन्नाथ जगत के पालनकर्ता हैं,उनके पूजन से हम सभी श्रद्धालु पुण्य के भागी होने का सौभाग्य प्राप्त करते हैं। वहीं, आयोजन समिति अध्यक्ष देवधारी महतो ने कहा कि कैथा रथयात्रा रामगढ़ जिले का गौरव है।कैथा रथयात्रा में रामगढ़ जिले के अतिरिक्त दूसरे जिलों से भी भारी संख्या में श्रद्धालु आते हैं और भगवान का पूजन करते हैं। जबकि सचिव राजेश महतो ने कहा कि बीते 75 वर्षो से कैथा में पावन रथयात्रा का आयोजन होता रहा है।कोरोनाकाल बीतने के बाद श्रद्धालुओं में उत्साह है। श्रद्धालु रथयात्रा में भाग लेकर पुण्य के पात्र होने को उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि रथयात्रा की तैयारी को लेकर आयोजन समिति के सदस्य व ग्रामीण तत्परता से जुटे हैं।इस अवसर पर मुख्य रूप से सुकनू देवी, रेनू देवी,किरण देवी,जोशना देवी, सिद्धार्थ चटर्जी,सुशांत चटर्जी आदि उपस्थित थे।

# बालासोर के मृतकों को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** बालासोर (उड़ीसा) की भीषण रेल दुर्घटना मृत में रेल यात्रियों की आत्मा शांति हेतु कांग्रेसियों ने कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दिया। कैंडल मार्च का नेतृत्व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रघुनंदन यादव कर रहे थे। उक्त जानकारी कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह ने दी। बताया कि कैंडल मार्च बरही के प्रमुख मार्ग का भ्रमण करते हुए बरही चौक पहुंचा, जहां मृतकों के याद में मौन श्रद्धांजलि दिया गया। कैंडल मार्च में शामिल कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने घटना के लिए सीधे रूप से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को जिम्मेवार बताया । कहा कि या भारत के इतिहास में संभवत पहली भीषण रेल दुर्घटना है जो सिर्फ विभागीय लापरवाही के कारण हुई है। रेल मंत्री अपने दायित्व निभाने में पूरी तरह विफल रहे है। नैतिकता के आधार पर रेल मंत्री तत्काल इस्तीफा दे अन्यथा मोदी सरकार उन्हें मंत्रिपरिषद से बर्खास्त करे। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, कुणाल कटरियार, यमुना यादव, प्रमोद सिंह, सुशील केसरी उर्फ नुनु राजेंद्र मद्धेशिया, द्वारिका रविदास, गुज्जू चौरसिया, सुधीर रजक, प्रिंस सिन्हा, राजू केसरी, राजू राणा आदि शामिल थे ।

### साहू भवन में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कल

**रामगढ़ ।** साहू समाज और पारस हॉस्पिटल के सानिध्य में मेगा स्वास्थ्य शिविर का भव्य आयोजन आगामी 6 जून को साहू भवन के प्रांगण में होगा। 4 जून को उक्त जानकारी देते हुए रामगढ़ साहू समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता उर्फ छोटू और सचिव राकेश गुप्ता उर्फ मंटू ने बताया कि मंगलवार को साहू भवन के प्रांगण में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होने जा रहा है। इस मेगा स्वास्थ्य शिविर में ईसीजी, ब्लड शुगर एवं ब्लड प्रेशर की निःशुल्क जांच की जाएगी। झारखंड के प्रसिद्ध एवं ख्याति प्राप्त ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ मुकेश कुशवाहा द्वारा ह्रदय जांच एवं संबंधित सभी तरह के रोगों का निःशुल्क इलाज किया जाएगा एवं पारस हॉस्पिटल के प्रसिद्ध फिजीशियन डॉक्टर रोहित द्वारा सभी प्रकार के रोगों का निःशुल्क इलाज किया जाएगा। उन्होंने कहा की साहू समाज रामगढ़ आम लोगों से आग्रह करता है कि इस मेगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाएं। इस स्वास्थ शिविर को सफल बनाने में दीपक कुमार, राजीव कुमार, प्रमोद साह, निलेश गुप्ता आदि थे।

# बरकट्ठा : सूर्यकुंड भूमि बचाव को लेकर समिति का गठन पर चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक धरोहर धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुंड धाम परिसर में सूर्यकुंड भूमि बचाव को लेकर देवेंद्र पाण्डेय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कि गई।बैठक में सूर्यकुंड धाम के आसपास गैरमजरूआ भूमि पर भूमाफियाओं के द्वारा फर्जी तरीके से कागजात बनाकर कब्जा करने, भूमि को भूमाफियाओं के टेढी नजर से बचाने आदि पर विस्तृत रूप से चर्चा किया गया।उपस्थित लोगों ने निर्णय लिया कि आगामी रविवार को वृहद पैमाने पर ग्रामीणों को इस बाबत इकठ्ठा करके अवगत करवाया जायेगा। सूर्यकुंड के भूमि पर भूमाफियाओं के द्वारा किस प्रकार से जमीन कब्जा करने के लिए तरह-तरह के हथकंडा अपनाया जा रहा है। साथ ही सूर्यकुंड भूमि बचाव संघर्ष समिति का गठन किया जायेगा।बताते चलें कि सूर्यकुंड के आसपास लगभग 40 एकड गैरमजरूआ भूमि है जिसपर भूमाफियाओं की टेढी नजर पड गया है।वहीं आने वाले समय में सूर्यकुंड की सुंदरता एवं प्राकृतिक सौंदर्य पर प्रभाव पड़ता हुआ प्रतीत हो रहा है।उपस्थित लोगों के द्वारा निर्णय लिया गया कि सूर्यकुंड के गैरमजरूआ भूमि को गैरकानूनी तरीके से कब्जा नहीं करनें दिया जायेगा।उक्त बैठक में मुख्य रूप से जिप प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय, विजय पाण्डेय, संजय पाण्डेय, रामानंद पाण्डेय, त्रिपुरारी पाण्डेय, आदित्य पाण्डेय, अनुज कुमार पाण्डेय, सुरेश कुमार पाण्डेय, भुनेश्वर नायक, अजीत पाण्डेय, विनोद गिरि, संतोष पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

### बालिका उच्च विद्यालय कुजू की छात्राओं ने आठवीं बोर्ड परीक्षा में किया बेहतर प्रदर्शन



**रामगढ़ ।** आठवीं बोर्ड की परीक्षा में कुजू बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओ ने शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय की छात्रा नरगिस परवीन, प्रभा कुमारी, सबा परवीन ने ए-प्लस श्रेणी प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनी तीनों छात्राएं। छात्राओं ने आठवीं बोर्ड परीक्षा में ए-प्लस श्रेणी से पास कर अपने गांव, माता-पिता, शिक्षकगण व विद्यालय प्रबंधन का नाम रौशन किया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुलदीप प्रसाद ने बताया कि इस बार आठवीं बोर्ड परीक्षा में कुल 65 छात्राओं ने परीक्षा लिखी थी। इसमें 64 छात्राएं परीक्षा में सफल रही है। साथ ही उन्होंने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इधर, बालिका उच्च विद्यालय के सचिव अनीष कुमार गुप्ता ने छात्राओं की सफलता पर अपनी प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि सफलता यहां के शिक्षकों और छात्राओं द्वारा किए गए निरंतर प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने शिक्षकों, छात्राओं एवं अभिभावकों को भी इसके लिए बधाई दी।

### चौपारण में पुलिस की कार्रवाई, 100 क्विंटल जावा महुआ सहित कई भट्ठियों को किया नष्ट

**बरही।** चौपारण प्रखंड की रामपुर पंचायत स्थित वृंदा में पुलिस ने अवैध देसी शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 12 से अधिक शराब भट्ठियों को नष्ट किया। साथ ही इन भट्टियों में रखे 100 क्विंटल जावा महुआ, लाखों रुपये की महुआ शराब, ड्राम सहित कई उपकरण नष्ट किये गये। बताया जाता है कि भगहर और भंडार की तरह वृंदा में भी बड़े पैमाने पर महुआ शराब के अलावा नकली अंग्रेजी शराब भी बनाई जा रही है। वृंदा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो में 100 से अधिक महुआ शराब की भट्ठियां चल रही हैं।

### चौपारण में 50 लाख रुपए की 690 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब जब्त, दो गिरफ्तार

**बरही।** चौपारण में रविवार को 50 लाख रुपए मूल्य की अवैध शराब की बड़ी खेप जब्त की गई। थाना प्रभारी शंभू नंद ईश्वर ने बताया कि एसपी को पटना से गुप्त सूचना मिली थी कि ट्रक पीबी13बीएन-0352 पर अवैध अंग्रेजी शराब झारखंड ले जायी जा रही है। इसे हरियाणा से पहले बिहार लायी गई। सत्यापन के दौरान महुदी मोड़ के पास वह ट्रक दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही चालक तेजी से ट्रक को भगाने लगा, जिसे जीटी रोड स्थित सरदारपुर के पास पकड़ा गया। इसमें काफी मात्रा में 690 पेटी इंपिरियल ब्लू ब्रांड की अवैध अंग्रेजी शराब मिली। साथ ही मामले में हरियाणा पानीपत के ट्रक चालक रविंद्र कुमार पिता गजेंद्र सिंह और करनाल निवासी मालिक अनुज कुमार पिता राजवीर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# हजारीबाग से वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन अवश्य गुजरेगी : सांसद

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग से वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन अवश्य गुजरेगी। यह बात हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा ने विकास तीर्थ कार्यक्रम के दौरान रविवार को मेडिकल कॉलेज में कही। दरअसल भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने पूरे देश भर में विकास तीर्थ कार्यक्रम शुरू किया है। इसके तहत क्षेत्र के सांसद और विधायक को मोदी सरकार के नौ साल में किए गए कार्यों की जानकारी आम जनता को देनी है। इसे लेकर हजारीबाग में भी कार्यक्रम जा रहा है। इसी के तहत सांसद जयंत सिन्हा, विधायक मनीष जायसवाल, महापौर रोशनी तिर्की, बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव आदि ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान पार्टी के कार्यकर्ता और आम जनता भी उपस्थित हुए। हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि हजारीबाग में अगर एयरपोर्ट नहीं बना है, तो यह हेमंत सोरेन सरकार की विफलता के कारण. उनके विनाश की राजनीति के कारण एयरपोर्ट धरातल पर नहीं उतरा। अभी भी फंड रखा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण ही हजारीबाग में मेडिकल कॉलेज बना। इसके साथ ही दो अन्य मेडिकल कॉलेज राज्य में चार साल के अंदर तैयार हो गया। स्वास्थ्य के क्षेत्र में मोदी सरकार ने महत्वपूर्ण




काम किया है। इसमें कोविड काल में 200 करोड़ वैक्सीनेशन का काम किया गया, आयुष्मान भारत की सुविधा गरीब तबके को दी गई और आने वाले समय में हर जिले में मेडिकल कॉलेज और अस्पताल बनेगा। निःशुल्क डायलिसिस और जन औषधि केंद्र के जरिए आम जनता को लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंद्रह सौ करोड़ की लागत से अस्पताल तो तैयार हो गया, लेकिन 500 बेड का सुपर स्पेशलिटी अस्पताल राज्य सरकार के कारण बनकर तैयार नहीं हुआ है।

### जमीन विवाद में दो गुटों में मारपीट, दोनों पक्षों पर मामला दर्ज

**बरही।** चौपारण प्रखंड के ताजपुर में दो गुटों में मारपीट हुई. दोनों पक्षों की ओर से थाने में दिए गए आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक ताजपुर निवासी निकी देवी पति राकेश कुमार सिंह और दिलीप केशरी पिता स्व. लखन साव ने थाने में अलग-अलग आवेदन दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी शंभूनंद ईश्वर ने बताया कि दोनों पक्षों के आवेदन के आलोक में मामला दर्ज कर लिया गया है। एक पक्ष से पूर्व मुखिया शौकत खान उर्फ भुटू खान सहित पांच और दूसरे पक्ष से पूर्व पंचायत समिति सदस्य अनिल बर्नवाल उर्फ टुन्नू सहित छह नामजद और 10-12 अन्य लोगों पर विभिन्न आरोप लगाते हुए थाने में आवेदन दिया गया है।

**जागरूक** | दो दिवसीय खरवार महासम्मेलन का समापन, अरविंद सिंह बोले

# शिक्षित युवा पीढ़ी समाज के उत्थान के लिए आगे आएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** चौपारण प्रखंड मुख्यालय स्थित स्टेडियम में रविवार को दो दिवसीय खरवार महासम्मेलन संपन्न हो गया। उत्तरी छोटानागपुर खरवार महासभा के सभापति चतरा के नरेंद्र सिंह खरवार की अध्यक्षता में इसका समापन हुआ। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि खरवार आदिवासी एकता संघ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह खरवार ने कहा कि शिक्षित एवं युवा पीढ़ी समाज के उत्थान के लिए आगे आएं। साथ ही अपने जीवन को सार्थक बनाकर अपने देश और खरवार समाज के विकास में अपना योगदान दें। सम्मेलन में शिक्षा, दहेज प्रथा, बाल विवाह, नशाखोरी सहित कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। संचालन चतरा के नरेश सिंह खरवार ने किया. महासम्मेलन में कार्यकारी अध्यक्ष विजय सिंह खरवार, सचिव कपिल सिंह खरवार, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह खैरवार, महिला मोर्चा अध्यक्ष ममता देवी, शंकर नाथ शाही, बिरेंद्र सिंह खरवार, राधेश्याम सिंह खरवार, संतोष सिंह खरवार, विक्की सिंह खरवार, नरेश सिंह खरवार, बहादुर सिंह खरवार, सिकंदर सिंह खरवार, टीकम सिंह खरवार, मुंशी देवी, विनोद सिंह खेरवार, लक्ष्मण सिंह खेरवार, जितेंद्र सिंह खेरवार,



बिक्की सिंह खरवार, शिव शंकर सिंह सहित उत्तरी छोटानागपुर खरवार महासभा एवं खरवार आदिवासी एकता संघ के पदाधिकारियों के साथ सैकड़ों महिला-पुरुष शामिल हुए।

# अल्पसंख्यक समाज समिति ने प्रतिभा सम्मान समारोह का किया आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग के बरकट्ठा क्षेत्र स्थित कोनहारा खुर्द पंचायत सचिवालय के मैदान में अल्पसंख्यक समाज समिति ने प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। बरकट्ठा की जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया, प्रमुख रेणु देवी और बीइओ किशोर कुमार ने टॉपर्स को सम्मानित किया गया। मौके पर जिप सदस्य ने कहा कि प्रतिभा सम्मान समारोह से छात्र-छात्राओं के मनोबल में वृद्धि होगी। सम्मानित होने से उन्हें और भी बेहतर करने की प्रेरणा मिलेगी।



वहीं रेणु देवी ने कहा कि सम्मान समारोह से समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को टिप्स दिये। मौके पर समाजसेवी कलीम खान, राजद नेता असमत अली, शिक्षक सीके पांडेय, यासीन खान, बरकट्ठा दक्षिणी के मुखिया अब्बास अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि बीरेंद्र शर्मा, सदर मोइन अंसारी, मौलाना क्यूम, मौलाना जाबिर हुसैन, उप मुखिया आसमा प्रवीण, कलीमुन खातून, माले नेता शेर मोहम्मद, कासिम अंसारी, सफीक अंसारी, शिक्षक इम्तियाज अंसारी, रईस, इजाज अहमद, महमूद अंसारी, शमशूल अंसारी, मुजफ्फर, उस्मान अंसारी, जलील अंसारी, मो साजिद, रियासत अंसारी, शफीक अंसारी, उस्मान अंसारी, कारी अख्तर रजा आदि उपस्थित रहे।

# सांसद बृजभूषण को बचाने में लगी है भाजपा: अंबा



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद रविवार को कोडरमा स्टेशन पहुंची जहां सामाजिक कार्यकताओं ने उन्हें बुके देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि देश के कई नामी-गिरामी पहलवान दिल्ली में धरना-प्रदर्शन पर हैं। सभी पहलवान भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष और बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एक नाबालिग समेत कई महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न करने का एफ आई आर माननीय सर्वोच्च न्यायालय में गुहार लगाने के बाद दर्ज हो पाया है। लेकिन अभी भी भाजपा अपने सांसद को बचाने में लगी है। महिला सुरक्षा और सम्मान को सूली पर लटका कर पीड़ित पहलवानों को तरह-तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है। ऐसे में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 5 जून को आगरा में इस संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई है। कांग्रेस पार्टी के महासचिव एवं राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद को प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए आमंत्रित किया है। विधायक अंबा प्रसाद ने आगरा जाने के क्रम में कोडरमा स्टेशन पर उक्त बातें कहीं। इस अवसर पर राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन के जिला अध्यक्ष किशोर साव, भीम साव, हरिदेव साव, भुनेश्वर साव, सुजीत नायक, पिंटू साव ने कोडरमा स्टेशन में मूलभूत सुविधाओं सहित कई ट्रेनों के ठहराव से उन्हें अवगत कराया। मौके पर कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज सहाय पिंकू, संतोष यादव, अशरफ वारसी आदि उपस्थित थे।

# उत्कृष्ट विद्यार्थियों को सम्मानित करेगी क्षत्रिय महासंघ

**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** उत्तरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ के तिलैया जोन की एक बैठक शिशु विकास मंदिर इंदरवा में रविवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के वरीय पदाधिकारी रामचंद्र सिंह ने की जबकि संचालन तिलैया जोन अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह ने किया। बैठक में पिछली बैठक में लिए गए निर्णय और उसके बाद समाज के द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए रामचंद्र सिंह ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में क्षत्रिय समाज के द्वारा समाज के उत्थान हेतु बहुत सारे अच्छे कार्य किए गए। समाज में व्याप्त कुरीतियों की भेंट चढ़े कुछ परिवार आपसी मतभेद की वजह से बिखर गए थे , जिन्हें समाज के पदाधिकारियों ने समस्या का समाधान कर फिर से परिवार को बचाने की दिशा में जबरदस्त पहल की है ,जो सराहनीय है । सेवानिवृत्त शिक्षक नारायण सिंह ने बैठक में कहा की निरंतर बैठक होने से समाज के लोगों में प्रेम और भाईचारगी बढ़ी है। इसका परिणाम है कि लोगों के सुख दुख में समाज के अधिक से अधिक लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इसी प्रकार से आगे भी हम सबको मिलकर एकजुटता का परिचय देते हुए निरंतर आगे बढ़ना है । बैठक में



सबो ने यह निर्णय लिया की हाल ही में 10वीं और 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के छात्र-छात्राओं को तथा अन्य क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट उपलब्धि पाने वाले समाज के लोगों को जल्द ही एक समारोह आयोजित कर सम्मानित किया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अत्यधिक गर्मी को देखते हुए शहर में समाज के द्वारा पेयजल की व्यवस्था भी की जाएगी।

# विधायक ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास, हर्ष



**नवीन मेल संवाददाता**

**केरसई।** प्रखंड के ढिंगुरपानी भंडारटोली में विधायक मद से बनने वाले पीसीसी पथ का शिलान्यास विधायक भूषण बाड़ा ने किया। मौके पर विधायक ने ग्रामीणों की समस्या भी सुनी। साथ ही सभी समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की जरूरतों के अनुसार विकास कार्य किये जा रहे हैं। आज यहां पीसीसी पथ का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। आने वाले दिनों में ग्रामीणों की अन्य सभी समस्याओं को दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में विकास कार्य मे कभी भेदभाव नहीं किया गया है। हर गांव हर गली हर टोले में अपने विधायक मद से योजनाएं दी गई है। इससे हर जाति धर्म के लोगों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि आपके सहयोग के बिना कोई भी कार्य किया जाना असम्भव है। आप सभी संगठित होकर कांग्रेस पार्टी के साथ जुड़े। संगठन में ही शक्ति है। जब तक हम सभी एक साथ संगठित नहीं रहेंगे क्षेत्र का उतना विकास नही कर पाएंगे। जितना होनी चाहिए। विधायक ने कहा कि हमारी सरकार भी जनता के हित मे।कई लाभकारी और कल्याणकारी योजना धरातल में उतारा है। आप सभी ग्रामीण आगे बढ़ें और योजना का लाभ लें। कार्यक्रम में जिप सदस्य जोसिमा खाखा,जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की,प्रखंड अध्यक्ष जेफरेन केरकेट्टा, जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा, जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज, मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि मुश खेस, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद, मंडल अध्यक्ष मनोज प्रसाद, संभू प्रसाद, रोशन भौरा, अंतरेंश कुल्लू, प्रवीण बघवार, सिलमेरियस बरला, फ्लोरेंस बरला, रवि बरला, फिरनाथ बड़ाईक, अशोक कोन, अनिमा कोनगाड़ी आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## तामड़ा जगन्नाथ मंदिर में विग्रहों का महास्नान

**सिमडेगा।** देव स्नान पूर्णिमा के अवसर पर रविवार को तामड़ा स्थित जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्र को विधि विधान के साथ स्नान कराया गया। रविवार की सुबह पंडित जितेंद्र पूरी की अगुवाई में विधि विधान के साथ भगवान की पूजा हु इसके बाद सभी विग्रहों को स्नान मंडप में लाकर मधु, दही, तुलसी, चंदन और पवित्र जल से स्नान कराया गया। भगवान के स्नान के मौके पर भगवान के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भगवान के दर्शन एवं पूजन के बाद भगवान के विग्रह को कोप गृह में रख दिया गया और मंदिर का कपाट बंद कर दिया गया। अब भगवान 15 दिनों के बाद रथ यात्रा के दिन भक्तों को दर्शन देंगे। जगन्नाथ की संस्कृति के अनुसार गर्मी से राहत पाने के लिए भगवान खुद स्नान करते हैं, जिस कारण उन्हें ठंड लग जाती है। शाम को गंजानंद वेश के बाद वे बीमार पड़ जाते हैं और 15 दिनों के लिए कोप गृह में चले जाते हैं। मौके पर काफी संख्या में भक्त उपस्थित थे।

# अगुस्टीना सोरेंग ने महिलाओं के बीच चलाया जागरूकता अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** गरजा पंचायत अंतर्गत कसाईदोहर गाँव में सामाजिक कार्यकर्त्ता अगुस्टीना सोरेंग ने टोला बैठक में ₹मरीज अधिकार चार्टर₹ तथा डायन प्रथा उन्मूलन अधिनियम के बारे जानकारी दिया। उन्होंने ₹मरीज अधिकार चार्टर₹ के बारे सभा को जानकारी देते हुए बताया कि अस्पताल में उपलब्ध सारी सुविधाएँ जैसे खून की जाँच, एक्स रे, सी टी स्कैन, एम आर आई, अल्ट्रासाउंड, बेड चार्ज इत्यादि की दरों की सूची को स्थानीय एवं अंग्रेजी भाषा में एक प्रमुख स्थान पर लगाया जाना है जिससे मरीज या उसके रिश्तेदारों को सही दरों को जानकारी हो। उपचार के दौरान मरीज की गोपनीयता, मानवीय गरिमा और निजता का अधिकार है, पुरुष चिकित्सक द्वारा महिला मरीज की शारीरिक जांच के दौरान महिला की उपस्थिति सुनिश्चित करने का अधिकार मरीज एवं उसके रिश्तेदार तय कर सकते हैं साथ ही कोई भी अस्पताल किसी भी कारण से किसी मरीज के मृत शरीर को छोड़ने से इंकार नहीं कर सकते हैं। साथ ही मरीजों का भी कर्तव्य है कि स्वास्थ्य संबंधी सभी जानकारी दें, जाँच एवं इलाज के दौरान डॉक्टरों का सहयोग करें एवं डॉक्टरों और अस्पताल के अन्य कर्मचारियों की गरिमा का सम्मान करें। इसी प्रकार किसी प्रकार की बिमारी का इलाज कराएं एवं किसी को भी डायन न पकड़े ।

## बिजली कार्यालय में प्लांटेशन कार्यक्रम



**झुमरी तिलैया।** पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को विद्युत आपूर्ति कोडरमा के सभी विद्युत कार्यालयों, पीएसएस एवं दफ्तरों में एक साथ कार्यालय परिसर की साफ-सफाई तथा वृक्षारोपण का कार्य किया गया। इसके माध्यम से जहां एक और कार्यालय को साफ सुथरा बनाना वहीं दूसरी ओर परिसर को हरा-भरा बनाने की कोशिश की गई। सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने मिलकर अपनी मेहनत से ऊर्जा पार्क बनाने की भी नींव रखी। साथ-साथ आगे चलकर सभी कार्यालयों में रंग रोगन का भी कार्य किया जाएगा तथा लोगों की सुविधाओं हेतु और कदम दिए जाएंगे। जिससे कार्यालय इको फ्रेंडली और पीपल फ्रेंडली हो सके। मौके पर उपस्थित ई एस ई सुधांशु, ईई मनोज कुमार, ईई ई पंकज कुमार मेहरा ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को श्रमदान देते हुए अपने कार्यालय एवं उसके परिसर को और साफ सुथरा रखने की कोशिश की। निश्चित तौर पर आगे भी ऐसे कदम लिया जाएंगे। इससे कार्यालय और हरा भरा हो सके। पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों ने पर्यावरण को और बेहतर बनाने की शपथ भी ली। इसके साथ साथ अभी ओटीएस कैंप प्रत्येक पंचायत ब्लॉक इत्यादि में लगाए जा रहे हैं जहां लोगों का दिसंबर तक का ऋण माफ किया जा रहा है। अभी तक कई लोगों ने इसका लाभ ले लिया है और ऐसे छूटे हुए ग्रामीण जिन्होंने अभी तक इसका लाभ किसी कारणवश नहीं ले पाए हैं उन से अनुरोध है कि वह शीघ्र अति शीघ्र आकर ओटीएस स्कीम का लाभ लें। साथ ही साथ सर समय बिजली का भुगतान जरूर करें। आने वाले दिनों में कई स्थानों पर ऊर्जा मेला का भी आयोजन किया जाएगा।

# 24 घंटे 365 दिन करेंगे जनता की सेवा: विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा रविवार को चिलचिलाती धूप की परवाह किये बिना केरसई प्रखंड के करंगागुड़ी गांव पहुंच ग्रामीणों की आवश्यकताओं के अनुसार पीसीसी पथ का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक ने द्वारिका प्रसाद महेश्वरी की कविता वीर तुम बढ़े चलो, धीर तुम बढ़े चलो। सामने पहाड़ हो सिंह की दहाड़ हो, तुम निडर डरो नहीं तुम निडर डटो वहीं, वीर तुम बढ़े चलो, धीर तुम बढ़े चलो.. से अपना सम्बोधन शुरू किया। उन्होंने कहा कि यह कविता हमें हर पल जनता की सेवा करने की हिम्मत देती है। यही हिम्मत का नतीजा रहा है कि जनता की सेवा के लिए हमे धूप, पानी, बरसात, आंधी-तूफान की परवाह नहीं होती। उन्होंने कहा कि अगर मेरी जनता को रात में, धूप में, आंधी तूफान में मेरी जरूरत पड़ी तो, मैं जनता की सेवा में उपस्थित रहूंगा। जनता की सेवा करने में कोई कसर नहीं छोड़ा जाएगा। विधायक ने कहा कि विधायक मद का उपयोग लगातार विकास कार्यों में किया जा रहा है। आज उसी के तहत यहाँ पीसीसी पथ का शिलान्यास किया गया है। आने वाले दिनों में यहां की जरूरतो के अनुसार और भी कई अनगिनत कार्य किये जायेंगे।

## कांग्रेस पार्टी कार्यकर्त्ता सम्मेलन का आयोजन

**केरसई।** केरसई प्रखंड के ढिंगुरपानी में कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्त्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जेफरेन केरकेट्टा की अगुवाई में आयोजित सम्मलेन में विधायक भूषण बाड़ा, जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी उपस्थित थे। विधायक ने कार्यकताओं को संगठन को मजबूत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता हर पीड़ित लोगों की निरंतर सेवा करें। समाजिक रूप से सुख दुख में लगों का हिस्सा बने। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता सेवा को प्राथमिकता दें। सेवा को ही अपने जीवन का मूल मंत्र माने। मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह,प्रखंड अध्यक्ष जेफरेन केरकेट्टा, जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा, जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज, जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन, पीसीसी डेलीगेट सह विधायक प्रतिनिधि प्रदीप केशरी, वरीय जिला उपाध्यक्ष जॉन्सन मिंज, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सीमा सीता, मो. अक्षण, तैरस एक्का, मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि मुश खेस आदि उपस्थित रहे।

### झारखंड राज्य सहकारी बैंक की अध्यक्ष विभा सिंह पहुंची सिमडेगा

# बैंकिंग सुविधाओं को बढ़ाने पर दिया जोर




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड राज्य सहकारी बैंक की अध्यक्ष विभा सिंह रविवार को सिमडेगा दौरे पर आई। इस दौरान उन्होंने जिले में को अपरेटिव बैंक की शाखाओं का निरीक्षण कर बैंकों द्वारा ग्राहकों को दी जा रही बैंकिंग सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने बैंक की शाखाओं का निरीक्षण कर अधिकारियों को वश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सिमडेगा शाखा परिसर में पौधरोपण किया। साथ ही बैंक और लैंप्स से जुड़े पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान अध्यक्ष विभा सिंह ने कहा कि उनकी प्राथमिकता है कि सहकारी बैंक के ग्राहकों को बेहतर तरीके से बैंकिंग सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि उनका जोर है कि बैंक की एनपीए कम हो और बैंक की सभी शाखा प्रोफीट में आए। जमा राशि बढाने पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिए राज्य सरकार से मदद ली जा रही है। नाबार्ड का भी सहयोग लिया जा रहा है। साथ ही जिन क्षेत्रों में बैंक की शाखा नहीं उन क्षेत्रों में बैंक की शाखा खुले। अध्यक्ष ने कहा कि अधिक से अधिक किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा बैंक से मिले। बैकों से किसानों को लैम्पस और बैक से जुड़ेगा। अध्यक्ष ने कहा कि जिले के जिन प्रखंडों में सहकारी बैक की शाखा नहीं है वहां नए याखा खुले जाएं ताकि ग्राहकों को लाभ मिल सके। राज्य सरकार के कर्मियों के सैलेरी एकाउंट भी उनके बैंको में हो इसके लिए राज्य सरकार से वार्ता की जा रही है। अध्यक्ष ने सिमडेगा में स्थित एटीएम का भी निरीक्षण किया और कहा कि उनके बैंक के एटीएम का लाभ यहां के लोगों को मिल रहा है यह अच्छी बात है। नेट बैकिंग की सुविधा भी बहाल कराई जाएगी। दो तीन माह के अंदर बैंको में काफी बदलाव दिखने को मिलेगा। इससे पूर्व सिमडेगा आगमन पर जिले के सहायक निबंधक कर्मवीर मेहता और सिमडेगा शाखा के प्रबंधक जयंत कुमार ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर ज्वाइंट रजिस्ट्रार जयदेव प्रसाद सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

## मयुम ने किया गौ आहार कार्यक्रम का आयोजन



**झुमरीतिलैया।** मारवाड़ी युवा मंच झुमरीतिलैया शाखा के तत्वावधान में गौशाला परिसर में गौ आहार कार्यक्रम के तहत गौ माताओं को तरबूज खिलाया गया। इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष राज पचीसिया ने कहा कि सेवा कार्य से मयुम को राष्ट्रीय पहचान मिली है और इसी के तहत गौ सेवा कर हम राष्ट्र की सेवा भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंच का उद्देश्य सेवा क्षेत्र है और कई वर्षों से राष्ट्र की अमूल सेवा करते आ रहे हैं। मंच के द्वारा पाठशाला, पनशाला(अमृतधारा) और धर्मशाला के जरिये सेवा कार्य निरंतर जारी है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कन्या भ्रूण संरक्षण जैसे जागरूकता कार्यक्रम भी चलाये जा रहे हैं। बेटी पैदा होने पर कई माता-पिता को समय-समय पर सम्मानित भी किया जाता है। और कहा भी गया है कि बेटी नहीं तो बहु कहाँ से लाओगे सुनी कलाई पर राखी किससे बँधाओगे वहीं मंच के सचिव आशीष जोशी ने कहा कि समाज सेवा मयुम का उद्देश्य है और इसी उद्देश्य को युवा साथियों के तहत कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर नगर परिषद के साथ प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। और कुछ लोगों को जुट का थैला भी मुहैया कराया जाएगा। वहीं इसी सप्ताह कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 4 पर अमृतधारा योजना के तहत एक नया वाटर कूलर का शुभारंभ होगा और इस तरह मंच का यह पांचवा वाटर कूलर ठंडा पेयजल राहगीरों को उपलब्ध कराएगा। इसी प्रकार इसी माह रक्तदान शिविर, मधुमेह जागरूकता जैसे कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

## सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट पर आरोपी युवक गिरफ्तार

**सिमडेगा।** सिमडेगा में धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के उद्देश्य से हिंदू देवी देवताओं के खिलाफ आपत्तिजनक शब्द सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम में पोस्ट करने वाले आरोपी को सिमडेगा पुलिस के द्वारा गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया गिरफ्तार आरोपी की पहचान भट्टीटोली निवासी सादाब सुहैल नामक के रूप में हुई। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जय गोविंद गुप्ता ने बताया सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम साइड में हिंदू देवी देवताओं के खिलाफ आपत्तिजनक शब्द का इस्तेमाल किया था जिसको लेकर रांची केइंस्टाग्राम साइड में हिंदू देवी देवताओं के खिलाफ आपत्तिजनक शब्द का इस्तेमाल किया था जिसको लेकर रांची के विधायक सीपी सिंह ने संज्ञान लेते हुए उसे ट्वीट कर झारखंड पुलिस से कार्रवाई की मांग की जिसके बाद सिमडेगा एसपी ने संज्ञान लेते हुए आरोपी युवक को सदर थाना की पुलिस ने गिरफ्तार किया।

**होगी कार्रवाई** — महिला पहलवानों के साथ एकजुटता के लिए सीटू, किसान सभा ने बनाया मानव शृंखला

# दोषी सांसद को गिरफ्तार करने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरीतिलैया ।** यौन शोषण के खिलाफ और दोषी बृजभूषण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को दिल्ली में संघर्ष कर रहे पहलवान साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया सहित अन्य पहलवानों के साथ दिल्ली पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्ण हमला के खिलाफ रविवार को झुमरीतिलैया झंडा चौक के समीप ओवरब्रिज पर सीटू, अखिल भारतीय किसान सभा और दलित शोषण मुक्ति मंच के द्वारा मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया. जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, सहिया, सेविका और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बैनर पोस्टर लेकर हिस्सा लिया. जिसमें महिला पहलवानों को न्याय दो, बृजभूषण सिंह को गिरफ्तार करो, पहलवानों पर किए गए झूठा मूकदमा वापस लो, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा कहाँ गया मोदी सरकार जवाब दो, बलात्कारी को बचाने वाली भाजपा सरकार मुदार्बाद आदि जोरदार नारे लगाए जा रहे थे. कार्यक्रम को सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान, झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य संयुक्त सचिव असीम सरकार, दलित शोषण मुक्ति मंच के जिलाध्यक्ष दिनेश रविदास, निर्माण कामगार यूनियन के सचिव प्रेम प्रकाश, आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी, सहिया संघ की पिंकी देवी आदि ने सम्बोधित किया. वक्ताओं ने कहा कि देश को गौरवांवित करने वाली भारत को मेडल दिलाने वाली पहलवान बेटियां आज जब यौन शोषण करने




वाले भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष और भाजपा के बाहुबली सांसद बृजभूषण सिंह की गिरफ्तारी को लेकर महीनों से आंदोलनरत है. तब बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की बात नही होती है बल्कि भाजपा नेताओं से बेटी बचाओ का नारा चरितार्थ होता है. एक तरफ राष्ट्रपति के पद का अपमान कर नए संसद भवन का उदघाटन हो रहा था, दूसरी तरफ उसी दिल्ली में यौन शोषण के खिलाफ लड़ रही पहलवान बेटियों को दिल्ली पुलिस घसीट रही थी, महीनों से जंतर-मंतर पर चल रहे महिला पहलवानों के धरना स्थल पर लगे टेंट का उजाड़ा जा रहा था. बलात्कारी ब्रजभूषण को गिरफ्तार करने के बजाय संघर्ष कर रही बेटियों को गिरफ्तार किया जा रहा था और उलटे उन पर ही मूकदमे किए जा रहे थे. बृजभूषण सिंह पर पोस्को एक्ट के तहत मुकदमा हुआ है, जिसमें बिना जांच के गिरफ्तारी का प्रावधान है, लेकिन दुर्भाग्य है कि उसे गिरफ्तार करने की जगह मोदी सरकार और पूरी भाजपा उसे बचाने में लगा हुआ है. निराश होकर अपने मेडल को गंगा में बहाने जा रही थी यह बेटियां. जिन्हें किसान नेताओं ने रोक लिया. न्याय दिलाने के लिए आज पूरा देश पहलवान बेटियों के साथ खड़ा है और यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक दोषी बाहुबली सांसद बृजभूषण सिंह की गिरफ्तारी नहीं हो जाती. कार्यक्रम में वर्षा रानी, नागेश्वर दास, शम्भु पासवान, सीता देवी, शैबुन निशा, गायत्री, वैजन्ती, पुनम, किरण, लीलावती, शांति, रेखा, पिंकी, उषा, राधा, किरण, मंजू, नीतू, चम्पा, चिंता, उमा, गीता, रूपा, पुजा, पुष्पांजलि, बैजयंती आदि शामिल थे।

## बानो के उकौली टेंपो पलटने से 7 घायल

**बानो।** प्रखण्ड के उकौली के पास टेम्पो पलटने से सात घायल हो गए मिली जानकारी के अनुसार बांकी पंचायत के पुकेदा, डोलडाडी के ग्रामीण अपने बच्चों के साथ बानो मेला देखने आए थे।मेला देखने बाद वापस टेम्पो से घरलौट रहे थे।तभी तेज गति से चल रहे टेम्पो से ड्राइवर का संतुलन बिगड़ जाने के कारण टेम्पो पलट गया। एक ओर तेज गति गाड़ी चल रही थी तथा टेम्पो में ओभर लोड होने के कारण सन्तुलन विगड़ गया ।मिली जानकारी के अनुसार टेम्पो में लगभग 15 लोग सवार थे ।इस दुर्घटना में विकास कोनगाडी सुरेश कोनगाडी गांव ,पुकेदा,तथा सुशिल मड़की दिलेश्वरी कुमारी ,शंकर सिंह सरिता कुमारी दिगम्बर सिंह ग्राम डोलडाडी के है । दुघर्टना में विकास कोनगाडी को व दिगम्बर सिंह को गम्भीर चोट लगी है। घटना के बाद सभी घायलों को टेम्पो में बिठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए लाया गया । सभी का इलाज किया जा रहा है।

## जेएसएलपीएस ने चलाया जागरूकता अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र के विभिन्न गांव में रविवार को जेएसएलपीएस के अधिकारियों ने गांव में पहुंचकर गांव के छूटे हुए परिवार को समूह में जुड़ने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। इस मौके पर जेएसएलपीएस के कार्यक्रम प्रबंधक ओम प्रकाश कुमार ने ग्रामीण महिलाओं को इकट्ठा कर संबोधन करते हुए कहा कि विगत सालों में जेएसएलपीएस ने समूह के जरिए ग्रामीण महिलाओं की जिंदगी बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह भारत सरकार की एक बहुत बड़ी महत्वकांशी योजना है, जो पुरे देश में गरीबी को दूर करने के लिए बनाया गया सबसे बड़ा गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम है। इस दौरान चिनीयां चिरका विलैती खैर रानीचेरी इत्यादि गांव में जेएसएलपीएस के अधिकारियों ने भ्रमण कर महिलाओं को जागरूक किया। इस मौके पर शामिल प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक ओम प्रकाश कुमार सामुदायिक समन्वयक संजीत कुजुर आईपीआरपी जीतन राम उराव रिंकी देवी देवलाती देवी कविता कुमारी गुड़िया देवी आदि उपस्थित थे।

## जीयर स्वामी का शुभागमन, जयकारों से भक्तिमय हुआ वातावरण

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

भारत के महान मनीषी ब्रह्मलीन संत पूज्य श्री श्री 1008 श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के शिष्य पूज्य पाद श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज का शुभागमन रविवार की दोपहर पाल्हे-जतपुरा स्थित यज्ञ स्थल पर हुआ। श्री जीयर स्वामी जी महाराज यहां 5 माह तक रहेंगे। इस दौरान श्री जीयर स्वामी जी महाराज का संकल्पित चातुर्मास्य व्रत एवं पूज्य पाद स्वामी जी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित होने वाले श्री रामानुजाचार्य सहस्त्राब्दी जयंती स्मृति महा महोत्सव व श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ संपन्न होगा। सभी कार्यक्रम स्वामी जी के दिशा-निर्देशन में संपन्न होगा।



श्री जीयर स्वामी जी महाराज के दर्शन व स्वागत के लिए श्री बंशीधर नगर अनुमंडल सहित गढ़वा जिला ही नहीं बल्कि अन्य जिलों के 2,000 से अधिक श्रद्धालु भक्तगण यज्ञ समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र चौबे की अगुवाई में रमुना प्रखंड के कविसा गांव में सुबह 10 बजे से ही चिलचिलाती धूप में जमे हुए थे। जैसे ही स्वामी जी महाराज राष्ट्रीय राजमार्ग 75 से कविसा गांव पहुंचे वैसे ही श्रद्धालु भक्तजनों के जयकारा से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। स्वागत व दर्शन के पश्चात जयकारा के बीच श्रद्धालु भक्तों के काफिले के साथ स्वामी जी महाराज पाल्हे-जतपुरा स्थित यज्ञ स्थल पर पहुंचे। यज्ञ स्थल पर भक्तों के जयकारा से पूरा वातावरण भक्ति में हो गया। इस दौरान स्वामी जी महाराज के दर्शन के लिए भारी जनसमूह यज्ञ स्थल पर उमड़ पड़ा। दर्शन व स्वागत के बाद श्रद्धालु भक्तों के बीच स्वामी जी महाराज के निदेर्शानुसार प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र चौबे, सचिव अनीश शुक्ल, उपाध्यक्ष अमित कुमार शुक्ला, सुनील कुमार चौबे, कोषाध्यक्ष श्याम बिहारी शुक्ला, सह कोषाध्यक्ष शिवनारायण चौबे, प्रदीप शुक्ला, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, शारदा महेश प्रताप देव, धीरेंद्र चौबे, रामानंद पांडेय, राजेश प्रताप देव, ओमप्रकाश चौबे, हृदयानंद प्रसाद कमलापुरी, रमेश प्रसाद, हृदय कांत शुक्ला, रजनी सिंह, मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, धर्मेंद्र प्रताप देव, मुरली शुक्ल, विजेंद्र शुक्ला सहित यज्ञ समिति के पदाधिकारी सदस्य व श्रद्धालु उपस्थित थे।

### खरौंधी के बीडीओ व प्रमुख के संयुक्त प्रयास ने लाया रंग

# प्रखंड कार्यालय भवन की होगी मरम्मत

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी (गढ़वा)**

प्रमुख आभा रानी तथा बीडीओ गणेश महतो के संयुक्त प्रयास ने रंग लाया है। जिले के वैसे प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन जो जर्जर है उसकी मरम्मत की जाएगी। खरौंधी प्रखंड कार्यालय की मरम्मत भी जल्द कराई जाएगी। इसके लिए उप विकास आयुक्त ने जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को पत्र भेजा है। साथ ही जल्द प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया है। उप विकास आयुक्त ने पत्र में उल्लेख किया है यदि प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन के जीर्णोद्धार की आवश्यकता हो तो उससे संबंधित प्रस्ताव तैयार कर अपने मंतव्य के साथ दो दिनों के अंदर उपायुक्त कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि प्रखंडों से प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में संबंधित कार्यपालक अभियंता से तकनीकी स्वीकृति प्रदत्त प्राक्कलन प्राप्त कर स्वीकृति की दिशा में आवश्यक कार्रवाई हेतु विभाग को भेजा जा सके।




खरौंधी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश महतो ने 17 मई को पत्र भेजकर उप विकास आयुक्त को प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन की जर्जर अवस्था और इसकी मरम्मती की आवश्यकता के बारे में संसूचित किया था और खरौंधी प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन की शीघ्र मरम्मती की मांग की थी ताकि प्रखंड सह अंचल कार्यालय का कार्य सही तरीका से संपादित किया जा सके। प्रखंड प्रमुख आभा रानी ने बताया खरौंधी प्रखंड अंचल कार्यालय का भवन जर्जर अवस्था में पहुंच गया था। इसकी मरम्मती व जीर्णोद्धार के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी से बात कर जिले के पदाधिकारियों से जीर्णोद्धार के संबंध में पत्राचार के लिए बात की थी। इसके अलावा पिछले दिनों मनरेगा जांच के लिए खरौंधी आए मनरेगा लोक पाल रांची, गढ़वा उपायुक्त तथा उप विकास आयुक्त गढ़वा से ब्लॉक की मरम्मती का मांग की थी। खरौंधी से पत्राचार तथा मांग के पश्चात खरौंधी प्रखंड कार्यालय से जीर्णोद्धार के साथ जिले के जर्जर हुए सभी प्रखंडों के प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवनों के जीर्णोद्धार की दिशा में पहल की जा रही है। यह जिला प्रशासन का सराहनीय कदम है। प्रखंड सह अंचल कार्यालय विकास एवं जनहित के कार्यों के कार्यान्वयन व संचालन के प्राथमिक आयाम होते हैं। ऐसे में प्रखंड भवन को दुरुस्त एवं सुविधा संपन्न बनाने से जनता के कार्य संपादन में सुविधा होगी।

### गढ़वा जिले में कुल 20 प्रखंड

जानकारी के अनुसार गढ़वा जिले में कुल 20 प्रखंड हैं, जिनमें अधिकांश प्रखंडों में प्रखंड सह अंचल कार्यालय एक ही भवन में संचालित है। इन 20 प्रखंडों में से कुछ में ही नए प्रखंड सह अंचल भवन बने हैं, जबकि अधिकांश प्रखंडों में पूर्व में बने प्रखंड सह अंचल कार्यालय का भवन जर्जर अवस्था में है। जर्जर प्रखंड सह अंचल कार्यालय के भवन का जीर्णोद्धार करने से प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचलाधिकारी को प्रखंड सह अंचल कार्यालयों को प्रदत इक्विपमेंट्स और अन्य आवश्यक सामग्री सही स्थान पर शिफ्ट कर सकेंगे। इसके साथ ही प्रखंड अंचल कार्यालय के कार्यान्वयन के लिए आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर भी दुरुस्त होगा। इसके अलावे प्रखंड सह अंचल कार्यालयों से होने वाले सारे कार्यों में सहूलियत एवं सुविधा होगी।

## चतरा/लातेहार संक्षिप्त

### आदिवासी बहुल गम्हरिया सुविधाओं से कोसों दूर, आजादी के वर्षों बाद भी पुल व सड़क नहीं

**गिद्धौर(चतरा)।** केंद्र व राज्य सरकार से लेकर सांसद व विधायक द्वारा विकास का डंका बजाया जा रहा है। वहीं गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत मझगांवां पंचायत का आदिवासी बहुल गम्हरिया गांव आज भी मूलभूत सुविधाओं से कोसो दूर है। आजादी के वर्षे बाद भी गांव में सड़क व पुलिया नहीं बनाया गया है। जिसके कारण गांव के लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस गांव से प्रखंड मुख्यालय गिद्धौर, चतरा व हजारीबाग जाने के लिए एक ही रास्ता है। रास्ते की स्थिति काफी जर्जर है और रास्ते में बड़ा नाला है जिसपर आज तक पुल नहीं बना है। रास्ते व पुलिया नहीं बनने के कारण आवगमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोग गर्मी के मौसम में खेत खलियान होते बच्चों को स्कूल भेजते हैं। परन्तु बरसात आते ही गांव टापू बन जाता है। बच्चे भी स्कूल नहीं जा पाते हैं। गांव में कोई बीमार हो जाता है तब इलाज के अभाव में कई लोग गांव में ही दम तोड़ देते हैं। उपरोक्त जानकारी ग्रामीण मंटू उरांव, संजय उरांव, बिरसा उरांव, कार्तिक उरांव, गोवर्धन उरांव, बिरहो उरांव, सोमा मुंडा, मंगरा उरांव, बुधनी देवी, पैरो देवी, मिला देवी, रूपी देवी, रेनू देवी, बसंती देवी, बोधन यादव, विक्रमजीत सिंह, विक्रम सिंह राठौर, दिगंबर दास आदि ने देते हुए गांव में सड़क व पुलिया बनाने की मांग डीसी से की है।

### जेएमएम ने सदस्यता अभियान चलाया



**बरवाडीह।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव सचिव शमशुल हुदा, प्रवक्ता सदस्यता प्रभारी दीपू कुमार सिन्हा के निर्देशानुसार के प्रखंड के सभी पंचायतों में जोर-शोर से सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। छेचा पंचायत में झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सह प्रखंड बीस सूत्री सदस्य शशि भूषण तिवारी एवं प्रखंड उपाध्यक्ष सह 20 सूत्री सदस्य महबूब आलम के द्वारा पार्टी का विस्तार सदस्यता अभियान चलाया गया। मौके पर पार्टी के अशोक कोरबा, श्रीनाथ मिस्त्री, भूखली देवी, जिलेबिया देवी, सत्येंद्र कुमार सिंह, सोनू कोरवा, कर्म राम आदि साथ थे।

### पेड़ लगाकर जागरूकता अभियान चलाया



**बालूमाथ।** मगध सीसीएल में विश्व पर्यावरण दिवस पर रविवार को पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूक अभियान चलाया गया और लोगों को पेड़-पौधे लगाने को प्रेरित किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में सीसीएल प्रबंधन मगध उप प्रमुख बालूमाथ के द्वारा संयुक्त रूप से रहे। इस अवसर पर मगध सीसीएल प्रबंधन बालूमाथ उप प्रमुख कामेश्वर राम सहित कई सीसीएल कर्मचारी एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। वहीं सीसीएल कर्मचारी एवं स्थानीय ग्रामीणों को बताया गया कि पर्यावरण को बचाने की जरूरत है, ताकि वातावरण संतुलित रहे। इस बात को समझने की जरूरत है कि हम कुदरत से हैं, कुदरत हमसे नहीं। मौके पर पेड़ लगाने और प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर बालूमाथ उप प्रमुख कामेश्वर राम ने गांव शहरवासियों से पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में अधिक से अधिक पौधे लगाने और शहर व गांव में हरियाली फैलाने की अपील करते हुए कहा कि इंसान और पर्यावरण के बीच बहुत गहरा संबंध है और प्रकृति के बिना जीवन संभव नहीं है। ऐसे में हमें प्रकृति के साथ तालमेल बिठाना ही होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ रखना हर का नैतिक कर्तव्य है। मौके पर मगध सीसीएल प्रबंधन व कई सीसीएल कर्मचारी एवं स्थानीय ग्रामीण कई सामाजिक कार्यकता मौजूद थे।

### साइकिल दिवस पर निकाली जागरूकता रैली




**लातेहार।** विश्व साइकिल दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के बैनर तले बनवारी साहू महाविद्यालय में जागरूकता रैली निकाली गयी। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से साइकिल के उपयोग के महत्व और उपयोगिता बताना था। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी ने जागरूकता रैली को रवाना किया। मौके पर उन्होंने कहा कि विश्व साइकिल दिवस का उद्देश्य मानव स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक साबित हो सकता है। इस मौके पर अनु कुमारी, कविता कुमारी, आरती कुमारी, शीतल, अनामिका, रविंद्र सिंह, जय मुनि, नंदा एवं उषा कुमारी आदि उपस्थित है।

## नील गाय से परेशान किसानों ने फसल उगानी बंद की, कोई नहीं ले रहा सुध

**नवीन मेल संवाददाता। कांडी** प्रखंड में पिछले एक दशक से भी अधिक समय से यहां के किसान नील गाय के आतंक से परेशान हैं, लेकिन आज तक इस समस्या का कोई सामाधान नहीं निकल सका। प्रखंड के किसान अपने खेतों में फसल उगाना बंद कर चुके हैं।

प्रखंड की हजारों एकड़ जमीन परती है, जहां पर कभी किसान अच्छी फसल पैदा करते थे। आज वर्षों से जमीन बंजर पड़ा हुआ है। कभी उक्त खेतों में बिना सिंचाई के भी अरहर, अलसी, चना, बटुरी, उरद, बराई, मसूर सहित अन्य फसल प्रचुर मात्रा में पैदा होती थी, लेकिन जब से नीलगाय का आतंक बढ़ा है किसान फसल उगाना बंद कर दिए हैं। वर्तमान में नील गायों



का आतंक काफी बढ़ गया है। यह खबर बार-बार प्रकाशित होती है, किन्तु वन विभाग व वरीय पदाधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही। बता दें कि प्रत्येक वर्ष किसानों की बारमाही खेती की जाती है और वन से भागे भूखे प्यासे जीव-जंतुओं द्वारा नष्ट कर दी जाती है। वर्तमान में मूंग की फसलों की खेती सही तरीके से करना मुश्किल हो गया है। इस पर राज्य सरकार, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों व वरीय पदाधिकारियों का कोई ध्यान नहीं है। किसानों के परिश्रम पर पानी फेरना कतई ठीक नहीं है। किसान संजय मेहता, प्रभु दयाल साह, जगनारायण साह, सुजीत कुमार दुबे, अरुण कुमार सिंह, जय किशुन राम, इस्राइल अंसारी सहित सैकड़ों की संख्या में वैसे किसान है जो अपने खेतों में फसल पैदा करना बंद कर चुके हैं। खेत रहते हुए भी आज प्रखंड के किसान नीलगाय के आतंक के कारण बेकार होकर रह गए हैं।

उक्त किसानों ने बताया कि जब हम अपने वर्षों से बंजर पड़े खेतों की ओर जातें है तो लगता है कि अब कभी हमारी खेतों में फसल नहीं उगेगी। परती खेत देखकर आखों में आंसू निकल आते हैं।

## विधायक ने किया सड़क का शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। कांडी**

विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, जिला पार्षद नेहा कुमारी व मुखिया कौशल्या देवी ने रविवार को प्रखंड के घटहुआं कला पंचायत के राजा घटहुआं गांव में कालीकरण सड़क निर्माण का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना कार्यक्रम अंतर्गत 3.75 करोड़ की लागत से 3.8 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य किया जाएगा। विधायक ने कहा कि साथ ही एक पुलिया का भी निर्माण होगा। कार्यक्रम में उपस्थित पंचायत के मुखिया कौशल्या देवी ने विधायक को 9 सूत्री मांग पत्र सौंप कर अपने पंचायत की समस्या को दूर करने की मांग की। इस पर विधायक ने कहा कि पंचायत ही नहीं प्रखंड के कोई भी ऐसा गांव विकास से




अछूता नहीं रहेगा चाहे वह सड़क, बिजली, शिक्षा चिकित्सा पानी जैसे समस्या को दूर किया जाएगा। वहीं जिला विधायक प्रतिनिधि भोला चंद्रवंशी, कांडी विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह, राणाडीह मुखिया ललित बैठा सहित अन्य वक्ताओं ने भी सभा को संबोधित किया। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामलला दुबे ने कहा कि कांडी प्रखंड के दर्जनों टोलों में अभी तक बिजली नहीं पहुंची है। उन्होंने विधायक से सभी टोलों पर विद्युतीकरण करने की मांग की। मौके पर विधायक प्रतिनिधि मणिकांत सिंह, घटहुआं कला पंचायत के उप मुखिया संतोष कुमार गुप्ता, मझिआंव मंडल अध्यक्ष पवन गुप्ता, महामंत्री संजय कमलापुरी, कांडी मंडल महामंत्री शशिरंजन दुबे, अरुण राम, शिवप्रसाद गुप्ता, संवेदक बब्लू दुबे, स्वयंसेवक सत्येंद्र राम सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### संकट सैकड़ों ग्रामीण कर रहे पेयजल किल्लत का सामना

# फुलवार गांव में जलमीनार छह माह से खराब

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

प्रखंड क्षेत्र के कैलान पंचायत के फुलवार गांव में लगने के एक दिन बाद ही करीब छह माह से यह जल मीनार खराब पड़ा हुआ है। इसके चलते की सैकड़ों ग्रामीणों को पेयजल की किल्लत हो रही है।

ग्रामीण ब्रजेश यादव, महेंद्र यादव, जयनाथ यादव, जगु यादव, ललन यादव, विनोद यादव, विकास यादव, अशोक यादव, विमलेश यादव आदि ने जलमीनार को दिखाते हुए जानकारी देते हुए बताया कि करीब छह से सात माह पूर्व पीएचडी विभाग के ठेकेदार द्वारा इस जल मीनार को लगाया गया था। लगाने के समय एक ही दिन यह जल मीनार चालू रहा। वह




भी टंकी में आधा टंकी पानी ही ऊपर चढ़ पाया। उस समय जल मीनार लगाने वाले ठेकेदार के कर्मी, मिस्त्री आदि ने कहा कि यह धीरे-धीरे एक-दो दिन बाद ठीक हो जाएगा और टंकी में पूरा पानी भर जाएगा। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ ठेकेदार, मिस्त्री और अन्य कर्मियों के जलमीनार लगाकर जाने के बाद दूसरे दिन से पानी का चड़ना बंद हो गया और अभी तक स्थिति वही बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में पंचायत प्रतिनिधि से लेकर पीएचडी के अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को भी इसकी सूचना दी गई, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई पहल नहीं हो पाई है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इसके पूर्व इस जलमीनार के बगल में एक चापानल लगा हुआ था। उसी चापानल से ग्रामीणों का काम चलता था लेकिन वह भी खराब हो गया है। ग्रामीणों ने अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों से अविलंब इस जलमीनार की मरम्मत कराकर चालू कराने का मांग की है। जेई देवेंद्र किस्को से पूछे जाने पर कहा कि जल मीनार चालू था ग्रामीणों ने पाइप को तोड़ दिया गया है।

## जहरीले सांप के डसने से ताली गांव की महिला की मौत

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर पंचायत के ताली गांव निवासी हरीनाथ बैठा की पत्नी सुषमा देवी(उम्र 60 वर्ष)की मौत शनिवार की देर रात्रि में इलाज कराने ले जाने के क्रम में हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह सुषमा देवी खेत में मुंग तोड़ रही थी इसी क्रम में जहरीला सांप ने पैर में डस लिया। इसके बाद परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा में भर्ती कराया इलाज के बाद स्थिति में सुधार देख परिजनों ने उक्त महिला को घर ले लाये। लेकिन कुछ समय बाद महिला की तबियत बिगड़ने लगी जिसके बाद परिजनों ने प्राइवेट एम्बुलेंस से महिला को इलाज के लिए तुम्मेगाडा. अस्पताल ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही उसके मौत हो गई। मुखिया मुंगा साह, उप मुखिया दयानंद विश्वकर्मा, समाजसेवी ब्रह्मदेव गुप्ता ने शोक व्यक्त किया।

# भारत-नेपाल संबंध

**भारत** और नेपाल के संबंध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रहे हैं, लिहाजा रोटी और बेटी के रिश्ते स्वाभाविक हैं। नेपाल प्राचीन 'अखंड भारत' का ही एक हिस्सा था, लेकिन अब नेपाली राजनीतिज्ञ और आम नागरिक भी इस 'ऐतिहासिकता' से चिढ़ते हैं। अब मानचित्र के आधार पर भी रिश्तों के विश्लेषण किये जा रहे हैं। बल्कि भारत के ही कुछ हिस्सों पर नेपाल आजकल दावा जताने लगा है। यह एक नई किस्म का विवाद पैदा किया जा रहा है। नेपाल का अस्तित्व, भारत के बिना, आधा-अधूरा और डांवाडोल है, यह सोच और अनुभव करने के बाद नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' भारत आए हैं। बीती दिसंबर में एक बार फिर प्रधानमंत्री बनने के बाद प्रचंड ने अपना पहला विदेशी प्रवास भारत में किया है। प्रचंड का यह दौरा द्विपक्षीय संबंधों और संवाद की तुलना में कहीं ज्यादा अहम है, क्योंकि 2008 में पहली बार नेपाली प्रधानमंत्री बनने के बाद प्रचंड की प्राथमिकता चीन की ओर थी। शायद कम्युनिस्ट होने के कारण भी उनकी सोच चीन-केंद्रित थी, लेकिन तब से लेकर आज तक भारत-नेपाल-चीन के समीकरण पूरी तरह बदल चुके हैं। भारत और चीन के संबंधों में कड़वाहट है। तनाव है। 2020 में लद्दाख की गलवान घाटी के संघर्ष के बाद टकराव और ज्यादा बढ़ा है। दोनों पक्षों के हजारों सैनिक लंबे अंतराल से एक-दूसरे के सामने तैनात हैं। चीन घुसपैठ और अतिक्रमण से बाज नहीं आ रहा है। नेपाल लगातार महसूस करता रहा है कि वह दो महाकाय और शक्तिशाली पड़ोसियों के बीच फंस गया है। एक और समीकरण नई मुश्किलें और पेचीदगियां पैदा कर रहा है। नेपाल अमरीका और चीन के बीच नए 'रणनीतिक युद्धक्षेत्र' के तौर पर उभर रहा है। अमरीका ने नेपाल को 50 करोड़ डॉलर का अनुदान दिया है, लेकिन नेपाल ने 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' आदि के तहत चीन के साथ जिन परियोजनाओं के समझौतों पर हस्ताक्षर कर रखे हैं, अब उन्हें यथाशीघ्र पूरा करने का दबाव चीन बढ़ा रहा है। नेपाल इसे नजरअंदाज नहीं कर सकता, क्योंकि उसकी भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि दिल्ली और बीजिंग से अच्छे और निर्बाध संबंध बरकरार रखना काठमांडू की मजबूरी है। प्रधानमंत्री प्रचंड इन तमाम परिस्थितियों के मद्देनजर भारत आए हैं। इस प्रवास के दौरान दोनों देशों ने सात महत्त्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। बेशक नेपाल भारत का सहोदर-सा है, लिहाजा 1950 से भारत-नेपाल मैत्री एवं शांति संधि दोनों पक्षों के संबंधों का आधार है, लेकिन कुछ फैसलों और रणनीति के मद्देनजर भारत चौकस है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में पदभार संभालने के तीन माह बाद ही नेपाल का दौरा किया था। उस प्रथम विदेशी प्रवास के दौरान भारत ने सद्भावना के जो संबंध कायम किए थे, 2015 में नेपाल की नाकेबंदी ने उन्हें पूरी तरह पलट दिया था, लिहाजा भारत इस बार कुछ ज्यादा ही चौकसी बरत रहा है। नेपाल की प्रबल इच्छा थी कि भारत उससे ज्यादा बिजली का आयात करे, लिहाजा तय किया गया है कि भारत नेपाल से 10,000 मेगावाट बिजली का आयात करेगा। भारत-नेपाल के बीच नए रेल लिंक बनेंगे। भारतीय रेल संस्थानों में नेपाली रेलकर्मियों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। मोतिहारी पाइप लाइन के प्रभाव को देखते हुए इसे चितवन तक बढ़ाने का फैसला किया गया है। सिलीगुड़ी से पूर्वी नेपाल तक एक और पाइप लाइन बिछाई जाएगी। नेपाल की गैस और पेट्रोल संबंधी जरूरतें भारत ही पूरी करता रहा है। दोनों देशों के बीच बसें चलती रहती हैं, लेकिन 'दोस्ती' में चौकसी इसलिए बरतनी पड़ रही है, क्योंकि नेपाल के घुटने चीन की तरफ भी बहुत तेजी से मुड़ते हैं।

**बेशक नेपाल भारत का सहोदर-सा है। नेपाल का अस्तित्व, भारत के बिना, आधा-अधूरा और डांवाडोल है, यह सोच और अनुभव करने के बाद नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' भारत आए हैं।**

# सादगी ही समाधान!





आलोक रंजन झा

**पर्यावरण** संकट के कारण हमारे अस्तित्व पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। इससे इसके लिए जिम्मेदार, आधुनिक और तकनीकि रूप से उन्नत दुनिया भी चिंतित और चिंतनशील है। हम भी प्रत्यक्ष तौर पर देख रहे हैं कि कैसे प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन से कहीं अत्यधिक गर्मी, तो कहीं अत्यधिक सर्दी, कहीं अतिवृष्टि, तो कहीं अनावृष्टि, कहीं बाढ़, तो कहीं सूखा के रूप में हमारे सौर मंडल के सबसे सुंदर ग्रह पर जीवन के सामने विकट परिस्थितियां पैदा हो गई हैं। ऐसे में हमारे लिए यह बेहद जरूरी हो जाता है कि हम यह जानने-आजमाने की कोशिश करें कि मौजूदा पर्यावरणीय संकट के कारण और समाधान क्या हैं?

पर्यावरण हमारे जीवन का आधार है। इसकी रक्षा और संरक्षण करना हमारा कर्तव्य है। इस उद्देश्य का समर्थन करने के लिए ही विश्व पर्यावरण दिवस प्रत्येक वर्ष 5 जून को मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम 'प्लास्टिक प्रदूषण का समाधान' रखी गई है। इसी बीच, संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों ने प्लास्टिक प्रदूषण की उफनती लहर से निपटने के लिए जल्द से जल्द कारगर उपाय अपनाने का आग्रह किया है। बहरहाल, पर्यावरण संकट के कारणों और समाधानों पर चर्चा करने से पहले यह जानना जरूरी है कि पर्यावरण किसे कहते हैं? दरअसल, पर्यावरण के अंतर्गत हमारे चारों ओर विद्यमान प्राकृतिक व्यवस्थाएं, संपूर्ण सौर मंडल में उत्पन्न होने वाली परिस्थितियां एवं शक्तियां आती हैं, जो मानवीय क्रिया कलापों को प्रभावित करती हैं। पृथ्वी पर मौजूद सभी जैविक व अजैविक तत्वों, जिनका हम अपने जीवन में नित्य अनुभव करते हैं, सामूहिक रूप से पर्यावरण का निर्माण करते हैं। जीवित रहने के लिए जिन पांच तत्वों- वायु, जल, अग्नि, थल व आकाश की आवश्यकता होती है वो पर्यावरण में विलीन हैं। ऐसे में कहा जा सकता है कि 'नीले ग्रह' पर जीवन के लालन-पालन के लिए पर्यावरण प्रकृति का एक अनमोल का 'उपहार' है।

पर्यावरण संकट के कई कारण हैं, जिनको दो भागों (प्राकृतिक गतिविधियां एवं मानवीय गतिविधियों) में विभाजित किया जा सकता है। प्राकृतिक गतिविधियों में-महाद्वीपों का खिसकना, जिसकी वजह से समुद्री धाराएं तथा हवाएं प्रभावित होती हैं। वहीं ज्वालामुखी विस्फोट होने के परिणामस्वरूप सूर्य प्रकाश की मात्रा घट जाती है और धरती का तापमान कम हो जाता है, जबकि पृथ्वी के झुकाव के कारण अधिक गर्मी और अधिक सर्दी पड़ती है। पर्यावरण को संतुलित रखने में सागरों का बड़ा योगदान होता है। समुद्र के बहाव में बदलाव आने से पर्यावरण प्रभावित होता है। मानवीय गतिविधियों की बात करें, तो जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, रेडियोएक्टिव प्रदूषण, ध्वनी प्रदूषण एवं भूमि प्रदूषण पर्यावरण को दूषित करने का कार्य करते हैं। वहीं तेजी से बढ़ती जनसंख्या की वजह से वातावरण में ग्रीनहाउस गैस की मात्रा में वृद्धि होती है। शहरीकरण भी विभिन्न प्रकार के प्रदूषणों में वृद्धि करता है, जिससे पर्यावरण को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। औद्योगीकरण को तो पर्यावरण संकट का मुख्य कारण माना जाता है। इसकी वजह से पृथ्वी के वातावरण में कई प्रकार की विषैली गैसों का उत्सर्जन होता है, जिससे समस्या बढ़ जाती है। वहीं, वृक्षों को काटने से पर्यावरण पर इसका बुरा प्रभाव पड़ता है। पेड़ काटने की प्रक्रिया में वृद्धि होने के कारण ग्लोबल वार्मिंग की समस्या बढ़ती है, जिसका सीधा प्रभाव मौसम पर पड़ता है। इसके अलावा कारखानों से निकलने वाले रसायन के कारण वातावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। ये रसायन पृथ्वी के वायुमंडल में पहुंच कर ओजोन परत को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे प्राणियों को त्वचा कैंसर जैसी भयंकर रोग की संभावना होती है। साथ ही मिलों से निकलने वाली गैस वृक्षों व फसलों पर भी बुरा प्रभाव डालती है। पिछले कुछ दशकों में रासायनिक उर्वरकों की मांग इतनी तेजी से बढ़ी है। जैसे-जैसे इनका उपयोग बढ़ता जा रहा है, वैसे-वैसे वायु, जल तथा भूमि में इनकी मात्रा भी बढ़ती जा रही है, जो पर्यावरण को निरंतर प्रदूषित कर घातक स्थिति में पहुंचा रहे हैं।

**पर्यावरण संकट की गंभीरता के बारे में आंकड़े व अध्ययन तो निरंतर बढ़ रहे हैं, किंतु समाधान की राह स्पष्ट नहीं हो रही है। इस स्थिति में महात्मा गांधी के विचारों को नए सिरे से टटोलने की जरूरत है।**

**इन दिनों**

पर्यावरण संकट के परिणामस्वरूप, दुनिया के मानसूनी क्षेत्रों में वर्षा में वृद्धि हो रही है। इसके साथ ही बाढ़, भूस्खलन तथा भूमि अपरदन समस्याएं पैदा हो रही हैं। जल की गुणवत्ता में गिरावट आने के साथ पीने योग्य जल की आपूर्ति पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। पर्यावरण संकट का प्रभाव कृषि पैदावार और जैव विविधता पर भी पड़ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार, जलवायु में उष्णता के कारण श्वास तथा ह्रदय संबंधी बीमारियों में वृद्धि हो रही है। वहीं, जलवायु परिवर्तन के फलस्वरूप न सिर्फ रोगाणुओं में बढ़ोतरी हो रही है, अपितु इनकी नई प्रजातियों की भी उत्पति हो रही है, जिसके कारण फसलों की उत्पादकता पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। वैज्ञानिकों के अनुसार, ग्लेशियरों के पिघलने के कारण विश्व का औसत समुद्री जल स्तर 21वीं शताब्दी के अंत तक 9 से 88 सेंटीमीटर तक बढ़ने की संभावना है, जिससे दुनिया की आधी से अधिक आबादी पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

प्रकृति के साथ हमारा सहोदर भाव, सहअस्तित्व और सौमनस्यता का रिश्ता कमजोर होना पर्यावरण संकट की मुख्य वजह माना जा रहा है। प्रकृति के बेरहम दोहन की प्रवृत्ति ने आज ऐसी स्थिति पैदा कर दी है कि जल, जंगल जमीन, वायु, आकाश, जन और जानवर के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया है। इस समस्या की गंभीरता के बारे में आंकड़े और अध्ययन तो निरंतर बढ़ रहे हैं, किंतु दुख व चिंता की बात है कि समाधान की राह स्पष्ट नहीं हो रही है। इस अनिश्चय की स्थिति में महात्मा गांधी के विचारों को नए सिरे से टटोलने की जरूरत है। उनके विचारों में मूलतः सादगी को बहुत महत्व दिया गया है, जो हमें पर्यावरणीय संकटों के समाधान की ओर ले जाते हैं। पर्यावरण संकट को समय रहते नियंत्रित करने के लिए ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करना बहुत जरूरी है। हालांकि महात्मा गांधी के समय में ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन कम करने की जरूरत तो नहीं महसूस की जा रही थी, लेकिन उन्होंने उस समय ही पर्यावरण की समस्या का मर्म पकड़ लिया था और कहा था कि धरती के पास सबकी जरूरतों को पूरा करने के लिए तो पर्याप्त ससाधन हैं, पर लालच को पूरा करने के लिए नहीं। ऐसे में तकनीकी उपायों के साथ जीवाश्म ईंधन को कम कर नवीकरणीय ऊर्जा को अधिक अपनाया जाए, तो यह अपने आप में बहुत अच्छा और जरूरी बदलाव होगा, लेकिन यदि इसके साथ में सादगी व समता के सिद्धांत को नहीं अपनाया गया, छीना-झपटी व उपभोक्तावाद को बढ़ाया गया, तो आज नहीं तो कल, किसी न किसी रूप में पर्यावरण समस्या बहुत गंभीर रूप ले लेगी।

**बोधि वृक्ष**

## आईये सुनें माता गायत्री की कथा

**तब** भगवान विष्णु हरिद्रा सरोवर के निकट पहुंचकर कठोर तप करते हैं। भगवान विष्णु ने तप करके महात्रिपुरसुन्दरी को प्रसन्न किया तथा देवी शक्ति उनकी साधना से प्रसन्न हुईं और सौराष्ट्र क्षेत्र की हरिद्रा झील में जलक्रीड़ा करतीं महापीत देवी के हृदय से दिव्य तेज उत्पन्न हुआ। उस समय चतुर्दशी की रात्रि को देवी बगलामुखी के रूप में प्रकट हुईं। त्रैलोक्य स्तम्भिनी महाविद्या भगवती बगलामुखी ने प्रसन्न होकर विष्णुजी को इच्छित वर दिया और तब सृष्टि का विनाश रुक सका। देवी बगलामुखी को बीर रति भी कहा जाता है, क्योंकि देवी स्वयं ब्रह्मास्त्ररूपिणी हैं। इनके शिव को एकवक्त्र महारुद्र कहा जाता है इसीलिए देवी सिद्ध विद्या हैं। तांत्रिक इन्हें स्तंभन की देवी मानते हैं। गृहस्थों के लिए देवी समस्त प्रकार के संशयों का शमन करने वाली हैं।

*(समाप्त)*

***आईये सुने माता सती की कथा***

प्रजापति दक्ष की पुत्री सती को शैलपुत्री भी कहा जाता था और उसे आर्यों की रानी भी कहा जाता था। दक्ष का राज्य हिमालय के कश्मीर इलाके में था। यह देवी ऋषि कश्यप के साथ मिलकर असुरों का संहार करती थी। मां सती ने एक दिन कैलाशवासी शिव के दर्शन किए और वह उनके प्रेम में पड़ गई। एक तरफ आर्य थे तो दूसरी तरफ अनार्य। लेकिन सती ने प्रजापति दक्ष की इच्छा के विरुद्ध भगवान शिव से विवाह कर लिया। दक्ष इस विवाह से संतुष्ट नहीं थे, क्योंकि सती ने अपनी मर्जी से एक ऐसे व्यक्ति से विवाह किया था जिसकी वेशभूषा और शक्ल दक्ष को कतई पसंद नहीं थी। दक्ष ने एक विराट यज्ञ का आयोजन किया लेकिन उन्होंने अपने दामाद और पुत्री को यज्ञ में निमंत्रण नहीं भेजा। फिर भी सती अपने पिता के यज्ञ में पहुंच गई। लेकिन दक्ष ने पुत्री के आने पर उपेक्षा का भाव प्रकट किया और शिव के विषय में सती के सामने ही अपमानजनक बातें कही।

*(क्रमशः)*

# भारत के सतत विकास के लिए ठोस नीतियों की जरूरत



अरूणाभ घोष

**सतत** विकास के लिए नीतियों की जरूरत होती है, लेकिन इसके लिए लोगों की भी आवश्यकता होती है। जब तक हम ऊर्जा स्रोतों में बदलाव और सतत विकास को लोगों के करीब नहीं लायेंगे, तब तक हम पर्यावरण-अनुकूल और जनहितैषी प्रभाव तथा कार्यक्रमों के सतत संचालन से जुड़ी सामुदायिक कार्रवाई के लिए आवश्यक कठोर निर्णयों के प्रति दीर्घकालिक सामाजिक समर्थन प्राप्त नहीं कर सकते। यही कारण है कि, जब भारत के सतत विकास से जुड़ी पहलों की बात आती है, तो शब्दों से अधिक कार्रवाई में ही स्पष्टता दिखती है। सतत विकास केवल एक पर्यावरणीय चिंता नहीं है; यह वह दृष्टिकोण है, जिसके माध्यम से आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन भी हमारे सामने आता है। छोटे किसानों पर विचार करें। भारत फलों और सब्जियों के क्षेत्र में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है, लेकिन इस उत्पादन का एक अनुमान के मुताबिक 5-16 प्रतिशत सालाना बर्बाद हो जाता है। हालांकि, नवीकरणीय ऊर्जा से परिचालित आजीविका उत्पादों के साथ, बदलाव के उदाहरण जमीन पर स्पष्ट होने लगे हैं। आंध्र प्रदेश के एक छोटे से गांव मुसलरेड्डीगरीपल्ली में, महिलाओं के समूह बैंगन, टमाटर, करेला और केले को बर्बाद होने से बचाने के लिए, सौर ऊर्जा संचालित ड्रायर में सुखाकर हर महीने लगभग 3.5 लाख रुपये अर्जित कर रहे हैं। जब सबसे कमजोर और वंचित समुदाय अपने जीवन और आजीविका, नए बाजार तथा व्यवसायों से संबंधित अवसरों को बेहतर बनाने के लिए बड़े पैमाने पर स्थायी समाधानों को प्रदर्शित करने में सक्षम होते हैं, तो इसे राष्ट्रीय नीति रूपरेखा में शामिल किया जाता है। भारत अब आजीविका के लिए नवीकरणीय ऊर्जा संबंधी नीति बनाने वाला पहला देश है। इस तरह के कार्यों के माध्यम से, इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से, सतत विकास के लिए भारतीयो की दृष्टि में बदलाव हुए हैं। इसके तीन घटक हैं, जो वैश्विक दक्षिण के अन्य देशों के लिए एक हरित और समावेशी अर्थव्यवस्था की रूपरेखा के रूप में कार्य कर सकते हैं। पहला, विकास को नागरिक केंद्रित बनाना। चाहे वह सौभाग्य योजना हो, जिसने लगभग 100 प्रतिशत घरेलू विद्युतीकरण सुनिश्चित किया है, या उज्जवला योजना हो, जिसके तहत स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए 9.5 करोड़ एलपीजी कनेक्शन प्रदान किए गए हैं, या स्मार्ट मीटर की शुरूआत हो, जो वास्तव में लोगों के हाथों में ही बिजली-आपूर्ति के संचालन की सुविधा देता है। भारत ऊर्जा-स्रोतों में बदलाव को एक घरेलू कार्य बना रहा है। उजाला योजना, जिसका उद्देश्य एलईडी प्रकाश व्यवस्था के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण करना है, सालाना लगभग 3.9 करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को बचाने का प्रबंधन कर रही है। इसके साथ, जल जीवन मिशन ने 8 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल से सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति की सुविधा दी है। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत प्रगति हो रही है, जिसके अंतर्गत 2026 तक चुनिंदा शहरों में अति सूक्ष्म कण वायु प्रदूषण को 40 प्रतिशत तक कम करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अलावा, एकल-उपयोग प्लास्टिक पर अंकुश लगाने के लिए स्वच्छ भारत मिशन आदि ऐसे उदाहरण हैं, जो दिखाते हैं कि कैसे सतत विकास से जुड़े बड़े पैमाने के कार्यक्रम भी लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर सकते हैं। जब हम इस तरह के नागरिक-केंद्रित पहलों का विस्तार करते हैं, तो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि घरों से वास्तविक समय पर और उच्च गुणवत्ता युक्त डेटा प्रवाह को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है एवं तकनीकें और संबंधित योजनायें जमीन पर काम कर रहीं हैं।

**सतत विकास केवल एक पर्यावरणीय चिंता नहीं है; यह वह दृष्टिकोण है, जिसके माध्यम से आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन भी हमारे सामने आता है। छोटे किसानों पर विचार करें।**

**देश-दुनिया**

**फोटो की दुनिया**



**फेसबुक वॉल से**

"समय और जिन्दगी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक हैं, जिन्दगी समय का सदुपयोग सिखाती है और..समय हमें जिन्दगी की कीमत सिखाता है।"

# बढ़ती तकनीक व भीषण होते रेल हादसे, कैसे रुकेंगे



ऋतुपर्ण दवे

**बेशक** बालासोर रेल दुर्घटना देश क्या दुनिया के भीषणतम हादसों में एक है। याद भी नहीं कि देश में कभी एक साथ तीन रेलें इस तरह टकराई हों, जिसमें दो सवारी गाड़ी हों। दुर्घटना से जो एक सच सामने आया है वो बेहद दुखद और चौंकाने वाला है। रिजर्व बोगियों के अलावा बहुत-सी मौतें जनरल बोगियों में सवारों की भी हुईं जिनकी पहचान कैसे हो पायेगी? उससे भी बड़ी सच्चाई ये कि देश की अब तक सबसे ज्यादा रेल दुर्घटनाएं स्टेशनों पर पहुंचने से थोड़ा पहले हुई जिसका मतलब जब अप और डाउन दोनों ट्रैक किसी स्टेशन पर पहुंचने से पहले यात्री सुविधाओं की दृष्टि से कई लूप ट्रैक में विभाजित हो यात्रियों खातिर प्लेटफॉर्म पर गाड़ियों को पहुंचाते हैं। यहां आगे जा रही या पीछे से आ रही ट्रेनों की स्थिति और निगरानी की जरा-सी चूक हादसों में बदल जाती है। यकीनन ट्रेनों के परिचालन के लिए नित नई उन्नत और नवीनतम तकनीक विकसित होती जा रही है। बावजूद इसके हादसे उतने ही गहरे जख्म भी छोड़ जाते हैं। दरअसल ये हादसा बहानागा रेलवे स्टेशन के पास शालीमार-चेन्नै कोरोमंडल एक्सप्रेस (12841), और सर एम.विश्वेश्वरैया टर्मिनल-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस (12864) तथा मालगाड़ी एक-दूसरे से टकराने से हुआ। कोरोमंडल एक्सप्रेस डिरेल होकर खड़ी मालगाड़ी से टकराई, डिब्बे गिरे और लोग निकल जान बचाने इधर-उधर भागने लगे। ठीक उसी समय दूसरे ट्रैक पर यशवंतपुर हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस (12864) आ गई और पहले से गिरी ट्रेनों से टकरा गई। इसके चलते हादसे का रूप भयंकर वीभत्स और दिल दहला देने वाला हो गया। सुबह जब ड्रोन से तस्वीरें मिलनी शुरू हुईं तो रोंगटे खड़े कर देने वाले दर्दनाक मंजरों ने और डरा दिया। जबकि बोगियों के अन्दर की तस्वीरें बेहद दर्दनाक थीं। चारों तरफ क्षत-विक्षत मानव शरीर। मालगाड़ी के डिब्बे के ऊपर सवारी गाड़ियों के डिब्बे एक-दूसरे के ऊपर 50-55 फीट तक जा चढ़े। कई डिब्बे सैकड़ों मीटर दूर तक जा फिकाए। दोनों ही ट्रेन अपनी पूरी क्षमता से भरी थीं यानी 1750 यात्रियों को लेकर कुल 3500 यात्रियों की क्षमता के साथ अलग-अलग लेकिन पूरी रफ्तार से दौड़ रहीं थीं। इतनी रफ्तार में टकराने से क्या हुआ और होता है, सामने दिख रहा है। पिछले 20 वर्षों में यह सबसे बड़ा हादसा है। बीते बरस की ही बात है, जीरो रेल एक्सीडेण्ड मिशन में ऑटो ब्रेक सिस्टम पर तेजी से काम की खूब बातें हुई। ट्रेन प्रोटेक्शन एण्ड वार्निंग यानी टीपीडब्ल्यूएस तकनीक का ढिंढोरा पिटा। वो प्रणाली बताई गई जिसमें गलती की गुंजाइश नहीं। कोई ट्रेन रेड सिग्नल जंप भी कर जाए तो यह वार्निंग प्रणाली उसे रोक देगी। डिवाइस लोको पायलट के उन क्रियाकलापों को भी मॉनिटर करेगी जिसमें ब्रेक, हार्न, थ्रोटल हैंडल शामिल हैं। यदि कोई लोको पायलट प्रतिक्रिया नहीं देगा या झपकी लग जाए तो ये सिस्टम खुद तुरंत ऐक्टिवेट होकर ब्रेक लगाएगा। यदि ट्रेनों की रफ्तार तय स्पीड से ज्यादा हुई और रेड सिग्नल दिखा तो भी सिस्टम लोको पायलट का रिस्पांस न मिलने पर तुरंत खुद सक्रिय होगा तथा धीरे-धीरे ब्रेक लगाकर इंजन बंद कर देगा। इस हादसे पर इससे भी बड़ी विडंबना या मजाक ये कि महज एक दिन पहले ही रेल मंत्रालय ने ट्रेन सुरक्षा पर बड़ा चिंतन शिविर किया। नई तकनीकों पर जोरदार पक्ष रखा। रेल के सफर को सुरक्षित और आरामदेह बनाने पर फोकस किया और दावा कि कवच तकनीक से लैस ट्रेनों का आपस में एक्सीडेंट हो ही नहीं सकता। यहां तक कि यदि ये दो ट्रेन आमने-सामने आ भी जाएं तो यह तकनीक उन्हें खुद ही पीछे की तरफ धकेलने लगेगी मतलब ट्रेन का आगे बढ़ना रुक जायेगा।

**सुबह जब ड्रोन से तस्वीरें मिलनी शुरू हुई तो रोंगटे खड़े कर देने वाले दर्दनाक मंजरों ने और डरा दिया। जबकि बोगियों के अंदर की तस्वीरें बेहद दर्दनाक थीं।**

**दुर्घटना**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

# आमवात का परिचय व चिकित्सा



वैद्य ब्रजेश कुमार दुबे
पतंजली आरोग्य केन्द्र रेड़मा
डालटनगंज पलामू झारखण्ड
मो. - 7903216488, 9334716688

**आमवात गजेन्द्र शरीर वन चरिणः।
एक एवं निहन्ताऽयमेएण्ड स्नेह केसरी।।**

अर्थात - शरीर रूपी वन में आमवात के रूप में जो हाथी घुमता है, एरण्ड रूपी शेर उसे शीघ्र मार देता है।

**परिचयः-** चरक संहिता में आमवात का अलग से कोई वर्णन नहीं है। जबकि 'माधव निदान'तथा 'भाव प्रकाश' में इसपर अलग से प्रकाश डाला गया है। आमवात में दो शब्द हैं, आम और वात। आम अत्यंत चिकना है तथा वात-पित्त-कफ तीनों को दूषित कर देता है। आम व वात (वायु) दोनों दुषित होकर बड़ी-बड़ी संधियों में, जैसे-घुटने, कोहनी, टखनों इत्यादि में जाकर सारे शरीर को जकड़ देते हैं। उन सन्धियों में सूजन आ जाती है। यह सूजन सबसे पहले शरीर के बड़े-बड़े जोड़ों में आती है। उसके बाद छोटी-छोटी सन्धियों में पहुंच जाती है। इन शोथ स्थानों में रह-रह कर इतना दर्द होता है, जैसे उस जगह पर बिच्छू डंक मार रहा हो। इस रोग में थोड़ा-थोड़ा ज्वर भी बना रहता है, शरीर थका-थका रहता है, अपच बनी रहती है।

कारण- आमवात व ऊरूस्तम्भ दोनों के पैदा होने के मुख्य कारण स्निग्ध चीजों (पदार्थ) भर पेट खा लेते हैं तथा पानी भी भर पेट पी लेते हैं, उन्हे भविष्य में आमवात होने की संभावना लगी रहती है।

**आमवात पर चिकित्सा के संबंध में कुछ विवरणः-**

वातरोग में व्यक्तियों में मुख्य कारण वायु ही माना गया है तथा उसे दूर करने हेतू बाहर व अंदर तेल खूब उपयोग बतलाया है, परन्तु आमवात व ऊरू-स्तम्भ में तेल का किसी भी रूप में प्रयोग करना मना किया गया है। क्योंकि इन दोनों रोगों में आम जो काफी चिकना होता है, उसका सबसे अधिक समावेश रहता है। दोनों रोगों में यदि तेल की मालिश की गई तो रोग और बढ़ जाता है। इसकी चिकित्सा में पंचकर्म का भी खास उपयोग नहीं रहता। इसमें केवल विरेचन व वस्ति का ही प्रयोग किया जा सकता है। आमवात में स्नेहन के लिए केवल एरण्ड के तेल का उपयोग ही किया जाता है। आमवात रोग में रोगी को लंघन अवश्य करायें। यदि आप रोगी को शीघ्र ठीक करना चाहते हैं तो चिकित्सा करने से पूर्व 5 दिन तक उपवास करायें। इन पाँच दिनों में रोगी को केवल सोंठ साधित कोसा जल ही पीने को देते रहें। पाँच दिन के उपवास के बाद मूँग-खिचड़ी दें तथा पुनः आम उत्पन्न न हो, आहार का पाचन सम्यक हो, इसके लिए सुबह व रात को खाने के बाद अजमोददि चूर्ण 2-2 ग्राम सोंठ साधित गरम जल के साथ दें। 2 ग्राम सोंठ को 100 ग्रा. पानी में क्वाथ करें। पचास ग्राम जल बचने पर छान कर पी लें। यह क्वाथ दिन में सुबह एक बार लें। कुछ दिनों तक लेते रहने से दोष मिट जाता है। ध्यान दें-शरीर में संचित आँव को पचाने के लिए अन्य दवाओं के साथ पथ्यादि क्वाथ भी दें। यह एरण्ड तेल से भी ज्यादा काम करता है।

**आमवात में विरेचन :** सौंठ 10 ग्रा.,निर्गुण्डी 10 ग्राम, पानी 200 ग्राम के साथ क्वाथ करें। शेष 100 ग्राम रहने पर छान लें तथा गुनगुने क्वाथ में 25 ग्रा. एरण्ड स्नेह मिलाकर प्रतिदिन रात को सोते समय आमवात के रोगी को पिला दें।

**आमवात में वस्ति :** दशमूल क्वाथ की वस्ति दें।

उपरोक्त क्रियाओं के अतिरिक्त रोगी को त्रिफला गुग्गुल, पथ्यादि गुग्गुल, एकांग वीर रस, वात विध्वंसक रस,सन्धिवात हर रस, आमवातारि वटी, समीरपन्नग रस, आम पाचन वटी, विषतुन्दक वटी, अग्नितुण्डी वटी इनमें से जो भी उचित समझें, रोगी को दें। आमवतारी बटी-1-2 गोली सुबह-शाम गरम जल के साथ लें। यह गोली पेट में संचित आम को निकाल कर वात का शमन करती है।

**आमवात की चिकित्सा :**

1. महायोगराज गुग्गुल-2 गोली+रास्नादि गुग्गुल- 1 गोली रास्नादि क्वाथ संग दें। ये मात्रा सुबह शाम सेवन करें।
2. पंचमूल 10 ग्रा.+गोक्षुर चूर्ण 10 ग्रा. मिलाकर क्वाथ बनाएं और सेवन करने को दें। आमवात में इससे आश्चर्य-जनक रूप से लाभ होता है।
3. वातगजांकुश रस- 2-3 रत्ती तक दें। अच्छा लाभ करता है।

अब यह योग बनाकर रोगी को दें, अत्यंत लाभप्रद हैः-

परिजात पत्ती-30ग्रा. (कोमल पत्ती लें)
निर्गुण्डी पत्ती- 30 ग्रा. ,,
दतरंगी पत्ती - 30 ग्रा. ,,
काली मिर्च- 10 ग्रा.

सबों को सिलबट्टे पर पीस कर कल्क बना लें तथा उसमें 10 ग्रा मीठा सोडा और 20 ग्रा एलुआ चूर्ण मिलाकर जंगली बेर बराबर गोली बना लें और छाया में सुखा लें। आपकी औषधि तैयार है।

**सेवन विधि :** एक-एक गोली सुबह-शाम सहजन क्वाथ से सेवन करें। सप्ताह भर में काफी लाभ होगा। इस योग को 3 माह तक सेवन करें ताकी रोग से निजात पा सकें।

## काव्य कोना

### खंडहर

वैभवता एवं विलासिता के दर्पण
ये खंडहर!
बुलंदी से आत्मस्तुति करते
काल के चक्र में बँधा
यथाशक्ति यथावत दिख रहा
याद दिलाती संस्कृति उस धरोहर की
कैसे कैसे निष्ठा की!
कहीं शक्तिहीनता तो कभी शक्ति का प्रतीक।

अपनी ही प्रतिज्ञा, सोच सही समझ बैठा हर!
भीष्म गंगापुत्र की तरह
हरदम मन में दोहराता
आँखों को बंद कर
अपनी निष्ठा में कैद।

या फिर
सूर्य पुत्र अधोरथी कर्ण की तरह
पहले सहता, फिर देखता - साथ देता
अनाचार, अन्याय का
न जाने किस माप दंड से
बस, अपनी निष्ठा में कैद।

कान्हा भी यहीं कहीं
अपनी निष्ठा मे लीन
कष्ट और कटुता को अवसर बना
जगत को नई दिशाएँ दिखलाई।

यहीं कहीं दब के रह गई
युयुत्सु, विकर्ण की सच्चाई की पुकार
नकार खाने में नगाड़े की आवाज मानो!

ये खंडहर!
कभी कभी याद दिलाते
सुनहरे क्षणों के संग कुरुपता अपनी
छुपा लिये थे कभी शक्ति और वैभव बल पर।
ये खंडहर!
वैभवता और विलासिता के दर्पण।

❖ नाग मणि

# पर्यावरण को जीवन देने का प्रयास करें...



तुषार कांति शीट

### विश्व पर्यावरण दिवस का इतिहास क्या है?

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 1972 में विश्व पर्यावरण दिवस की शुरूआत की थी। यह दिवस मानव पर्यावरण पर स्टॉकहोम सम्मेलन की शुरूआत में अस्तित्व में आया। सम्मेलन ने पर्यावरणीय मुद्दों को उजागर करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों की शुरूआत का संकेत दिया। पहला विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून, 1974 को आयोजित किया गया, जिसके बाद से यह एक प्रमुख वैश्विक कार्यक्रम बन गया है।

### क्यों मनाते हैं विश्व पर्यावरण दिवस?

विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है, जो व्यक्तिगत, समुदाय और वैश्विक स्तर पर कार्रवाई को प्रोत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम है। यह इस बात की भी याद दिलाता है कि वर्तमान पीढ़ी को आने वाली पीढ़ी के लिए पर्यावरण को संरक्षित करना कितना महत्वपूर्ण है। जलवायु परिवर्तन, जंगलों की कटाई, प्रदूषण, बायोडाइवर्सिटी लॉस उन मुद्दों में से हैं, जो इस दिन सरकारों, संगठनों और व्यक्तियों को संबोधित करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। प्रकृति के प्रति समर्पण भाव रखने और उसके संरक्षण के लिए हर वर्ष पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। हमारे आसपास के नदी, तालाबों, जंगलों, पहाड़ों, पशु-पक्षियों, मिट्टी इत्यादि का संरक्षण करना, ग्लोबल वॉर्मिंग और जलवायु परिवर्तन से लोगों को जागरूक करना और प्रदूषण रोकने के लिए कदम उठा कर लोगों को उसमें सम्मिलित करना पर्यावरण संरक्षण के ही कार्य माने जाते हैं।

वर्तमान समय में स्थितियां इतनी गंभीर हो चुकी हैं कि अब पृथ्वी पर पहले जैसे हालात लौट आना मुश्किल है। पेड़ों की बेतहाशा कटाई, कम गहराई वाले तटीय क्षेत्रों को पाटने और जैव विविधता के कई महत्वपूर्ण तत्वों को नष्ट करने से बारिश का भी पैटर्न बदल गया है। पर्यावरण को बचाने की बजाय पर्यावरण असंतुलित करने में समय नष्ट हो रहा है। इसलिए पर्यावरण की समस्या गहराती जा रही है। मानव जीवन के साथ-साथ पशु-पक्षियों के लिए भी पर्यावरण का संतुलित होना जरूरी है। इसलिए विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण को जीवन देने के लिए सतत प्रयासरत रहने का संकल्प लेने की जरूरत है। विभिन्न प्रकार के आधुनिकतम तकनीकों के रथ पर सवार मनुष्य पेड़-पौधों और नदियों के महत्व को कम आंकता रहा है। सरकारी प्रयासों से इतर आमजन को पर्यावरण पर गहराते संकट के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रयास तेज ही नहीं किए जाने चाहिए, बल्कि सरकार से लेकर निजी संस्थाओं और आमजन को भी अपने-अपने स्तर से प्रयास करना चाहिए। इस बार विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) की वैश्विक थीम है 'प्लास्टिक के प्रदूषण को पराजित करें'। इस दिशा में हमें जागरुक होने की जरूरत है। तपती धरती, सूखते जल स्रोत, बदलता मौसम मनुष्य के लिए बड़ी चुनौती है। यह मानव समुदाय के लिए खतरे का संकेत भी है। पर्यावरण से जुड़ी समस्याएं पिछले दो दशकों में लगातार नए-नए स्वरूप बदल कर सामने आ रही हैं। पर्यावरण में मौजूद किसी भी एक चीज के बढ़ने या कम होने से पर्यावरण संतुलन बिगड़ता है और उसका प्रभाव किसी न किसी आपदा के तौर पर देखने को मिलता है। पानी और ऑक्सीजन दो चीजें हर जीव के लिए सबसे जरूरी है और दोनों ही हमें पर्यावरण से प्राप्त होती है। ऐसे में पर्यावरण के प्रति हम सबकी जिम्मेदारी है। हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है, ताकि पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं के बारे में जागरुकता बढ़ाई जा सके और लोग उनसे निपटने के लिए ठोस कदम उठाने के लिए प्रेरित हो सकें। लोगों को पर्यावरण से जुड़े उन मुद्दों के बारे में भी पता होना चाहिए, जो आने वाले समय में एक बड़ा खतरा बनने जा रहे हैं। आने वाली पीढ़ी को बड़ी समस्याओं से बचाने के लिए समय रहते कड़े कदम उठाना जरूरी है। इसके लिए सबसे पहला कदम यही होना चाहिए कि हर व्यक्ति पर्यावरण के देखभाल को अपना फर्ज समझे।

### कैसे हुई शुरूआत?

वर्ष 1972 में स्टॉकहोम में संयुक्त राष्ट्र ने पहला वैश्विक पर्यावरण सम्मलेन आयोजित किया था। इसमें 119 देशों ने हिस्सा लिया था। इस सम्मलेन का मुख्य विषय बढ़ता पर्यावरण प्रदूषण था। भारत की ओर से इस सम्मलेन में इंदिरा गांधी ने नेतृत्व किया था। इसी सम्मेलन में यूनाइटेड नेशंस एनवायरमेंटल प्रोग्राम (यूएनईपी) का गठन भी हुआ और प्रतिवर्ष पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। उक्त सम्मेलन में भारत की ओर से नेतृत्व कर रही इंदिरा गांधी ने बिगड़ती पर्यावरण की दशा और भविष्य में होने वाले उसके प्रभाव पर व्याख्यान भी दिया था।

# चीन, चीनी और नुक्ताचीनी

हे चीनी देव! मैं आपका परम भक्त हूँ। मैं और मेरा परिवार, विशेषकर मेरा पुत्र आपके विभिन्न रूपों खीर, हलुआ, रबड़ी, श्रीखंड, लड्डू, गुलाब जामुन, रसगुल्ला, बरफी, कतली, जलेबी, घेवर की पेट भरकर पूजा करते हैं। अब आप ही बताइए क्या कभी हमने आपका अपमान किया है? बल्कि हम तो ऐसे टूट पड़ते हैं जैसे कि इसके बाद हमें फिर कभी मीठा खाने को नहीं मिलेगा। किंतु पिछले कुछ दिनों से न्यूज चैनलों ने नाक तो नाक, आँख, कान, मुँह, पूरे बदन में दम कर रखा है। कोई कहता भारत पर चीनी हमला, तो कोई कहता लद्दाख पर फैला चीनी आतंक का साया। गुरार्ना, थरार्ना, भरमाना जैसे क्रिया शब्दों के साथ चीनी शब्द परोसने से मेरे पुत्र की सारी प्रतिक्रियाएँ डर में बदल गयी हैं।

स 1962 से लेकर अब तक चीनी शब्द का न अता था न पता। किसे पता था कि चीन युद्ध के बहाने शब्दकोश के छत्ते पर भी हमला बोलेगा। देशवासी चीनी का अर्थ शक्कर से बने व्यंजन और चाइनिज का अर्थ ड्रैगनधारी ठेले की कढ़ाई में उछल-कूद करने वाले नूडल्स, मंचूरिया, चाउमिन समझकर हँसी-खुशी जीवन गुजर-बसर कर रहे थे। अब भला लोगों को चीनी के भिन्नार्थी अर्थ कौन और क्यों समझाएँ? नेपाल में रहने वाला नेपाली, भूटान में रहने वाला भूटानी अवश्य हो सकता है किंतु चीन में रहने वाला चीनी कतई नहीं हो सकता है। यह तो चीनी शब्द का अपमान है। अब हमें बीड़ा उठाना होगा कि हमारे शब्दकोशों में चीनी का अर्थ मात्र मीठा पदार्थ तक सीमित रहे न कि सन 1962 से चले आ रहे धूर्त, दुष्ट, नीच और कायर देश के पर्याय के रूप में।

सोचिए और बताइए कि चीन की चीनी और भारत की चीनी में क्या अंतर है? भाई! दोनों में नभ-पाताल का अंतर है। भारत में चीनी और लोगों का स्वभाव एक जैसा है। चीनी बनाने के लिए सबसे पहले गन्ने का रस निकाला जाता है, उसमें प्रेम का सल्फर डाई आक्साइड, फोस्फोरिक एसिड आदि मिलाकर उसे शुद्ध किया जाता है। इस प्रक्रिया द्वारा गन्ने के रस में विद्यमान सारे लालच रूपी विटामिन्स (थायामिन, राइबोफ्लेविन, नायसिन, फौलिक एसिड व अन्य विटामिन बी- काम्प्लेक्स), ईर्ष्या रूपी मिनिरल्स (कैल्शियम, फास्फोरस, मैग्नीशियम,



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार

पोटेशियम, सोडियम, आयरन व अल्प मात्रा में जिंक व क्रोमियम) आदि सब निकाल दिए जाते हैं। अब इस चीनी रुपी उत्पाद में केवल देशभक्ति का ग्लूकोस ही बचता है। वहीं चीन में चीनी नाम की कोई चीज होती ही नहीं है। इसीलिए वहाँ के लोग साँप-बिच्छू, चमगादड़ खाते हैं। ऐसे में उनके शरीर में कई विकार उत्पन्न होते हैं। प्रेम का सल्फर डाई आक्साइड, फोस्फोरिक एसिड तो उनके जीवन में कब का समाप्त हो चुका है। लालच रूपी विटामिन्स की अति हो गयी है। ईर्ष्या रूपी मिनरल्स का भंडार कूट-कूट कर भरा है। अब बताइए जहाँ लालच, ईर्ष्या भरी हो वहाँ मिठास की चीनी नहीं कड़ुवाहट की चीनी बनती है। चीनी मिठास का प्रतीक है न कि कड़ुवाहट का। चीनी जैसा पावन पदार्थ स्वयं को चीन में नहीं देखना चाहता। इसीलिए वहाँ के लोग चीनी के स्थान पर स्वयं को चीनी मानने का भ्रम पाल लेते हैं। चीन केवल नुक्ताचीनी कर सकता है। वह केवल दूसरों की कमियाँ चुनने का काम करता है। उसे पता है कि जिस दिन वह खुद की नुक्ताचीनी करेगा उसे केवल अपने दोष, पाप, अत्याचार, दुष्कर्म ही दिखाई देंगे। उसकी नजर कभी हमारे कश्मीर पर तो कभी सिक्किम पर है। कभी अरुणाचल प्रदेश पर तो कभी चिकेन नेक पर है। उसकी नजर खुद के सिवाय सब पर है। स्वाभाविक है कि जब तक चीन है तब तक चीनी रहेंगे और जब तक चीनी रहेंगे तब तक उनकी नुक्ताचीनी रहेगी। इसीलिए इस बार आर-पार का मुकाबला करना होगा। उन्हें दिखाना होगा कि हमारा शब्दकोश चीन, चीनी और नुक्ताचीनी को नेस्तनाबूद करना चाहता है।

## सूडोकु नवताल- 6721

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6720 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

## दैनिक पंचांग

**05 जून 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 05.59 बजे से |
| चंद्र | धनु में | कर्क | 08.13 बजे से |
| मंगल | कर्क में | सिंह | 10.29 बजे से |
| बुध | मेष में | कन्या | 12.41 बजे से |
| गुरु | मेष में | तुला | 14.52 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | वृश्चिक | 17.06 ब.से |
| शनि | कुंभ में | धनु | 19.22 बजे से |
| राहु | मेष में | मकर | 21.27 बजे से |
| केतु | तुला में | कुंभ | 23.14 बजे से |
| राहुकाल | 7.30 से 9.00 बजे तक | मीन | 00.47 बजे से |
| | | मेष | 02.17 बजे से |
| | | वृष | 03.57 बजे से |

**सोमवार** 2023 वर्ष का 149 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** प्रतिपदा 06.40 बजे द्वितीया 03.50 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** मूल 01.23 बजे रात्र को समाप्त। **योग** साध्य 08.48 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 06.40 बजे, तैतिल 17.16 बजे तदनन्तर गर 03.50 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 16.3 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 22° 30' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871635 **जूलियन दिन** 2460100.5 **कलियुग संवत्** 5123 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1444 **महीना** जिल्काद **तारीख** 16 **विशेष** विश्व पर्यावरण दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7783

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | | ■ | |
| 9 | 10 | ■ | ■ | | ■ | ■ | 11 | |
| ■ | | ■ | 12 | | 13 | ■ | | ■ |
| 14 | | | | ■ | 15 | | | |
| ■ | | ■ | 16 | 17 | | ■ | | ■ |
| 18 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | 19 | 20 |
| | ■ | 21 | 22 | | 23 | 24 | ■ | |
| 25 | | | | ■ | 26 | | | |

**बाएँ से दाएँ**

1. आदत,स्वभाव-4
4. सुरक्षित-4
7. जरूरतमंद-5
9. भीगा हुआ-2
11. मक्का-मदीना की यात्रा-2
12. सोना, धतुरा-3
14. धक्का देना-4
15. खानाबदोश, बंजारा-4
16. अंधेरा, अंधकार-3
18. खामी, बुरी आदत-2
19. ईसाई साध्वी-2
21. नायक का विलोम-5
25. करिश्मा, करामात-4
26. महीन व मंहगे कपड़े का एक प्रकार -4

**ऊपर से नीचे**

1. अंग्रेज, विदेशी-3
2. लीन, मगन-2
3. पैंदा, तला-2
4. रिश्तेदार-2
5. थूक, लेस-2
6. तहजीब, सलीका-3
8. देह, काया-3
10. टोने-टोटकों वाली किताब-5
11. स्वदेशवासी -5
12. कपड़े की दीवार-3
13. अनुमान, आकलन-3
17. राजी करना-3
18. चश्मा-3
20. अनुकृति-3
21. पत्र, चिट्ठी-2
22. होठ, अधर-2
23. मृत्यु देवता, यमराज-2
24. बीता हुआ दिन-2

### शब्द पहेली -7782 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | त | ल | ब | ■ | ट | म | ट | म |
| प | ■ | ■ | द | स्त | क | ■ | ■ | हा |
| र | ■ | ना | नी | ■ | ला | श | ■ | ज |
| ख | ल | ना | य | क | ■ | व | त | न |
| ■ | ल | ■ | त | ■ | ना | ■ | री | ■ |
| म | ना | ही | ■ | ह | क | ब | का | ना |
| हा | ■ | ना | क | ■ | क | ल | ■ | सि |
| व | ■ | ■ | स | पा | ट | ■ | ■ | का |
| त | ब | बा | र | ■ | ना | ह | क | ■ |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृष राशि :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**मिथुन राशि :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**कर्क राशि :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु तोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे।

**सिंह राशि :** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**कन्या राशि :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

**तुला राशि :** विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**वृश्चिक राशि :** कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।

**धनु राशि :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें।

**मकर राशि :** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**कुंभ राशि :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**मीन राशि :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें।

# मैसी, रामोस ने घरेलू हार के साथ पीएसजी करियर का अंत किया



एजेंसी। पेरिस

लियोनल मैसी और सर्जियो रामोस ने पारस डेस प्रिंसेस को विदाई दी क्योंकि पेरिस सेंट-जर्मेन को शनिवार रात सीजन के अंतिम लीग 1 मैच में क्लेरमोंट के खिलाफ दो गोल की बढ़त गंवाने के बाद 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। क्लब ने मैच के बाद एक बयान में कहा, राजधानी में दो सत्रों के बाद, पेरिस सेंट-जर्मेन के साथ लियो मैसी का करियर 2022-2023 सत्र के अंत में समाप्त होगा। मैसी ने क्लब की वेबसाइट से कहा, मैं इन दो सालों के लिए क्लब, पेरिस शहर और इसके लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं आपको भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पीएसजी ने पिछले सप्ताह लीग खिताब हासिल करने के बाद सत्र का समापन लेन्स से एक अंक आगे करते हुए किया था, जिन्होंने अपने पिछले मैच में ऑक्सेरे को 3-1 से हराया था। 37 वर्षीय डिफेंडर रामोस ने 16 मिनट के बाद पीएसजी को विटिन्हा से क्रॉस पर हैडर से बढ़त दिला दी। किलियन एमबापे ने पांच मिनट बाद इस सीजन में अपने 29वें लीग गोल के साथ पेनल्टी पर गोल किया, जिसने उन्हें लगातार पांचवें सीजन के लिए लीग 1 का सर्वश्रेष्ठ स्कोरर बना दिया। लेकिन आगंतुक लीग चैंपियन के लिए एक आसान जीत देने के लिए तैयार नहीं थे, क्योंकि जोहान गैस्टिएन और मेहदी जेफेन ने ब्रेक से पहले बराबरी करने के लिए स्कोर किया और ग्रोजीन केई ने दूसरे हाफ में विजयी गोल दागा। पूर्व बार्सिलोना स्टार और अर्जेंटीना विश्व कप विजेता मैसी ने 32 गोल के साथ अपने पीएसजी स्पेल को समाप्त कर दिया, राजधानी स्थित क्लब को दो लीग खिताब दिलाये लेकिन चैंपियंस लीग में लगातार दो बार राउंड -16 से बाहर होने के बाद चैंपियंस लीग के गौरव को छूने में असफल रहे। सऊदी अरब का अल हिलाल और मेजर लीग सॉकर पक्ष इंटर मियामी सात बार के बैलन डी'ओर विजेता के लिए संभावित स्थलों में से दो हैं, जबकि कैटलोनियन टीम में वापसी होने की संभावना नहीं लग रही है। पीएसजी के स्पेनिश गोलकीपर सर्जियो रिको अपने मूल देश में एक घुड़सवारी दुर्घटना के बाद अस्पताल में हैं, जिस दिन उन्होंने पिछले सप्ताह के अंत में खिताब जीता था, इसलिए सभी खिलाड़ियों ने उनके प्रति अपना समर्थन दिखाने के लिए क्लेरमोंट के खिलाफ मैच में अपनी जर्सी के पीछे रिको का नाम पहना था।

## आईपीएल के अपने साथी रोहित का मुकाबला करने को कैमरून तैयार



एजेंसी। लंदन

ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला खिलाड़ी कैमरून ग्रीन ने रोहित शर्मा के नेतृत्व में हाल ही में आईपीएल खेला है और अब वे आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में उनसे भिड़ने को तैयार हैं। 24 वर्षीय ग्रीन ने आईपीएल में 452 रन बनाए और रोहित की कप्तानी में मुंबई इंडियंस के लिए छह विकेट लिए। उन्होंने 47 गेंदों में शतक ठोंक कर अपने तेवर दिखा दिए थे। रोहित के साथ 128 रनों की धमाकेदार साझेदारी की थी। हालांकि मुंबई क्वालीफायर-2 में बाहर हो गई। लेकिन ओवल में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच भिड़ंत होने पर ग्रीन और रोहित आपस में मुकाबला करने को तैयार हैं। ग्रीन ने आईपीएल के दौरान भारत के कप्तान से जो कुछ भी सीखा है, उसका लाभ उनको इस मैच में मिलेगा, जब वे लाल गेंद से खेलेंगे। रोहित के मार्गदर्शन में खेलने के बारे में पूछे जाने पर ग्रीन ने आईसीसी से कहा, बीच में उन्होंने जो शांति दिखाई है, वह स्पष्ट है। ग्रीन ने हाल के दिनों में पर्पल पैच का आनंद लिया है, इसमें बॉक्सिंग डे टेस्ट में पांच विकेट लेने का कारनामा भी शामिल है, फिर उन्होंने पहले टेस्ट शतक के लिए बल्ले से अपनी छाप छोड़ी। यह शतक ग्रीन के 20वें टेस्ट में आया। ऑस्ट्रेलिया अहमदाबाद में एक सपाट ट्रैक पर भारत के खिलाफ एक अप्रत्याशित जीत का पीछा कर रहा था, लेकिन असफल रहा और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला 2-1 से हार गया।

## ज्वेरेव ने टियाफो को हरा कर चौथे दौर में प्रवेश किया



एजेंसी। पेरिस

शानदार शॉटमेकिंग और काफी उतार चढ़ाव के बाद जर्मन टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अमेरिकी खिलाड़ी फ्रांसेस टियाफो को फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर के मैच में 3-6, 7-6 (3), 6-1, 7-6 (5) से हरा दिया। मैच शनिवार देर रात तक चला। 22वीं वरीयता प्राप्त जर्मन ज्वेरेव ने इस जीत के साथ टियाफो के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 7-1 कर लिया। यह एक मनोरंजक मैच था जिसमें शॉटमेकिंग, रैली, वॉली, सब कुछ था। ज्वेरेव ने कहा, मैं इससे खुश हूं। मैं चौथे राउंड में पहुंचकर और ग्रैंड स्लैम के दूसरे हफ्ते में पहुंचकर खुश हूं। यह निश्चित रूप से अभी मेरे लिए बहुत अच्छी बात है। टियाफो का अब तक का सर्वश्रेष्ठ रोलैंड गैरो में प्रदर्शन तीसरे दौर में समाप्त हुआ। जीत में 13 ऐस और 10 डबल फॉल्ट करने वाले ज्वेरेव ने अपने 14 ब्रेकपॉइंट्स में से पांच में जीत हासिल की, जबकि टियाफो ने अपने 10 ब्रेक चांस में से पांच को जीत में तब्दील किया। जर्मन खिलाड़ी का अगला मुकाबला सोमवार को 28वीं वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव से है। बल्गेरियाई ने डेनियल अल्तमाइर के खिलाफ 6-4, 6-3, 6-1 से जीत दर्ज की। दिमित्रोव और अल्तमैयर दोनों 2020 में भी चौथे दौर में पहुंचे थे। ज्वेरेव और दिमित्रोव के बीच विजेता का सामना क्वार्टर फाइनल में 27वीं वरीयता प्राप्त योशीहितो निशिओका या टॉमस मार्टिन एचेवेरी से होगा। इससे पहले ज्वेरेव का 2022 का रोलांड गैरो अभियान दुखद रूप से समाप्त हो गया था जब वो राफेल नडाल के खिलाफ अपने सेमीफाइनल मैच के दौरान टखने में चोट लगने के चलते घायल हो गए थे।


# भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले के लिए शुरू किया अभ्यास



एजेंसी। लंदन

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल से पहले भारतीय टेस्ट टीम ने रविवार को द ओवल में अपना अभ्यास सत्र शुरू किया। भारत 7 से 11 जून तक बहुप्रतीक्षित डब्ल्यूटीसी फाइनल में द ओवल में ऑस्ट्रेलिया से खेलेगा। बीसीसीआई ने प्रतिष्ठित स्थल पर मैदान पर दौड़ते हुए खिलाड़ियों की तस्वीर साझा की। बीसीसीआई ने एक ट्वीट में कहा, हैलो फ्रॉम द ओवल। बीसीसीआई ने 25 मई को अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से कहा था कि भारतीय टीम के सदस्य जैसे अक्षर पटेल, उमेश यादव, शार्दुल ठाकुर के साथ मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और अन्य सहायक स्टाफ सदस्यों ने अरुंडेल शहर के सुरम्य अरुंडेल कैसल क्रिकेट क्लब में अभ्यास शुरू कर दिया है। 29 मई को, इसने करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली, चेतेश्वर पुजारा, जयदेव उनादकट, मोहम्मद सिराज और रविचंद्रन अश्विन की तस्वीरें साझा कीं, जो अरुंडेल में सहायक स्टाफ के सदस्यों के साथ अभ्यास और बातचीत में लगे हुए थे। कप्तान रोहित शर्मा, इशान किशन और रिजर्व खिलाड़ी मुंबई के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 30 मई से अभ्यास सत्र में शामिल हुए। वहीं रवींद्र जडेजा, शुभमन गिल, मोहम्मद शमी, केएस भरत और अजिंक्य रहाणे अहमदाबाद में आईपीएल के फाइनल में खेलने के बाद 1 जून को टीम से जुड़े जबकि मोहम्मद शमी 2 जून को अभ्यास में शामिल हुए।

### रुतुराज गायकवाड़ ने गर्लफ्रेंड उत्कर्षा पवार से की शादी



**भारत** और सीएसके के बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ ने शनिवार को अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड उत्कर्षा पवार से शादी कर ली है। ये कपल महाराष्ट्र के महाबलेश्वर में शादी के बंधन में बंधा। 30 वर्षीय क्रिकेटर ने इंस्टाग्राम पर अपनी शादी की तस्वीरें साझा कीं और इसे कैप्शन दिया, 'पिच से वेदी तक, हमारी यात्रा शुरू!'

## रवि दहिया घुटने की चोट के कारण बिश्केक रैंकिंग सीरीज से हटे



एजेंसी। बिश्केक (किर्गिस्तान)

टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता पहलवान रवि दहिया ने रविवार को घुटने की चोट के कारण बिश्केक रैंकिंग सीरीज प्रतियोगिता से नाम वापस ले लिया, जो उन्हें अभ्यास के दौरान लगी थी। एक नए भार वर्ग 61 किग्रा में प्रतिस्पर्धा करते हुए, दहिया को क्वालीफिकेशन राउंड में किर्गिस्तान के ताइरबेक जुमाशबेक उलु के खिलाफ खेलना था। युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने एक बयान में कहा, भारतीय कोचिंग स्टाफ के अनुसार, टोक्यो ओलंपिक रजत पदक विजेता को वार्मअप के दौरान घुटने में चोट लग गई और वह बिश्केक में प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे। दहिया की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में अंतिम उपस्थिति 10 महीने पहले बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में हुई थी, जहां उन्होंने पुरुषों के फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। इस बीच, इसी भार वर्ग में, पंकज ने क्वालिफिकेशन राउंड में जॉर्जिया के जियोर्गी गोनियाश्विली को 8-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया, जहां उनका मुकाबला हमवतन अमन सहरावत से होना है। 70 किग्रा वर्ग में, मुलायम सिंह भी क्वालीफिकेशन में कजाकिस्तान के दोझान एसेटोव पर 9-4 से जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। भारत ने टूर्नामेंट में अब तक चार पदक जीते हैं। ग्रीको-रोमन पहलवान मनजीत (55 किग्रा) ने गुरुवार को कांस्य पदक जीता था जबकि भारतीय महिला पहलवानों ने शनिवार को तीन पदक जीतकर भारत की तालिका को चार पदक पहुंचा दिया। महिला वर्ग में, एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मनीषा ने महिलाओं के 65 किग्रा में प्रतिस्पर्धा करते हुए बिश्केक रैंकिंग श्रृंखला 2023 में पहला स्वर्ण पदक जीता। नॉर्डिक राउंड में प्रतिस्पर्धा करते हुए, मनीषा ने चार राउंड में चार मैच जीतकर गोल्ड जीता।

## पैट कमिंस ने अभ्यास मैच नहीं खेलने के कदम का किया बचाव



एजेंसी। लंदन

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और एशेज से पहले कोई भी अभ्यास मैच नहीं खेलने के कदम का बचाव किया है। ऑस्ट्रेलिया ने पिछले साल पाकिस्तान के अपने दौरे के बाद से कोई दौरा मैच नहीं खेलने की रणनीति अपनाई और इंग्लैंड में अपनी महत्वपूर्ण यात्रा के लिए इसे जारी रखा है, जिसमें 7-11 जून तक द ओवल में भारत के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल शामिल है जिसके बाद 16 जून - 31 जुलाई तक एशेज सीरीज होनी है। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड ने कमिंस के हवाले से कहा, यह शेड्यूल की प्रकृति है। लेकिन हम वास्तव में अच्छा महसूस करते हैं। हमने कुछ दिनों के लिए ब्रिसबेन में अच्छी तैयारी की है। आने वाले कुछ महीने काफी व्यस्त हैं और दो महीने में छह टेस्ट वास्तव में बहुत व्यस्त हैं। हम थके होने के बजाय अंत में तरोताजा रहेंगे। हमारे पास काफी अनुभवी टीम है और सभी पहले इंग्लैंड में खेल चुके हैं, इसलिए हम हमेशा की तरह तैयार रहेंगे। ब्रिस्बेन में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में एक प्री-टूर कैंप में जाने से पहले कमिंस ने अप्रैल से न्यू साउथ वेल्स क्रिकेट सेंट्रल में साथी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड के साथ प्री-सीजन प्रशिक्षण में भाग लेकर इंग्लैंड के दौरे के लिए तैयारी की। इसके बाद इंग्लैंड में बेकहम, केंट का दूसरा काउंटी मैदान, में और अधिक तैयारी की। ऑस्ट्रेलिया के किसी भी अभ्यास मैच में नहीं खेलने की पूर्व कप्तान एलन बॉर्डर सहित कई लोगों की आलोचना हुई है।

## ब्राजील पर सनसनीखेज जीत से इजराइल सेमीफाइनल में



एजेंसी। सैन जुआन (अर्जेंटीना)

डोर तुर्गीमन के गोल की मदद से पदार्पण कर रहे इजराइल ने ब्राजील के खिलाफ 3-2 से ऐतिहासिक जीत हासिल करते हुए यहां सैन जुआन स्टेडियम में फीफा अंडर-20 विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। शनिवार को जीत के साथ, सेनेगल के 2015 में पदार्पण में सेमीफाइनल में पहुंचने की उपलब्धि हासिल करने के आठ साल बाद इजराइल फीफा अंडर -20 विश्व कप में अपने पदार्पण वर्ष में सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गयी है। इजराइल अब सेमीफाइनल में अमरीका और उरुग्वे के बीच होने वाले मैच के विजेता से खेलेगा। इजराइल के पास पहला हाफ बेहतर था, लेकिन ब्राजील के पास इसका सबसे अच्छा मौका था। दूसरे हाफ की शुरुआत में मार्कोस लियोनार्डो की शानदार स्ट्राइक ने ब्राजील को आगे कर दिया।

### एम्बाप्पे का फ्रांसीसी लीग में दबदबा कायम, रिकॉर्ड पांचवी बार जीता गोल्डन बूट



**पेरिस।** पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) के स्ट्राइकर काइलियन एम्बाप्पे ने फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में अपना दबदबा कायम रखते हुए रिकॉर्ड पांचवी बार गोल्डन बूट (प्रतियोगिता में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी को मिलने वाला पुरस्कार) हासिल किया। पीएसजी की टीम इस मैच में क्लेरमोंट से 3-2 से हार गई लेकिन एम्बाप्पे ने इसमें गोल दागा। इससे एम्बाप्पे ने 29 गोल के साथ फ्रांसीसी लीग में अपने अभियान का अंत किया।

**डब्ल्यूटीसी फाइनल** | **द.अफ्रीका के पूर्व ऑलराउंडर लांस क्लूजनर का बयान**

# टेस्ट क्रिकेट छोड़ सकते हैं हार्दिक पांड्या





एजेंसी। कोलकाता

हार्दिक पांड्या को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज हरफनमौलाओं में से एक बताते हुए दक्षिण अफ्रीका के पूर्व हरफनमौला लांस क्लूजनर ने शनिवार को कहा कि अपने कार्यभार के प्रबंधन के लिये वह टेस्ट क्रिकेट छोड़ सकता है। अपने कैरियर में कई बार चोटों से जूझते आये पंड्या ने आखिरी टेस्ट सितंबर 2018 में खेला था। वह तब से सीमित ओवरों का क्रिकेट ही खेल रहे हैं और आस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल से खुद को बाहर रखा है। क्लूजनर ने कलकत्ता खेल पत्रकार क्लब द्वारा आयोजित बातचीत में कहा, पंड्या शानदार क्रिकेटर है और अगर वह फिट रहता है और 135 की रफ्तार से गेंद डालता है तो उसका सामना करना हमेशा कठिन है। वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ हरफनमौलाओं में से है। पंड्या ने यह कहकर खुद को डब्ल्यूटीसी फाइनल से बाहर कर लिया कि यहां तक पहुंचने के भारत के सफर में एक प्रतिशत योगदान भी नहीं देने के बाद किसी और की जगह लेना अनुचित होगा। यह पूछने पर कि क्या पंड्या ने आसानी से टेस्ट क्रिकेट छोड़ दिया, क्लूजनर ने कहा,ह्यहशायद । किसी भी क्रिकेटर के लिये सबसे बड़ी कसौटी टेस्ट क्रिकेट होता है। टेस्ट क्रिकेट में इतने बदलाव भी नहीं आये हैं लेकिन मैं समझ सकता हूं कि समय भी बदल गया है। क्लूजनर ने कहा कि भारत डब्ल्यूटीसी फाइनल में तेज गेंदबाजी या स्पिन आधारित आक्रमण उतार सकता है। उन्होंने कहा, स्पिन पारंपरिक तौर पर भारत की ताकत रहा है। उनके पास ऐसा आक्रमण है जो किसी भी पिच पर अच्छा खेल सकता है। तेज गेंदबाजों ने भी पिछले कुछ समय में शानदार प्रदर्शन किया है और यही वजह है कि वे लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचे हैं। अब हरी भरी पिच पर भी वे बेहतरीन खेल दिखाते हैं। डब्ल्यूटीसी फाइनल में प्रबल दावेदार के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, यह कहना कठिन है। यह आस्ट्रेलिया के गेंदबाजों और भारत के बल्लेबाजों का मुकाबला होगा। इसमें जो जीतेगा, वही विजेता होगा।

### एशेज से पहले अपने घुटने की चोट के संबंध में स्टोक्स ने कहा, चिंता की बात नहीं



एजेंसी। लॉर्ड्स

इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज से पहले अपने घुटने की चोट के संबंध में कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है। शनिवार को शार्ट फाइन लेग पर कर्टिस कैम्फर का कैच लेने के बाद लड़खड़ा गए स्टोक्स ने कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है। आयरलैंड के खिलाफ टेस्ट के तीसरे दिन वह मैदान पर बने रहे। मैच को इंग्लैंड ने 10 विकेट से जीत लिया। हालांकि स्टार ऑलराउंडर ने मैच में गेंदबाजी नहीं की, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट से दो सप्ताह से भी कम बचे समय में इंग्लैंड के लिए, तीसरे दिन के खेल से पहले वार्म-अप में कुछ गेंदें फेंकी। मैच खत्म होने के बाद स्टोक्स ने कहा, भारत (आईपीएल से) से वापस आने के बाद से गेंदबाजी की है, इसलिए चिंता की कोई बात नहीं है। मैंने जिस तरह से गेंदबाजी की, उससे मैं वास्तव में खुश था। मैंने लगभग 20 मिनट तक गेंदबाजी की और मैं वास्तव में इससे अच्छी तरह से गुजरा। जाहिर है कि मेरे पास फ्लैट आउट में वापस जाने से पहले काम करने का समय है। स्टोक्स की घुटने की चोट ने फरवरी में न्यूजीलैंड में ड्रॉ हुई टेस्ट सीरीज के दौरान गेंद के साथ उनके प्रभाव को सीमित कर दिया।



# इनकम टैक्स रिटर्न भरने पर आसानी से मिलता है लोन




**एजेंसी। नई दिल्ली**

फाइनेंशियल ईयर (वित्त वर्ष) 2022-23 के लिए 31 जुलाई 2023 तक इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करना है। कई लोगों का मानना है कि अगर उनकी सालाना इनकम ढाई लाख से कम है और वो टैक्स के दायरे में नहीं आते हैं तो उन्हें आइटीआर भरने की जरूरत नहीं है, लेकिन ऐसा नहीं है। अगर आप इनकम टैक्स के दायरे में नहीं भी आते हैं तब भी आपको रिटर्न फाइल करना चाहिए, क्योंकि अगर आप आइटीआर फाइल करते हैं तो इससे आपको कई फायदे होते हैं। आइटीआर फाइल करने से लोन मिलने में आसानी होती है। हम आपको आइटीआर फाइल करने के 5 फायदों के बारे में बता रहे हैं। आइटीआरआपकी इनकम का प्रूफ होता है। इसे सभी बैंक और एनबीएफसी इनकम प्रूफ के तौर पर स्वीकार करते हैं। अगर आप बैंक लोन के लिए आवेदन करते हैं तो बैंक कई बार आइटीआर मांगते हैं। अगर आप नियमित तौर पर आइटीआर फाइल करते हैं तो आपको बैंक से आसानी से लोन मिल जाता है। इसके अलावा आप किसी भी फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन से लोन के अलावा दूसरी सेवाएं भी आसानी से हासिल कर सकते हैं। अगर आप किसी दूसरे देश में जा रहे हैं तो वीजा के लिए जब आप आवेदन करते हैं तो आपसे इनकम टैक्स रिटर्न मांगा जा सकता है। कई देशों की वीजा अथॉरिटीज वीजा के लिए 3 से 5 साल का आइटीआर मांगते हैं। आइटीआर के जरिए वे चेक करते हैं कि जो आदमी उनके देश में आना चाहता है कि उसका फाइनेंशियल स्टेटस क्या है। अगर आपकी आमदनी से टैक्स काटकर सरकार के पास जमा करा दिया गया है तो आप आइटीआर फाइल किए बिना उसे वापस नहीं पा सकते, भले ही आपकी आमदनी इनकम टैक्स में बेसिक एग्जंप्शन लिमिट के अंदर ही हो।

# 2023 कावासाकी निंजा 300 स्पोर्ट्स बाइक भारत में लॉन्च



**एजेंसी। नई दिल्ली**

जापानी बाइक मेकर कंपनी कावासाकी ने शनिवार (3 जून) को भारत में 2023 निंजा 300 स्पोर्ट्स बाइक को लॉन्च कर दिया है। इस बाइक की शुरूआती कीमत 3.43 लाख (दिल्ली एक्स-रूम) है। कंपनी ने इस बाइक में बीएस 6 फेज 2 नॉर्म्स के अनुसार अपडेटेड इंजन दिया है। कावासाकी निंजा 300 के अपडेटेड वैरिएंट को कंपनी ने 3 कलर ऑप्शन में पेश किया है। पहला कलर लाइम ग्रीन है, जिसमें रेड हाइलाइट्स के साथ फेयरिंग पर ब्लैक ग्राफिक्स मिलते हैं। दूसरा कलर कैंडी लाइम ग्रीन है, जिसमें डुअल-टोन कलर थीम देखने को मिलती है। इसके साइड पैनल और फ्यूल टैंक पर अपडेटेड ग्राफिक्स देखने को मिलते हैं। वहीं तीसरा कलर मेटालिक मूनडस्ट ग्रे है, जिसमें ब्लैक स्प्लैश, पैनल और काउल पर ग्रीन कलर का ओवरऑल डिजाइन दिया गया है। न्यू कावासाकी निंजा 300 बाइक में 296 ़ का डीओएचसी, लिक्विड-कूल्ड, 4-स्ट्रोक पैरेलल फ्यूल-इंजेक्शन सिस्टम के साथ 8-वॉल्व इंजन दिया गया है। इस इंजन को 6 गियर बॉक्स के साथ ट्यून किया गया है।

# शेयर बाजार पर एफपीआइ ने मई में 44000 करोड़ के करीब का किया निवेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

फॉरेन पोर्टफोलियो निवेशकों की ओर से भारत बाजार में मई में रिकॉर्ड 43,838 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। यह पिछले नौ महीने में विदेशी निवेशकों की ओर से किए गए निवेश का सबसे बड़ा आंकड़ा है। डिपॉजिटरी की ओर से जारी किए डाटा के मुताबिक, एफपीआई की ओर से जून में भी सकारात्मक रुझान बना हुआ है और इस महीने के दो कारोबारी सत्रों में 6,490 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के प्रमुख निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार की ओर से समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया गया कि जीडीपी के आंकड़े अनुमान से बेहतर और हाई फ्रीक्वेंसी इंडीकेटर दिखाते हैं कि अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआइ की ओर से मई में 43,838 करोड़ का निवेश किया गया है। इससे पहले केवल अगस्त 2022 में इससे बड़ा 51,204 करोड़ का निवेश भारतीय शेयर बाजार में एफपीआई की ओर से किया गया था। इस साल अप्रैल में एफपीआई ने 11,630 करोड़ रुपये और मार्च में 7,936 करोड़ रुपये का निवेश किया था। एफपीआई के निवेश के कारण भारतीय बाजारों में सकारात्मक रुझान बना हुआ है। बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी भी अपने उच्चतम स्तर के करीब बने हुए हैं। विकासशील देशों में भारत में विदेशी निवेशकों ने सबसे ज्यादा निवेश किया है। वहीं, चीन में एफपीआई विकवाली कर रहे हैं। एफपीआई फाइनेंशियल, ऑटोमोबाइल, टेलीकॉल और इन्फ्रा शेयरों में सबसे अधिक निवेश कर रहे हैं। 2023 में अब विदेशी निवेशक कुल 35,748 करोड़ का निवेश कर चुके हैं। बता दें, शुक्रवार के सत्र में सेंसेक्स 118.57 अंक या 0.19 प्रतिशत चढ़कर 62,547.11 अंक और निफ्टी 46.35 अंक या 0.25 प्रतिशत चढ़कर 18,534.10 अंक पर बंद हुआ था।




# केटीएम 250 एडवेंचर का 'वी' वैरिएंट इंडिया में लॉन्च

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केटीएम इंडिया ने 250 एडवेंचर का 'वी' वैरिएंट इंडियन मार्केट में लॉन्च किया है। कंपनी ने नए एडिशन की कीमत रेग्युलर मॉडल के बराबर ही 2.47 लाख रुपए (दिल्ली एक्स-शोरूम) रखी गई है। कंपनी ने बाइक के इस वैरिएंट की सीट की हाइट को हाल ही में लॉन्च की गई 390 एडवेंचर वी की तरह ही कम कर 834 मिलीमीटर किया है। केटीएम 250 एडवेंचर के स्टैंडर्ड वैरिएंट की सीट की हाइट 855 मिमी है। कंपनी ने बाइक की ग्राउंड क्लीयरेंस को भी 25एमएम कम कर 175एमएम किया है। इसके अलावा 250 एडवेंचर वी और 250 एडवेंचर में कोई अंतर नहीं है। केटीएम की ये एडवेंचर बाइक सुजुकी वी-स्ट्रॉम एस250 को टक्कर देगी, जिसमें सीट की हाइट 835एमएम है और ग्राउंड क्लीयरेंस 205 एमएम है। अपडेटेड 250 एडवेंचर वी अब दो कलर ऑप्शन रेसिंग ब्लू और इलेक्ट्रॉनिक ऑरेंज में अवेलेबल है। बाइक में स्प्लिट एलइडी हेडलैंप, शॉर्ट विंडस्क्रीन, एलसीडी इंस्ट्रूमेंट कंसोल, 14.5-लीटर का फ्यूल टैंक और सेफ्टी के लिए डुअल-चैनल अइर डिस्क ब्रेक जैसे फीचर्स मिलते हैं। बाइक में आर 19 रियर टायर और आर17 फ्रंट टायर मिलते हैं। इसका कर्ब वैट 177केजी है।केटीएम 250 एडवेंचर वी में 249 सीसी का सिंगल-सिलेंडर, 4-वॉल्व, डीओएचसी, लिक्विड-कूल्ड एफआइ इंजन दिया गया है, जो 9000 आरपीएम पर 30 पीएस की पावर और 7500 आरपीएम पर 24 एनएम का पीक टॉर्क जनरेट करता है।

# मार्केटिंग टेक फर्म जूमइन्फो तीन फीसदी कर्मचारियों की करेगी छंटनी

**एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को**

अमेरिका स्थित मार्केटिंग टेक्नोलॉजी कंपनी जूमइन्फो ने कहा है कि वह वैश्विक स्तर पर अपने कर्मचारियों की करीब 3 प्रतिशत छंटनी करने की योजना बना रही है। कंपनी नौकरियों में कटौती करने वाली कई अन्य प्रौद्योगिकी कंपनियों में शामिल हो गई। यूएस सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) के साथ एक फाइलिंग में जूमइन्फो ने कहा कि संगठनात्मक संरचना को कम करने, निर्णय लेने में तेजी लाने और दीर्घकालिक विकास के लिए महत्वपूर्ण अवसरों में निवेश को सक्षम करने की योजना के बारे में कर्मचारियों को सूचना दी गई है। उन्होंने कहा, कंपनी का अनुमान है कि वह इस योजना में लगभग 6 मिलियन डॉलर खर्च करेगी, जिसका असर मुख्य रूप से दूसरी तिमाही में होगा। सीकिंग अल्फा के अनुसार, अपनी सबसे हालिया वार्षिक रिपोर्ट फाइलिंग में, कंपनी ने कहा कि 31 दिसंबर, 2022 तक उसके पास 3,540 कर्मचारी थे। इसके अलावा, कंपनी ने कहा कि वह सभी प्रभावित कर्मचारियों को औसतन 10 सप्ताह का विच्छेद वेतन, इक्विटी अवार्ड वेस्टिंग और एक स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा निधि प्रदान करेगी। जूमइन्फो ने कहा, जैसा कि कंपनी ने अपने सबसे हालिया फाइनेंशियल रिजल्ट कॉन्फ्रेंस कॉल में संकेत दिया है, हम सेल्स, इंजीनियरिंग और कस्टमर सक्सेस के भीतर काम करना जारी रखने और कंपनी की जनरेटिव एआई क्षमताओं का लाभ उठाने के लिए निवेश करने की योजना बना रहे हैं। इस बीच, जॉब सर्च इंजन जिप रिक्रूटर ने अपने वैश्विक कर्मचारियों की संख्या में लगभग 270 कर्मचारियों की कमी करने की घोषणा की है, जो कंपनी के कर्मचारियों की कुल संख्या का लगभग 20 प्रतिशत है।



## पेज एक के शेष

### रेल हादसा: झारखंड के ...

तीन लोगों की दुखद मौत हो गई है। जबकि 61 लोग घायल हुए हैं। कुछ लोगों के मोबाइल नंबर मिसिंग हैं। जिनका सत्यापन किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि घायलों में ज्यादातर संताल प्रमंडल के जिलों के हैं। बालासोर गई टीम में रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, रांची सदर अस्पताल के सर्जन डॉ अजीत कुमार, झारखंड कंट्रोल रूम के पदाधिकारी और चिकित्सक शामिल हैं। बता दें कि मुख्यमंत्री ने ट्विट कर कहा था कि झारखंड सरकार के अधिकारियों और चिकित्सकों की एक टीम रविवार को सुबह हेलीकॉप्टर से ओडिशा के लिए रवाना होगी। वहां झारखंड के यात्रियों से मुलाकात कर टीम द्वारा उन्हें हरसंभव मदद प्रदान किया जाएगा। हादसे में घायल हुए यात्रियों को बेहतर इलाज के लिए सभी जरूरी सहायता प्रदान की जाएगी।

### रेलवे ने ओडिशा ट्रेन ...

बालासोर में हुई ट्रेन त्रासदी के लिए जवाबदेही तय करने की मांग की है। कोरोमंडल एक्सप्रेस और एसएमवीपी-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस के दो डिब्बों और ओडिशा के बालासोर जिले में बहानगा बाजार रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार शाम को एक मालगाड़ी के आपस में टकरा जाने और 21 बोगियों के पटरी से उतर जाने से कम से कम 275 लोगों की मौत हो गई, जबकि 800 से अधिक घायल हो गए।

### अमन साव गैंग के ...

वहां तक मेरी गोली जाएगी। इसका ट्रेलर मैं कोलकाता, रायपुर-कोरबा में बैठ कर झारखंड में कारोबार कर रही कंपनी के लोगों को दिखा चुका हूं। मयंक ने कहा है कि कुछ छूटभैये अपराधी, साइबर अपराधी, जनप्रतिनिधि मेरे और मेरे बॉस के नाम का इस्तेमाल कर रंगदारी वसूलते हैं। कंपनी के अधिकारियों को मेरे या बॉस से संबंध होने का दावा कर अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश करते हैं वो अपने क्रियाकलाप बंद करें वर्ना गोली खाने के लिए तैयार रहें। ऐसे सारे लोगों की सूची बनकर तैयार है।

### स्नान के बाद...

ठंडे पानी से स्नान स्नान कराया गया। इसके बाद भगवान को बुखार आ गया। 15 दिनों तक भगवान जगन्नाथ को एकांत में एक विशेष कक्ष में रखा जाता है, जहां केवल उनके वैद्य और निजी सेवक ही उनके दर्शन कर सकते हैं। भगवान जगन्नाथ के मंदिर के कपाट भी बंद रहेंगे। इसके बाद 15वें दिन मंदिर के कपाट खुलेंगे और भगवान जगन्नाथ अपने भक्तों को दर्शन देंगे। फिर जगन्नाथ रथ यात्रा का प्रारंभ होगा। रथ यात्रा के आरंभिक चरण में भगवान जगन्नाथ को स्नान कराया जाता है, उसके बाद रथ यात्रा निकाली जाती है। हर साल एक बार भगवान जगन्नाथ को स्नान कराया जाता है, जिसे स्नान यात्रा भी कहते हैं। स्नान यात्रा करने के बाद 15 दिन के लिए भगवान जगन्नाथ बीमार पड़ जाते हैं। 15 दिन के लिए मंदिर को बंद कर दिया जाता है। यहां तक भगवान जगन्नाथ की रसोई भी बंद कर दी जाती है। भगवान को 56 भोग भी नहीं खिलाया जाता।56 भोग की जगह भगवान को 15 दिनों तक काढ़ा का भोग लगाया जाता है। इस दौरान भगवान को आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों का भी भोग लगाया जाता है। इस दौरान भगवान जगन्नाथ की बीमारी की जांच करने के लिए रोजाना वैद्य भी आते हैं। भगवान को काढ़े के अलावा फलों का रस भी दिया जाता है। साथ में शीतल लेप भी रोज लगाया जाता है।

### नशा मुक्ति के लिए ...

लिए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय को बधाई देते हुए कहा कि नशीले पदार्थों के सेवन व इसके दुष्परिणामों के बारे में जागरुकता पैदा करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन सराहनीय है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा भी 5 सूत्री कार्यक्रम के तहत, जिसमें नशीले पदार्थों का उन्मूलन शामिल था, 93 दिनों तक लगातार 19 हजार किलोमीटर की 'रथ यात्रा' निकाली गई थी। राज्यपाल ने कहा कि विडम्बना है कि कुछ लोग जानकारी के अभाव में नशीली दवाओं के दुरुपयोग में संलिप्त हो जाते हैं। स्वार्थी लोगों द्वारा अपने गलत उद्देश्यों की पूर्ति के लिए मासूमों को नशीली दवा दी जाती है, ऐसे कई उदाहरण भी सामने आए हैं।

### रांची-पटना के बीच ...

से सबसे पहले इस मार्ग पर वंदे भारत एक्सप्रेस चलेगी। इसके साथ रांची पहुंचने के लिए वैकल्पिक कनेक्टिविटी मिल जाएगी, जिससे दूसरी ट्रेनें भी चलाई जा सकेंगी। मौजूदा रूट पर ट्रेनों का दबाव कम होगा। रेलवे के अनुसार, नई ट्रेनों के लिए रांची-पटना रूट तैयार है। बरकाकाना-रांची नए रूट के साथ ही जारंगडीह से पतरातू तक 85 किमी रेल मार्ग का दोहरीकरण भी पूरा हो चुका है। इससे थर्मल पावर प्लांटों को कोल परिवहन के लिए भी बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

## विदेश

# सोमालिया में युगांडा के 54 सैनिकों की हत्या



**एजेंसी। मोगादिशु**

सोमालिया में युगांडा के 54 सैनिकों की हत्या कर दी गई। युगांडा के राष्ट्रपति योवेरी मुसेवनी ने हत्या के लिए अल-शबाब आतंकी संगठन को जिम्मेदार ठहराया है। मुसेवनी ने कहा कि युगांडा की आर्मी पीपुल्स डिफेंस फोर्सेज ने साहस दिखाते हुए फिर से बेस पर कब्जा कर लिया है। अल-शबाब ने ये हमला 26 मई को सोमालिया के बुलामारेर में किया था। ये इलाका राजधानी मोगादिशु से करीब 130 किमी दूर है। वहीं अल-शबाब के मुताबिक, उसने बेस पर सुसाइड बॉम्ब के जरिए हमला किया था, जिसमें 137 सैनिकों की मौत हुई। इससे पहले पिछले हफ्ते राष्ट्रपति मुसेवनी ने हमले की जानकारी दी थी। हालांकि तब उन्होंने ये नहीं बताया था कि इसमें कितने लोगों की जान गई है। अल-शबाब कट्टर इस्लामी आतंकी संगठन है जो 2006 से सोमालिया में पश्चिम देशों की समर्थन वाली सरकार को हटाकर इस्लाम कानून स्थापित करना चाहता है। सोमालिया में अल-शबाब ने अब तक का सबसे खतरनाक हमला किया था। आतंकियों ने एक होटल के पास ट्रक में धमाका किया था। इसमें 275 लोगों की मौत हुई थी। आसपास कई सरकारी ऑफिस और रेस्टोरेंट्स थे, जो तबाह हो गए थे। 2006 में इथियोपिया की सेना ने इस संगठन को हरा दिया और अल-शबाब का जन्म हुआ। अल-शबाब यूनियन ऑफ इस्लामिक कोर्ट्स की ही एक कट्टरपंथी शाखा है। 2006 में सोमालिया में सेना से हारने के बाद, संगठन ने अपने आतंकियों को ट्रेनिंग लेने के लिए अफगानिस्तान में तालिबान के पास भेजा था। इसके आतंकियों की संख्या करीब 15 हजार है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, संगठन 10 साल से भी छोटे बच्चों को आत्मघाती हमलों की ट्रेनिंग देता है। इसके लिए अल-शबाब के कब्जे वाले इलाकों में स्कूल भी चलाया जा रहा है।

# गोलीबारी में मिस्र का पुलिसकर्मी तीन इजरायली सैनिकों की मौत



**एजेंसी। यरुशलम**

इजरायल और मिस्र के बीच की सीमा पर गोलीबारी में तीन इजरायली सैनिक और मिस्र के सुरक्षा बलों का एक सदस्य मारा गया। दोनों देशों के सैन्य बयानों में इसकी पुष्टि हुई है। इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शनिवार को एक बयान में कहा कि तीन सैनिकों को मारने वाला हमलावर मिस्र का एक पुलिसकर्मी था। उसने पहले दो सैनिकों, एक पुरुष और एक महिला को मार डाला, जो एक सीमा चौकी पर ड्यूटी पर थे और तीसरे को घंटों बाद तलाशी अभियान के दौरान में मार गिराया। बयान में कहा गया है कि एक अन्य इजरायली सैनिक मामूली रूप से घायल हो गया और मिस्र के बंदूकधारी को सैनिकों ने खत्म कर दिया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मिस्र की सेना ने कहा कि इजरायल की सीमा के पास मिस्र के सुरक्षाकर्मियों द्वारा ड्रग तस्करों का पीछा करने के दौरान शनिवार को हुई गोलीबारी में तीन इजरायली सैनिकों और मिस्र के सुरक्षा बलों के एक सदस्य की मौत हो गई। सेना के प्रवक्ता गरीब अब्देल-हाफिज ने एक बयान में कहा, मुठभेड़ में मिस्र के सुरक्षा बल का एक सदस्य मारा गया और अन्य दो इजराइली सैनिक घायल हो गए। दोनों सेनाओं ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है।

## मिशन

## 8000 मीटर ऊंचाई पर रस्सी से लटका था, छह घंटे पीठ पर लादकर बेस कैंप पहुंचाया

# एवरेस्ट के डेथ जोन में शेरपा ने पर्वतारोही को बचाया

**एजेंसी। काठमांडू**

नेपाल के एक शेरपा ने माउंट एवरेस्ट के डेथ जोन में फंसे मलेशिया के एक पर्वतारोही की जान बचाई है। 8 हजार फीट की ऊंचाई पर शेरपा ने पर्वतारोही की जान बचाई। उसे बेस कैंप ले जाने के लिए पीठ पर बांधी और 6 घंटे तक चलते रहे। नेपाल सरकार ने इस सीजन में 478 लोगों को एवरेस्ट चढ़ने के लिए मंजूरी दी है। एवरेस्ट फतह के दौरान इस साल 12 पर्वतारोही जान गंवा चुके हैं। 2021 में 409 लोगों को परमिट मिला था। 18 मई को 36 साल के गेल्जा शेरपा चीनी पर्वतारोहियों को एवरेस्ट के शिखर की ओर ले जाने के मिशन पर थे। इस दौरान उनकी नजर एक मलेशियाई पर्वतारोही पर पड़ी। जो 8 हजार मीटर की ऊंचाई पर भयानक ठंड में रस्सी से लटका हुआ था। उसे बचाने के लिए शेरपा ने मिशन बीच मे छोड़ दिया। गेल्जा शेरपा ने कहा कि मैंने क्लाइंट्स को एवरेस्ट पर ले जाने का फैसला टाल दिया ताकि मैं वहां पर फंसे हुए पर्वतारोही की जान बचा कर उसे नीचे ला सकूं। इसके बाद मैंने एक साथी शेरपा नगीमा ताशी की मदद से पर्वतारोही को स्लिपींग मैट में लपेटकर बांध दिया। इसके बाद 6 घंटे तक पीठपर लादकर और बीच-बीच में बर्फ पर घसीटकर 7,162 मीटर की ऊंचाई पर स्थित कैंप-3 तक लाया। प्रवतारोही को वहां से हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट करके बेस कैंप तक ले जाया गया। माउंट एवरेस्ट पर 8 हजार मीटर से ज्यादा ऊंचाई पर स्थित हिस्से को डेथ जोन कहा जाता है, जहां पर बचाव कार्य बेहद मुश्किल होता है। वहां पर वातावरण में ऑक्सीजन कम होती है और वहां पर ऑक्सीजन सपोर्ट के बिना जिंदा रहना काफी मुश्किल होता है। नेपाल के पर्यटन विभाग के अधिकारी बिज्ञान कोईराला का कहना है कि इतनी ऊंचाई पर किसी भी पर्वतारोही का रेस्क्यू असंभव है। यह बेहद दुर्लभ ऑपरेशन है। गेल्जा शेरपा का कहना है कि किसी की जान बचाना, मंदिर में पूजा करने से बड़ा काम है।



KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

### विदेश मंत्री ने दक्षिण अफ्रीका में प्रवासी भारतीयों से बातचीत में राहुल गांधी पर किया तंज

# राष्ट्रीय हित राजनीति से ज्यादा बड़ा है : जयशंकर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा अपनी अमेरिकी यात्रा के दौरान पीएम मोदी और भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की लगातार आलोचना के बीच, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, जब कोई देश से बाहर कदम रखता है तो राष्ट्रीय हित राजनीति से ज्यादा बड़ा हो जाता है। एस जयशंकर ने शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन में प्रवासी भारतीयों से बातचीत के दौरान राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि वह अपने बारे में बोल सकते हैं क्योंकि वह विदेश यात्रा के दौरान



राजनीति में नहीं हैं। जयशंकर ने जोर देकर कहा कि लोकतांत्रिक संस्कृति में सामूहिक जिम्मेदारी और राष्ट्रीय हित होता है, जो राजनीति से बड़ा होता है। उन्होंने कहा कि जब कोई विदेश जाता है तो इन बातों को याद रखने की जरूरत होती है। जयशंकर ने कहा कि राहुल गांधी इस समय अमेरिका की यात्रा पर हैं। वहां पर वह कई कार्यक्रमों में हिस्सा ले रहे हैं और भाषण दे रहे हैं। राहुल गांधी ने पीएम मोदी को 'स्पेसीमन' बताया और विभिन्न मोर्चों पर केंद्र सरकार की नीतियों पर भी हमला किया। राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा था कि भारत में ऐसे लोग हैं जो सोचते हैं कि वे सब कुछ जानते हैं, और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक ऐसे स्पेसीमेन हैं। भारत में लोगों का एक समूह है जो पूरी तरह से आश्वस्त है कि वे सब कुछ जानते हैं। जयशंकर ने कहा कि आज भारतीय विदेश नीति का एक हिस्सा विदेशों में भारतीय नागरिकों के कल्याण को सुरक्षित करने पर भी केंद्रित है। उन्होंने कहा कि वैश्वीकरण को ध्यान में रखते हुए, यह महत्वपूर्ण है कि ऐसी प्रणालियां स्थापित की जाएं जो कठिन परिस्थितियों में जवाब देंगी। जयशंकर ने 3 जून को अपनी दक्षिण अफ्रीका यात्रा समाप्त की और अब 6 जून तक तीन दिवसीय यात्रा पर नामीबिया में हैं।

फोटो ऑफ द डे



पुरी में रविवार को देबा स्नान पूर्णिमा के अवसर पर भव्य स्नान अनुष्ठान के लिए स्नान मंडप में भगवान जगन्नाथ मंदिर की चतुर्धा मूर्ति (भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा के साथ सुदर्शन)। *(फोटोः आईएएनएस)*

## राष्ट्रपति मुर्मू सूरीनाम व सर्बिया के दौरे पर रवाना

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार तड़के सूरीनाम और सर्बिया के दौरे पर रवाना हो गई। राष्ट्रपति मुर्मू अपनी यात्रा के पहले चरण में 4 से 6 जून तक सूरीनाम के नेताओं के साथ बातचीत करेंगी और पैरामारिबो में भारतीय प्रवासियों के विभिन्न वर्ग से मुलाकात करेंगी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कहा जा रहा है यह यात्रा भारत और सूरीनाम के बीच गहरे संबंधों को और मजबूत करेगी। राष्ट्रपति मुर्मू सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिकाप्रसाद संतोखी के निमंत्रण पर सूरीनाम गई हैं।

## खैबर पख्तूनख्वा में मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर, दो जवान भी मारे गए

**एजेंसी। खैबर पख्तूनख्वा।**

पाकिस्तान के अशांत सीमावर्ती राज्य खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू जिले में आतंकवादियों से हुई मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर हुए और दो पाकिस्तानी जवान भी मारे गए। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) की रिपोर्ट के अनुसार खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू जिले में आतंकवादियों के साथ हुई गोलीबारी के दौरान पाकिस्तानी सेना के दो जवान मारे गए। इसके अलावा जवाबी कार्रवाई में दो आतंकवादी भी ढेर हुए हैं। आईएसपीआर ने कहा कि इस गोलीबारी के दौरान गुलाम मुर्तजा और सिपाही मुहम्मद अनवर ने आतंकवादियों को डटकर सामना किया, लेकिन गोली लगने से दोनों मारे गए। रिपोर्ट के अनुसार एक दिन पहले आईएसपीआर ने कहा था कि खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में एक मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया था। उत्तरी वजीरिस्तान जिले के दोसाली इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच ये मुठभेड़ हुई थी। आईएसपीआर ने कहा कि आतंकवादियों की गोलीबारी का सुरक्षा बलों ने प्रभावी ढंग से जवाब दिया, जिसके परिणामस्वरूप दो आतंकवादी मारे गए।

## दर्दनाक : 3 बेटियों व एक बेटे को मार कर फंदे पर लटकी मां, पांचों की मौत

### हत्या और सुसाइड करने वाली महिला थी गर्भवती

**एजेंसी। बाड़मेर**

राजस्थान के बाड़मेर जिले के मंडली थाने के बानियावास गांव में एक महिला ने अपने चार बच्चों की हत्या कर खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला ने पहले चारों बच्चों को अनाज के ड्रम में बंद कर उनकी जान ले ली। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और पांचों शवों को हॉस्पिटल पहुंचाया। हत्या और सुसाइड करने वाली महिला गर्भवती थी। पुलिस के अनुसार मंडली थाने के बानियावास गांव की रहने वाली उर्मिला (27) ने शनिवार को अपने चार बच्चों भावना (8), विक्रम (5), विमला (3) और मनीषा (2) को अनाज के ड्रम में डाल कर बाहर से ढक्कन बंद कर दिया। इसके बाद खुद घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के दौरान उसका पति जेठाराम मजदूरी के लिए बालेसर (जोधपुर) गया हुआ था। जब शाम के समय बच्चे व महिला नहीं दिखी तो पास में रह रहे रिश्तेदारों ने जाकर देखा। महिला फांसी के फंदे से झूल रही थी। जब बच्चों को इधर-उधर देखा तो बच्चे ड्रम के अंदर बंद थे। तब रिश्तेदारों व ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मंडली थानाधिकारी कमलेश के मुताबिक प्रारंभिक जांच में मां का बच्चों की हत्या कर आत्महत्या करने की बात सामने आ रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पति-पत्नी के बीच कुछ समय से अनबन चल रही थी। अब तक की जांच में बच्चों की मौत दम घुटने से हुई है।

## छग : नक्सलियों के थिंक टैंक आनंद की हार्ट अटैक से मौत

**एजेंसी। रायपुर**

नक्सलियों के थिंक टैंक और लगभग डेढ़ करोड़ के इनामी नक्सली आनंद उर्फ कटकम सुदर्शन की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। यह जानकारी नक्सलियों की केंद्रीय कमेटी की ओर से दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार, नक्सली आनंद उर्फ कटकम सुदर्शन पर डेढ़ करोड़ से ज्यादा का इनाम था और वह पिछले काफी समय से कई बीमारियों से ग्रसित था। उसे बेहतर उपचार नहीं मिला जिसके चलते उसकी मौत हो गई



और नक्सली संगठन के सदस्यों ने दंडकारण्य के जंगल में आनंद का अंतिम संस्कार भी कर दिया। नक्सली संगठन की केंद्रीय कमेटी के प्रवक्ता अभय की ओर से जारी किए गए एक बयान में नक्सली आनंद की मौत की पुष्टि की गई है।

## गुजरात : बोरवेल में गिरी ढाई साल की बच्ची की मौत

### आर्मी और एनडीआरएफ की मौजूदगी में 21 घंटे चला रेस्क्यू ऑपरेशन

**एजेंसी। जामनगर/अहमदाबाद**

गुजरात के जामनगर जिले के ग्राम तमाचण में शनिवार सुबह बोरवेल में गिरी ढाई साल की बच्ची की मौत हो गई। बच्ची को करीब 21 घंटे बाद रविवार सुबह बोरवेल से निकाला जा सका। इसके बाद उसे जामनगर के जीजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्राम तमाचण के खेत मालिक गोविंदभाई ने बताया कि खेत में बोरवेल खुला नहीं था। इस पर एक पत्थर रखा था, जिसे वहां खेल रहे 5-6 बच्चों ने हटा दिया था। चीफ फायर ऑफिसर केके बिश्नोई ने बताया कि घटना की जानकारी के बाद जामनगर नगर निगम की फायर टीम और कालवड की फायर टीम सुबह 11.30 बजे से राहत एवं बचाव कार्य में जुट गई थी। इसके बाद आर्मी और एनडीआरएफ की टीम भी बचाव कार्य में जुट गई थीं। एक निजी पार्टी का रोबोट भी लाया गया था। पूरी रात ऑपरेशन चलाया गया। बच्ची करीब 35 फुट अंदर थी। इसके बाद इसे बाहर निकाला गया। ऊपर आने के दौरान वह 5 फुट की दूरी पर फंस गई। इसके बाद बगल में खुदाई कर उसे बाहर निकाला गया।

## तीन साल बाद महबूबा मुफ्ती को मिला पासपोर्ट



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती को तीन साल बाद पासपोर्ट जारी किया गया। महबूबा ने संवाददाताओं से पुष्टि की कि उन्हें पासपोर्ट अधिकारी से पासपोर्ट मिल गया है। दिल्ली हाई कोर्ट ने मार्च में पासपोर्ट अधिकारियों को महबूबा को पासपोर्ट पर फैसला करने के लिए तीन महीने का समय दिया था। जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा मार्च 2021 में एक 'प्रतिकूल रिपोर्ट' का हवाला देने के बाद महबूबा को पासपोर्ट से वंचित कर दिया गया था।

## मणिपुर हिंसा : गृह मंत्रालय ने 3 सदस्यीय न्यायिक आयोग बनाया

### अमित शाह ने की मणिपुर के लोगों से नाकेबंदी हटाने की अपील की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

गृह मंत्रालय ने मणिपुर हिंसा की जांच के लिए 3 सदस्यीय न्यायिक आयोग नियुक्त किया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को मणिपुर के लोगों से इंफाल-दीमापुर, एनएच-2 राजमार्ग से नाकेबंदी हटाने की अपील की है, ताकि लोगों तक जरूरी सामान पहुंचाया जा सके। गृह मंत्रालय ने रविवार को मणिपुर में जातीय संघर्ष की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच आयोग बना दिया। मंत्रालय की ओर से इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की गई है। आयोग की अध्यक्षता गौहाटी उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश अजय लांबा करेंगे। सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी हिमांशु शेखर दास और सेवानिवृत्त आईपीएस आलोक प्रभाकर आयोग के सदस्य होंगे। अमित शाह ने ट्वीट किया, मणिपुर के लोगों से मेरी विनम्र अपील है कि इंफाल-दीमापुर, एनएच-2 राजमार्ग पर लगे अवरोधों को हटा लें, ताकि भोजन, दवाइयां, पेट्रोल/डीजल और अन्य आवश्यक वस्तुएं लोगों तक पहुंच सकें। शाह ने नागरिक समाज संगठन से आम सहमति बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने का भी अनुरोध किया।

FILMY हलचल

## उर्वशी रौतेला ने साइन की परवीन बाबी की बायोपिक, मुख्य भूमिका निभाएंगी

**उर्वशी** रौतेला ने गुजरे जमाने की अदाकारा और पॉप कल्चर आइकॉन परवीन बाबी की बायोपिक साइन की है। रविवार को रौतेला ने इसकी पुष्टि करते हुए इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया। उन्होंने धीरज मिश्रा की लिखी आगामी फिल्म की अधिकृत कहानी का स्क्रीनशॉट साझा किया। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर जानकारी दी कि फिल्म का निर्देशन वसीम एस खान करेंगे और वह मुख्य भूमिका निभाएंगी। अपनी पोस्ट में अभिनेत्री रौतेला ने बताया कि यह फिल्म न केवल परवीन बाबी के फिल्मी करियर के, बल्कि उनकी पर्नसल लाइफ के बारे में भी बताएगी। साथ ही उनके सुनहरे पलों को पर्दे पर पेश करेगी। पोस्ट के कैप्शन में अभिनेत्री रौतेला लिखा, बॉलीवुड असफल रहा लेकिन मैं आपको गर्व महसूस करवाऊंगी परवीन बाबी। ऊं नमः शिवाय। वाकई ये नया सफर जादुई है।



## विख्यात रंगकर्मी आमिर रजा हुसैन का 66 वर्ष की आयु में निधन




**'बाहुबली'**, 'आरआरआर' और अब आने वाली 'आदिपुरुष' जैसी बड़े पर्दे की फिल्मों से बहुत पहले आमिर रजा हुसैन की रचनात्मक शक्ति ने भारत को 'द फिफ्टी डे वॉर' के जरिए एक मेगा नाट्य निर्माण का अनुभव कराया, जिसे वर्ष 2000 तक किसी भी पैमाने या दृष्टि से दोहराया नहीं गया। शनिवार को 66 वर्षीय हुसैन का निधन हो गया, जो अपने पीछे यादगार मंच प्रस्तुतियों की विरासत छोड़ गए। उनके परिवार में उनकी पत्नी और उनकी रचनात्मक साथी विराट तलवार हैं, जिनसे वह तब मिले थे, जब वह लेडी श्रीराम कॉलेज की छात्रा थीं और एक नाटक ('डेंजरस लाइजन') के लिए ऑडिशन देने आई थीं। उनके दो बेटे हैं। उन्होंने 'द फिफ्टी डे वॉर' के माध्यम से कारगिल की कहानी उस पैमाने पर सुनाई।

## विमर्श दुनिया भर की शीर्ष खुफिया एजेंसियों के प्रमुखों की सिंगापुर में हुई गोपनीय बैठक

# 49 देशों के 600 से अधिक प्रतिनिधियों ने लिया भाग

**एजेंसी। सिंगापुर।**

सिंगापुर में दुनिया भर की शीर्ष खुफिया एजेंसियों की शांगरी-ला डायलॉग सुरक्षा बैठक हुई, जिसमें लगभग दो दर्जन वरिष्ठ अधिकारियों ने एक गुप्त बैठक की। इसमें भारत की तरफ से रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के प्रमुख सामंत गोयल ने भी इस बैठक में भाग लिया। रिपोर्ट के अनुसार कहा कि इस तरह की बैठकें सिंगापुर सरकार की ओर से कई वर्षों से सुरक्षा शिखर सम्मेलन के साथ एक अलग स्थान पर आयोजित की जाती रही हैं। साथ ही इन बैठकों की सूचना पहले नहीं दी जाती है। अमेरिका का प्रतिनिधित्व उसके देश के खुफिया समुदाय के प्रमुख, नेशनल इंटेलिजेंस के निदेशक एवरिल




हाइन्स ने किया। एक भारतीय सूत्र ने कहा कि भारत की विदेशी खुफिया जानकारी एकत्र करने वाली एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग के प्रमुख सामंत गोयल ने भी इस बैठक में भाग लिया। बैठक से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि यह बैठक अंतरराष्ट्रीय शैडो एजेंडा पर थी। इसमें शामिल देशों की श्रेणी को देखते हुए यह ट्रेडक्राफ्ट का त्योहार नहीं है, बल्कि इरादों और गहरी समझ को बढ़ावा देने का एक तरीका है। खुफिया सेवाओं के बीच एक अनकहा कोड है कि जब अधिक औपचारिक और खुली कूटनीति कठिन होती है, तो वे गुप्त तरीके से बात कर सकते हैं, इसलिए सिंगापुर में यह बैठक आयोजित की जाती है। मामले की संवेदनशीलता के कारण बैठकों पर चर्चा करने वाले सभी पांच स्रोतों की पहचान करने से मना कर दिया गया। इसमें शामिल होने वाले लोगों के लिए यह बैठक लाभकारी साबित होती है।

### कभी-कभी होती हैं खुफिया एजेंसियों की बैठकें

सिंगापुर में अमेरिकी दूतावास ने कहा कि उसे बैठक के बारे में कोई जानकारी नहीं है। चीनी और भारतीय सरकारों ने टिप्पणी के अनुरोधों का तुरंत जवाब नहीं दिया। संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड खुफिया जानकारी इकट्ठा करने और साझा करने के लिए फाइव आईज नेटवर्क को संचालित करते हैं। सूत्रों में से एक ने कहा कि कोई रूसी प्रतिनिधि मौजूद नहीं था। यूक्रेन के उप रक्षा मंत्री, वलोडिम्र वी. हैवरीलोव शांगरी-ला इस वार्ता में थे, लेकिन उन्होंने कहा कि वह खुफिया बैठक में शामिल नहीं हुए। शांगरी-ला डायलॉग सुरक्षा की बैठक में 49 देशों के 600 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। उन्होंने द्विपक्षीय और बहुपक्षीय बैठकें कीं। ऑस्ट्रेलियाई प्रधान मंत्री एंथनी अल्बनीस ने मुख्य भाषण दिया, जबकि अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन, चीनी रक्षा मंत्री ली शांगफू और ब्रिटेन के प्रतिनिधि भी शामिल हुए थे। जापान, कनाडा, इंडोनेशिया और दक्षिण कोरिया भी इसमें शामिल थे।

## जब मीरा शादी के बाद घर आई तो सिर्फ 'दो चम्मच, एक प्लेट' थी : शाहिद कपूर

**बॉलीवुड** एक्टर शाहिद कपूर, जो अपनी अपकमिंग फिल्म 'ब्लडी डैडी' की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं, ने खुलासा किया है कि 2015 में जब शादी के बंधन में बंधने के बाद मीरा राजपूत उनके घर आई तो उनके घर में केवल दो चम्मच और एक प्लेट थी। उन्होंने साझा किया कि वह और मीरा दोनों अपने घर का इंटीरियर तय करते हैं। एक्टर ने इंस्टैंट बॉलीवुड को बताया, जब हमारी शादी हुई, तब मैं एक घर में शिफ्ट हुआ ही था कि मीरा उस घर में आ गई और उन्होंने इसकी बहुत शिकायत की। उन्होंने कहा कि तुम्हारे पास इस घर में केवल दो चम्मच और एक थाली है। कैसे रहते हो? मैंने कहा 'मैं अकेला रहता हूं, तुम मुझे कैसे देखना चाहती हो'? उन्होंने आगे कहा- उन्होंने कहा कि हमारे पास एक सेट तक नहीं है। अगर मेहमान आ गए तो क्या? उन्हें किसमें खाना परोसोगे? मैंने कहा 'मुझे नहीं पता, हम ऑर्डर करते हैं।' अब जबकि हमारे पास एक नया घर है, हम इसे वैसा ही बना सकते हैं जैसा वह चाहती थी और वह खुश है। शाहिद और मीरा की शादी को इस साल जुलाई में 8 साल पूरे हो जाएंगे।

